

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



**03** महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देने की घोषणा ...

ट्रम्प ने काश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने ... **12**



वर्ष : 15 | अंक : 237 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## राहुल गांधी हाथरस रेप पीड़िता के परिवार से लगातार संपर्क में थे : चंद्रगुप्त विक्रमादित्य

**प्रात : किरण/ एजेंसी**

हाथरस। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के हाथरस में रेप पीड़िता के परिवार से गुरुवार को मुलाकात करेंगे। राहुल के साथ कांग्रेस सांसद और उनकी बहन प्रियंका गांधी भी रहेंगी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ऐसे नेता हैं जो देश के हर नागरिक से संपर्क में रहते हैं। जब भी देश में कहीं कोई घटना होती है तो राहुल गांधी सबसे पहले खड़े होते हैं। जो काम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को करना चाहिए। वह काम राहुल गांधी कर रहे हैं। वह तो इस परिवार से लगातार संपर्क में थे। राहुल गांधी ने गुरुवार को बताया कि वह हाथरस रेप पीड़िता के परिवार से मिलेंगे। इसे लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर रेप पीड़िता के घर पर सुरक्षाबलों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, राहुल गांधी के आगमन को लेकर रेप पीड़िता के पिता ने कहा है कि राहुल गांधी आ रहे हैं तो सभी देखेंगे। हम उनके





सामने अपनी समस्या रखेंगे। परिवार का आरोप है कि सरकार द्वारा की गई घोषणा का लाभ नहीं मिला है। सरकारी आवास और सरकारी नौकरी नहीं मिली है। इस मामले में अदालत ने 4 आरोपियों में से 3 को बरी कर दिया था। एक आरोपी संदीप को आजीवन कारावास तथा 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई थी। कोर्ट के इस फैसले से रेप पीड़िता का परिवार संतुष्ट नहीं है। परिवार का कहना है कि वह इस फैसले को लेकर हाईकोर्ट में अपील करेंगे। इसमें कहीं ना कहीं कुछ ना कुछ हुआ है। परिवार का कहना है कि चारों आरोपियों को जब सजा मिलेगी वह तब संतुष्ट होंगे। इसके बाद ही मृतक की अस्थियों का विसर्जन करेंगे। बता दें कि 14 सितंबर 2020 को हाथरस के गांव में एक दलित युवती के साथ दरिंदगी हुई थी और उसे जान से मारने की कोशिश हुई थी। इलाज के दौरान युवती ने 29 सितंबर 2020 को अपना दम तोड़ दिया था। इस मामले में चारों आरोपियों को जेल भेजा गया था।

### मौसम

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 81,500 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## ‘एक देश, एक चुनाव’ का रास्ता साफ! मोदी कैबिनेट ने दी बिल को मंजूरी



नई दिल्ली , एजेंसी। देश में लोकसभा और विधानसभा चुनावों समेत सभी चुनावों को एक साथ करवाने का रास्ता अब साफ हो गया है। मोदी कैबिनेट ने एक राष्ट्र एक चुनाव बिल को आज मंजूरी दे दी है। सरकार इस बिल को अगले हफ्ते संसद में पेश कर सकती है। इससे पहले कैबिनेट ने राम नाथ कोविंद समिति द्वारा इस पर बनाई गई रिपोर्ट को मंजूरी दी थी।

### अगले हफ्ते पेश हो सकता है बिल?

मोदी सरकार अगले हफ्ते इस बिल को संसद में पेश कर सकती है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, मोदी कैबिनेट ने बिल को मंजूरी दे दी है और वो बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है।

- **बिल को अगले हफ्ते संसद में पेश कर सकती है सरकार।**
- **बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है सरकार।**

बिल पर व्यापक चर्चा के लिए सरकार इसे संयुक्त संसदीय समिति या जेपीसी के पास भेज सकती है।

- बिल का उद्देश्य 100 दिनों के भीतर शहरी निकाय और पंचायत चुनावों के साथ-साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराना है।
- क्या है एक राष्ट्र एक चुनाव के लाभ ?
- सरकार का कहना है कि एक साथ चुनाव कराने से धन और समय की बचत होगी।
- प्रशासनिक व्यवस्था ठीक रहने के साथ सुरक्षा बलों भी तनाव नहीं होगा।
- चुनाव प्रचार में ज्यादा समय मिलने के साथ विकास कार्यों भी ज्यादा हो सकेंगे।
- वहीं, चुनावी ड्यूटी के चलते सरकारी कार्यों में भी दिक्कतें आती हैं।
- कोविंद ने कहा आम सहमति बननी चाहिए

इससे पहले भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा था कि केंद्र सरकार को एक राष्ट्र, एक चुनाव पहल पर आम सहमति बनानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह मुद्दा राजनीतिक हितों से परे है और पूरे देश की सेवा करता है।

इस मुद्दे पर समिति की अध्यक्षता करने वाले कोविंद ने मीडिया से बात करते हुए कहा, केंद्र सरकार को आम सहमति बनानी होगी। यह मुद्दा किसी पार्टी के हित में नहीं बल्कि पूरे देश के हित में है। यह एक बड़ा बदलाव लाएगा, यह मेरी राय नहीं बल्कि अर्थशास्त्रियों की राय है, जो मानते हैं कि इसके लागू होने के बाद देश की जीडीपी में 1 से लेकर 1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट में इन सिफारिशों को रेखांकित किया गया था। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस निर्णय की प्रशंसा करते हुए इसे भारत के लोकतंत्र को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया था।

## राष्ट्रपति ने नेपाल के सेनाध्यक्ष को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक से सम्मानित किया

**प्रात : किरण संवाददाता**



नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को नेपाल के सेनाध्यक्ष सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष अलंकरण समारोह में नेपाली सेना के प्रमुख सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगदेल को उनकी सराहनीय सैन्य शक्ति और भारत के साथ नेपाल के दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और बढ़ावा देने में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। नेपाल के सेनाध्यक्ष सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल 11 से 14 दिसंबर तक भारत की यात्रा पर हैं। जनरल अशोक राज सिगडेल की यात्रा का उद्देश्य भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग सुदृढ़ करना और दोनों देशों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान करना है।

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात



नई दिल्ली, एजेंसी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनके मार्गदर्शन में राज्य को विकास के अगले स्तर पर ले जाने की प्रतिबद्धता जताई। फडणवीस ने पांच दिसंबर को मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री से मुलाकात की है। फडणवीस ने एक्स एक पोस्ट में कहा, पिछले 10 वर्षों में, आपके समर्थन से महाराष्ट्र लगभग हर क्षेत्र में नंबर एक है और अब आपके नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकास की इस यात्रा को अगले स्तर पर ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि वह मोदी के बहुमूल्य समय, मार्गदर्शन, आशीर्वाद और महाराष्ट्र के साथ मजबूती से खड़े होने के लिए उनके अत्यंत आभारी हैं। उन्होंने कहा, आप हम जैसे करोड़ों भाजपा कार्यकताओं के लिए हमेशा प्रेरणा रहे हैं कि वे और अधिक मेहनत करें। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली महायुति ने पिछले महीने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की थी। भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन ने 230 सीटें जीती जबकि गठबंधन में शामिल छोटे दलों ने पांच सीटें जीती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ह्यजल जीवन मिशनह्न ने ग्रामीण महिलाओं को बनाया सशक्त : पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जल जीवन मिशन को ग्रामीण भारत के लिए वरदान बताया। उन्होंने कहा, ये मिशन ग्रामीण महिलाओं को सशक्त करने में अहम भूमिका निभा रहा है। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर कहा, अपने दरवाजे पर स्वच्छ पानी के साथ, महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं। हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक ने एक रिपोर्ट में बताया कि जल जीवन मिशन का ग्रामीण भारत की महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इस मिशन के तहत, अब अधिक घरों में नल के पानी की सुविधा उपलब्ध है, जिससे ग्रामीण महिलाओं को पानी लाने में लगने वाला समय बचा है और इसके परिणामस्वरूप उनकी कृषि और अन्य कार्यों में भागीदारी बढ़ी है।

### भारत की न्यूक्लियर पावर जनरेशन कैपेसिटी पिछले 10 वर्षों में हुई दोगुनी : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली। संसद को दी गई जानकारी के अनुसार, भारत की न्यूक्लियर पावर जनरेशन कैपेसिटी पिछले 10 वर्षों में लगभग दोगुनी हो गई है। यह कैपेसिटी 2014 में 4,780 मेगावाट थी, जो कि 2024 में 8,180 मेगावाट हो गईहै केंद्रीय परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), जितेंद्र सिंह ने भारत के एटॉमिक एनर्जी कार्यक्रम की महत्वपूर्ण प्रगति और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए, लोकसभा में जानकारी दी कि 2031-32 तक यह कैपेसिटी तीन गुना बढ़कर 22,480 मेगावाट हो जाने का अनुमान है। उन्होंने प्रमुख विकासों पर विस्तार से बताया और न्यूक्लियर पावर जनरेशन में अधिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की। केंद्रीय मंत्री ने भारत के पावर डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेमवर्क के संशोधन पर जोर दिया, जिसने एटॉमिक प्लांट से बिजली में गृह राज्य की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है।

### आतंकी फंडिंग मामले में जम्मू-कश्मीर के चार जिलों में एनआईए की छापेमारी

जम्मू। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) गुरुवार को आतंकी फंडिंग मामले में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की टीम प्रदेश के बारामूला, रियासी, बडगाम और अनंतनाग जिलों में छापेमारी कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, आतंकी फंडिंग की जांच के तहत केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर समेत चार राज्यों में 19 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

## सड़क हादसों के ‘गंदे रिकॉर्ड’ के कारण विश्व सम्मेलनों में अपना मुंह छिपाता हूं: गडकरी



नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भारत का रिकॉर्ड इतना गंदा है कि उन्हें विश्व सम्मेलनों में मुंह छिपाना पड़ता है। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि उनके मंत्रालय के तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसों में कमी नहीं आई, बल्कि इसमें वृद्धि हो गई। गडकरी ने कहा, जब तक समाज का सहयोग नहीं मिलेगा, मानवीय व्यवहार नहीं बदलेगा और कानून का डर नहीं होगा, तब तक सड़क हादसों पर अंकुश नहीं लगेगा। उनके अनुसार, देश में सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है और हर साल 1.7 लाख से अधिक लोगों की मौत ऐसी दुर्घटनाओं में हो जाती है। गडकरी ने कहा, इतने लोग न लड़ाई में मरते हैं, न कोविड में मरते हैं और न ही दंगे में मरते हैं। उन्होंने कहा, मैं विश्व सम्मेलनों में जाता हूं तो मुंह छिपाता हूं। (दुर्घटनाओं का) सबसे गंदा रिकॉर्ड हमारा है। उन्होंने सांसदों से कहा कि वे सड़क हादसों को रोकने के लिए अपने स्तर पर प्रयास करें और परिवहन विभाग के सहयोग से स्कूलों आदि में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करें। गडकरी के मुताबिक, नीति आयोग की रिपोर्ट है कि सड़क हादसों के शिकार 30 प्रतिशत लोगों की मौत जीवन रक्षक उपचार नहीं मिल पाने के कारण होती है।

## बनर्जी की टिप्पणी का प्रकरण दुर्भाग्यपूर्ण, व्यक्तिगत टिप्पणियां नहीं करें सदस्य: बिरला



नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा ज्योतिरादित्य सिंधिया पर की गई विवादित टिप्पणी को बृहस्पतिवार को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और सदस्यों से कहा कि वे अपने भाषणों में व्यक्तिगत टिप्पणियां करने से बचें। उन्होंने पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर बुधवार के प्रकरण का उल्लेख किया और कहा कि यह सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं है। बिरला ने कहा, सदन में कल जो कुछ हुआ, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी सदस्य को महिलाओं पर विशेष टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। यह सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं है। सदस्यों से अनुरोध है कि उन्हें अपने भाषण में किसी जाति, समाज, महिला, पुरुष पर व्यक्तिगत टिप्पणियों से बचना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यहां सहमति, असहमति और सकारात्मक रूप से व्यंग्य हुए हैं, लेकिन ऐसी टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए जो सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं हो। उन्होंने सदन को बताया, सदस्य (बनर्जी) ने सदन में क्षमा मांग ली है और लिखित में मुझे दे दिया है। लोकसभा में बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के सांसद बनर्जी की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर की गई टिप्पणी पर सत्ता पक्ष के सदस्यों के शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार बाधित होने के बाद तीसरी बार दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी थी।

## दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिलने अचानक हाथरस पहुंचे राहुल गांधी



हाथरस, एजेंसी। सांसद राहुल गांधी यूपी के हाथरस पहुंचे। राहुल के अचानक हाथरस पहुंचने की खबर से हाथरस का मूलगादी गांव और चंद्रपा थाना चर्चा में आ गया, जहां चार साल पहले एक दलित बेटी की मौत ने प्रदेश और देश में सियासी तूफान खड़ा कर दिया था। इससे पहले प्रियंका गांधी के साथ 24 नवंबर को संभल हिंसा में मारे गए पांच नौजवानों के परिवारों से राहुल गांधी ने मुलाकात की थी। यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने राहुल गांधी के हाथरस दौरे पर कहा कि राहुल गांधी हताश हैं, उन्हें यह भी नहीं पता कि हाथरस मामले की सीबीआई जांच हो चुकी है और मामला कोर्ट में है। कभी उन्हें संभल जाना है, कभी अलीगढ़ जाना है। यूपी इंफ्रास्ट्रक्चर, कानून-व्यवस्था के मामले में सबसे बेहतर राज्य बनने की ओर अग्रसर है।


### राहुल गांधी हाथरस रेप पीड़िता के परिवार से लगातार संपर्क में थे : चंद्रगुप्त विक्रमादित्य

हाथरस। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के हाथरस में रेप पीड़िता के परिवार से गुरुवार को मुलाकात करेंगे। राहुल के साथ कांग्रेस सांसद और उनकी बहन प्रियंका गांधी भी रहेंगी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ऐसे नेता हैं जो देश के हर नागरिक से संपर्क में रहते हैं। जब भी देश में कहीं कोई घटना होती है तो राहुल गांधी सबसे पहले खड़े होते हैं। जो काम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को करना चाहिए। वह काम राहुल गांधी कर रहे हैं। वह तो इस परिवार से लगातार संपर्क में थे। राहुल गांधी ने गुरुवार को बताया कि वह हाथरस रेप पीड़िता के परिवार से मिलेंगे। इसे लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर रेप पीड़िता के घर पर सुरक्षाबलों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, राहुल गांधी के आगमन को लेकर रेप पीड़िता के पिता ने कहा है कि राहुल गांधी आ रहे हैं तो सभी देखेंगे। हम उनके सामने अपनी समस्या रखेंगे।


## गिरिराज सिंह ने संसद परिसर में लहराया सोनिया गांधी और सोरोस का पोस्टर, पूछा- रिश्ता क्या कहलाता है?

**प्रात : किरण**




नईदिल्ली, एजेंसी। संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। इस सत्र की शुरूआत से सदन में सोरोस समेत कई मुद्दों को लेकर हंगामे का दौर देखने को मिल रहा है। भाजपा ने गुरुवार को सोरोस मुद्दे को लेकर संसद में प्रोटेस्ट शुरू किया है। भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने संसद परिसर में सोनिया गांधी और सोरेस का पोस्टर लहराया है। जिस पर लिखा है सोरेस से रिश्ता क्या है सोनिया गांधी जवाब दें। दूसरे पोस्टर पर लिखा है रिश्ता क्या कहलाता है ? इस दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पत्रकारों से बातचीत की। एक सवाल के जवाब में भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी जवाब दें जॉर्ज सोरोस से क्या संबंध है ? जॉर्ज सोरोस वो ही है, जो भारत को तोड़ने के लिए देश के खिलाफ बिलियन के बिलियन डॉलर खर्च कर रहा है। इसलिए सोनिया गांधी जवाब दें। भाजपा ने बीते सोमवार को राहुल गांधी पर भारत को कथित तौर पर अस्थिर करने के लिए जॉर्ज सोरोस जैसी अंतरराष्ट्रीय ताकतों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया था।

**बातचीत** — नड्डा ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि सदन में लोकतंत्र की मयार्दा का सवाल उठाने वाली कांग्रेस ने समय-समय पर प्रजातांत्रिक प्रणालियों को ताक पर रखा है

## सोरोस और सोनिया के मुद्दे से ध्यान भटकाना चाहती है कांग्रेस: नड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। राज्यसभा में सदन के नेता और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अमेरिका के विवादास्पद निवेशक जॉर्ज सोरेस और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के संबंधों के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद श्री नड्डा ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि सदन में लोकतंत्र की मयार्दा का सवाल उठाने वाली कांग्रेस ने समय-समय पर प्रजातांत्रिक प्रणालियों को ताक पर रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मुंह से संसदीय प्रणालियों की चर्चा करना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि संसदीय प्रणालियों



की बात करने वाली कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता संसद भवन परिसर में राज्यसभा के सभापति की मिमिक्री की घटना की वीडियोग्राफी करते हैं और अन्य सदस्यों को इसके लिए उकसाते हैं। उन्होंने कहा, मुझे तो ऐसा लगा जैसे मुझे कॉलेज के दिन याद आए। जब कॉलेज में यूनिवर्सिटी के बाहर कॉलेज के लड़के जैसे करते हैं उसी तरीके की हरकत संसद के परिसर में नेता विपक्ष करते हैं और श्रीमती सोनिया गांधी जी एक शब्द नहीं बोलती । उन्होंने कहा कि इससे संसदीय परंपराओं की मयार्दा गिरती है और संसदीय परंपराओं को चोट लगती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य श्रीमती गांधी और जॉर्ज सोरस के संबंधों के मुद्दे से ध्यान भटकाना है। उन्होंने कहा कि सब यह जानना चाहते हैं कि श्रीमती गांधी का ऐसे व्यक्ति से क्या संबंध है जो व्यक्ति हमारे देश को अस्थिर करना चाहता है और मुसीबत में डालना चाहता है। वह व्यक्ति भारत की संप्रभुता पर प्रश्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन इसकी कड़ी निंदा करता है और हम इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएंगे। संसद में उत्पन्न गतिरोध को दूर किए जाने से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की बुद्धिमत्ता पर निर्भर करता है कि वह किस तरह का कदम उठाती है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### बाइक-टैक्सी संचालन की अनुमति के लिए सीएम धामी को भेजा ज्ञापन

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड के स्थायी निवासियों को स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत से मिलकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में नैनीताल शहर में बाइक टैक्सी चलाने की अनुमति जारी रखने की मांग की गई है।



ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश सरकार की टैक्सी-बाइक योजना के तहत ही स्थानीय युवा बाइक-टैक्सी लेकर स्वरोजगार करते हुए अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। योजना के माध्यम से प्रदेश के स्थायी निवासियों को स्वरोजगार अपनाने में मदद मिल रही है। साथ ही पर्यटकों को सुविधा मिल रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में मंडी समिति के सलाहकार मनोज जोशी, अधिवक्ता नितिन कार्की, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास जोशी, संजय सिरोही, ललित मोहन, नितिन जाटव आदि उपस्थित थे।

कई स्थानीय बाइक-टैक्सी संचालकों ने बताया कि इस व्यवसाय में भी बाहरी लोगों का बर्चस्व हो गया है। इनमें से कई लोग एक-एक दर्जन तक बाइक टैक्सी लेकर बाहरी एवं स्थानीय युवाओं से चलवा रहे हैं। इससे स्थानीय युवाओं के हित भी प्रभावित हो रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व ही नगर में गिनती की बाइक टैक्सी होती थी, लेकिन वर्तमान मे और नगर में बाइक-टैक्सियों की संख्या 500 से अधिक हो गयी है। बाइक टैक्सी संचालक यात्रियों से मनमानी भी करते हैं। उन पर कसे जा रहे अंकुश को इन कारणों से जोड़कर भी देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड उच्च न्यायालय के निर्देशों पर प्रशासन वर्ष 2017 के बाद पंजीकृत बाइक-टैक्सियों को हटाने जा रहा है।

### ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के कार्यो को तेजी से पूर्ण करें

**गोपेश्वर, एजेंसी।** जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने बुधवार को नाबार्ड की ओर से वित्त पोषित ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के अंतर्गत संचालित कार्यो की प्रगति समीक्षा की। इस दौरान ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के विभागों निर्देश दिये।



इस दौरान उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यो को तेजी से पूर्ण किया जाए और जो कार्य पूर्ण हो गए है, उसकी रिपोर्ट नाबार्ड को उपलब्ध करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं में अगली किस्त की धनराशि नाबार्ड से अवमुक्त की जानी शेष है। उसके लिए भी नाबार्ड के अधिकारियों से संपर्क किया जाए।

डीडीएम नाबार्ड ने बताया कि चमोली जनपद में पेयजल, सिंचाई, सड़क, शिक्षा, कृषि, उद्यान, पशुपालन आदि विभागों के माध्यम से 176.65 करोड़ की लागत से 90 परियोजनाओं के कार्य स्वीकृत है। जिसमें से विभागों ने अधिकांश कार्य पूर्ण कर लिए है, लेकिन कतिपय कार्य पूर्ण होने की रिपोर्ट अभी तक नाबार्ड को नहीं दी गई है।

इस दौरान विभिन्न विभागों के अंतर्गत नाबार्ड की ओर से वित्त पोषित सभी परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, सहायक परियोजना अधिकारी केके पंत, मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान, सहायक अभियंता एलपी भट्ट, डीडीएम नाबार्ड श्रयांश जोशी, एलडीएम डीएस गर्ब्याल आदि मौजूद थे।

# घर का सपना होगा पूरा : अब पांच लाख वार्षिक आय वालों को भी मिलेंगे सस्ते आवास

**देहरादून, एजेंसी।** गरीबों के साथ मध्यम आय वर्ग को भी किफायती दरों पर सरकार आवास देगी। मेडिकल कॉलेजों में भी 20 रुपये में बनेगी ओपीडी की पर्ची और यूजर चार्ज की समान दरें लागू होंगी।



राज्य में अब गरीबों के साथ कम और कम मध्यम आय वर्ग के लोगों के घर का सपना सरकार पूरा करेगी। इसके लिए बुधवार को धामी कैबिनेट ने राज्य की नई आवास नीति को मंजूरी दे दी। वहीं, अब सभी मेडिकल कॉलेजों के अस्पतालों में भी इलाज के लिए 20 रुपये में ओपीडी की पर्ची बनेगी। कैबिनेट ने यूजर चार्ज की समान दरें लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सरकार की कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में 22 प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट में मंजूर उत्तराखंड आवास नीति नियमावली-2024 के तहत आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) लाभार्थियों की पात्रता के लिए सालाना आय की सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। नीति में निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और निम्न मध्यम आय वर्ग (एलएमआईजी) के लिए भी सरकार ने सस्ते आवास बनाने का निर्णय लिया है। एलआईजी के लाभार्थी के लिए वार्षिक आय पांच से नौ लाख रुपये और एलएमआईजी के लिए वार्षिक आय नौ से 12 लाख रुपये होनी चाहिए।

ईडब्ल्यूएस लाभार्थियों के आवास का दाम नौ लाख रुपये, एलआईजी के लिए दाम 15 लाख और एलएमआईजी वर्ग के लिए दाम 24 लाख रुपये होंगे। ईडब्ल्यूएस आवास की बुकिंग 1000 रुपये, एलआईजी की बुकिंग 2000 रुपये और एलएमआईजी की बुकिंग 5000 रुपये में की जा सकेगी। पर्वतीय क्षेत्रों में 350 करोड़ और मैदानी क्षेत्रों में 700 करोड़ से अधिक निवेश वाली परियोजनाओं के लिए सरकार अलग से पैकेज लाएगी। उन पर इस आवास नीति में शामिल होने की बाध्यता नहीं होगी। कैबिनेट ने आवास योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी भी डेढ़ लाख से बढ़ाकर दो लाख करने पर मुहर लगाई।

बाखली शैली में आवास बनाने वालों को छूटपहाड़ी क्षेत्रों में आवासीय योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए पहली बार आवास नीति में बाखली शैली के आवास बनाने वालों को छूट का प्रावधान किया गया है। सरकार ने इसके लिए अलग-अलग वर्ग की अलग छूट के प्रावधान किए हैं।

राज्य के सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों, संबद्ध टीचिंग अस्पतालों में अब यूजर चार्ज समान होगा। यहां ओपीडी, आईपीडी की दरें, पंजीकरण शुल्क, बेड चार्ज (जनरल, प्राइवेट व एसी वार्ड), एंबुलेंस, जांच व इलाज शुल्क आदि समान होंगे। अब सभी मेडिकल कॉलेजों के अस्पतालों में ओपीडी की पर्ची 20 रुपये में बनेगी। भर्ती होने का पंजीकरण शुल्क 50 रुपये होगा। जनरल वार्ड में प्रति बेड शुल्क 25 रुपये, एसी वार्ड का 1000 रुपये, प्राइवेट वार्ड का शुल्क 300 रुपये होगा।

बिजली बिल में छूट का दुरुपयोग करने वालों से वसूलीकैबिनेट में घरेलू श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को लागू एनर्जी चार्ज में 50 प्रतिशत सब्सिडी को औपचारिक मंजूरी मिल गई। पहले मुख्यमंत्री ने विचलन से इसका प्रस्ताव मंजूर किया था। यह भी तय हुआ है कि जो इस छूट का दुरुपयोग कर एक ही परिवार में तीन-तीन कनेक्शन लेंगे उनके पकड़े जाने पर उनसे दी गई सब्सिडी की दो गुना राशि बतौर जुर्माना वसूली जाएगी। इस योजना के लिए उच्च हिमालयी क्षेत्रों की पहचान जिलाधिकारी करेंगे।

कैबिनेट ने सी ग्रेड के सब और नाशपाती (गोला) फलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी है। सेब का एमएसपी 13 रुपये प्रति किलो और नाशपाती का एमएसपी सात रुपये प्रति किलो तय किया गया।

सचिवालय सेवा से इतर सभी सरकारी विभागों के वाहन चालकों का वर्दी भत्ता बढ़ गया है। पहले औसतन 2400 रुपये सालाना मिलता था, जो अब 3000 रुपये होगा।

## बोर्ड परीक्षा को लेकर जरूरी घोषणा, इस माह तक करवा ली जाएंगी परीक्षा

**रामनगर, एजेंसी।** उत्तराखंड में हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा 1245 केंद्रों में होगी। जिनमें 2,23,403 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसमें हाईस्कूल के 1,13,690 व इंटर के 1,09,713 परीक्षार्थी शामिल हैं। हाईस्कूल में 1,11,420 संस्थागत, 2270 व्यक्तिगत व इंटर में 105344 संस्थागत व 4369 व्यक्तिगत परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

राज्य में 165 संवेदनशील व पांच अति संवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। इस संबंध में उत्तराखंड




विद्यालयी शिक्षा परिषद के अधिकारियों ने जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्रों को अंतिम रूप दिया।

बुधवार को परिषद के सभागार में हुई बैठक में शिक्षा अधिकारियों ने संवेदनशील व अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की पूर्व व मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। परिषद के सचिव वीपी सिमल्टी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक भौतिक संसाधन एवं सुरक्षा आदि का परीक्षण कर लिया जाए। परीक्षा केंद्रों की सूची सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध कराई जा रही है। जनपद हरिद्वार से सबसे अधिक 48033 व चंपावत से सबसे कम 5762 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिला टिहरी में सबसे अधिक 135 व जिला चंपावत में सबसे कम 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 39 नये परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। नैनीताल जिले में सबसे ज्यादा दस नये परीक्षा केंद्र बने हैं। बैठक में कुमाऊं के अपर निदेशक अंबादत्त बलोदी, अपर सचिव बृजमोहन रावत, अपर सचिव डा. एसपी सिंह, संयुक्त सचिव एसएस बिष्ट, प्रधान सहायक भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे।



## औली से नीती गांव तक के लिए युवाओं ने शुरू की सफारी, शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल

**चमोली, एजेंसी।** घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने और शीतकालीन पर्यटन को देखते हुए युवाओं ने सफारी वाहन सेवा शुरू की है। इसमें औली से नीती घाटी तक पर्यटकों को सफारी से ले जाया जा रहा है।

शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय युवाओं ने नई पहल शुरू की है। इसके तहत युवाओं ने औली से नीती गांव तक के लिए सफारी वाहन सेवा शुरू की है जिससे पर्यटकों को पूरी घाटी की सैर कराई जा रही है।

शीतकाल में नीती घाटी में पर्यटन गतिविधियां काफी कम हो जाती हैं। मगर घाटी में बर्फ पड़ने से यहां का दृश्य आकर्षक हो जाता है। घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने और शीतकालीन पर्यटन को देखते हुए युवाओं ने सफारी वाहन सेवा शुरू की है। इसमें औली से नीती घाटी तक पर्यटकों को सफारी से ले जाया जा रहा है।

बीच में पड़ने वाले हिल स्टेशनों से रूबरू कराते हुए बाबा बर्फानी के दर्शन कराने के साथ ही नीती गांव तक पर्यटकों को ले जा रहे हैं। स्थानीय युवा अंशुमान बिष्ट, दिव्य दर्शन फोनिया, देवेश डुंगरियाल, शैलेंद्र रावत आदि ने यह सफारी शुरू की है। यहां नीती घाटी के कुछ युवाओं के होम स्टे भी हैं जहां पर पर्यटकों के खाने-पीने से लेकर ठहरने की भी व्यवस्था है।

उन्होंने बताया कि औली से नीती घाटी का पर्यटकों को सफर कराया जा रहा है। शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उन्होंने इस योजना को शुरू किया है। सफारी से नीती घाटी जाने वाले बनारस के आयुष नागर ने बताया कि वे पहली बार नीती घाटी गए और बाबा बर्फानी के दर्शन किए। यहां आकर बहुत अच्छा लगा है।

## नदियों में मशीनों से न किया जाए खनन : हाईकोर्ट ने सरकार सहित अन्य पक्षकारों से मांगा जवाब

**नैनीताल , एजेंसी।** हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा गया कि राज्य सरकार ने लेटर ऑफ इंटेंट धारकों को पिछले दरवाजे से प्रवेश दिया है जो ड्रेजिंग नीति की आड़ में खनन कार्य करने के लिए संबंधित एजेंसियों से अनुमति प्राप्त करने में असमर्थ है।



हाईकोर्ट ने उत्तराखंड लघु खनिज (रियायत) नियमावली में संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि इस संशोधन के तहत खनन की दी गई अनुमति में नदियों में खनन के लिए मशीनों का उपयोग न किया जाए। कोर्ट ने सरकार सहित अन्य पक्षकारों को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए आठ जनवरी की तिथि नियत की है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सु सिंह चौहान ने हाइंकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि राज्य सरकार ने लेटर ऑफ इंटेंट धारकों को पिछले दरवाजे से प्रवेश दिया है जो ड्रेजिंग नीति की आड़ में खनन कार्य करने के लिए संबंधित एजेंसियों से अनुमति प्राप्त करने में असमर्थ है।

यह अनुमति तभी तक रहेगी जब तक संबंधित एजेंसियों से आवश्यक मंजूरी नहीं मिल जाती। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि उपनियम (9) का प्रयोग कर राज्य के भीतर सभी नदियों में खनन की अनुमति दी गई है, भले ही केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय और अन्य संबंधित एजेंसियों द्वारा आवश्यक अनुमति न मिली हो। उन्होंने कहा कि इस तरह का खनन मशीनों का उपयोग करके किया जाता है जो खनन नीति और उत्तराखंड लघु खनिज (रियायत) नियम 2023 के प्रावधानों के तहत भी अनुमन्य नहीं है।

सरकारी अधिवक्ता के अनुसार इस प्रावधान के तहत केवल उसी व्यक्ति को खनन कार्य करने की अनुमति है, जिसे आशय पत्र जारी किया गया है,जो रॉयल्टी के रूप में देय राशि का दोगुना भुगतान करने के लिए तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नदियों को चैनलाइज करने के लिए ड्रेजिंग की जाती है ताकि नदी अपना मार्ग न बदले।

यह भी कहा कि संशोधित प्रावधान यह सुनिश्चित करने के लिए है कि जिस व्यक्ति को आशयपत्र दिया गया है, उसे संबंधित एजेंसियों द्वारा खनन के लिए मंजूरी देने में देरी के कारण नुकसान न उठाना पड़े।

## पिछले पांच सालों में इस बार दिसंबर सबसे ठंडा, कई जगह शून्य से नीचे पहुंचा पारा; जम गए पेड़-पौधे

**चंपावत, एजेंसी।** दो अक्टूबर को मानसून की विदाई के बाद उत्तराखंड में इस बार वर्षा का इंतजार लंबा रहा है। हिमपात समय पर होने से ठंड भी दिसंबर शुरुआत में ही प्रभावी हो गई।

मौसम का पिछला ट्रेंड बताता है कि 2019 के बाद सर्वाधिक ठंडा दिसंबर इस बार रहा है। दिसंबर 2019 में मुक्तेश्वर का न्यूनतम तापमान -2.1 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था। इस वर्ष दिसंबर दूसरे सप्ताह में ही तापमान निचले स्तर पर पहुंच गया, जबकि पिछले 10 वर्षों में दिसंबर दूसरे पखवाड़े या फिर अंतिम सप्ताह में ही तापमान निचले स्तर पर पहुंचता रहा है। अक्टूबर व नवंबर में आए पश्चिमी विक्षोभ इस बार बहुत असरकारक नहीं रहे। दिसंबर में आया पहला पश्चिमी विक्षोभ इतना मजबूत रहा कि उत्तराखंड में अधिकतर जिलों में हल्की वर्षा में 1700 मीटर से ऊंचाई वाली चोटियों पर हिमपात देखने को मिला। 2400 से 2500 मीटर की ऊंचाई वाले स्थानों पर दूसरे-तीसरे दिन भी बर्फ की मौजूदगी दिखी है। इसकी वजह से दिसंबर दूसरे सप्ताह ही चंपावत, नैनीताल के बाद अल्मोड़ा व बागेश्वर जिलों में तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। मुक्तेश्वर दो दिन मानइस में रहने के बाद बुधवार के तापमान में थोड़ी वृद्धि हुई है। पिछले 10 वर्षों में पांच बार मुक्तेश्वर में दिसंबर का तापमान शून्य से नीचे पहुंचा है। चार बार 16 दिसंबर के बाद तापमान माइनस में गया। सबसे जल्दी 2019 में 14 दिसंबर को पारा शून्य से नीचे गया था। 2019 के बाद पिछले चार वर्षों में केवल 2021 में शून्य से नीचे (-1.0 डिग्री) तापमान गया। पिछले पांच वर्षों में इस बार दिसंबर में सबसे कम -1.8 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंचा है।



## सुरक्षित तो रहेगी ढाई दिन की सरस्वती की देह, पर कभी देख नहीं सकेंगे माता-पिता

**देहरादून, एजेंसी।** बच्ची का शव कॉलेज संग्रहालय में रखा जाएगा। शव को लंबे समय तक संरक्षित रखने के लिए उस पर थर्मालीन तरल का लेप लगाया जाएगा।

कहते हैं कि मां की ममता से बड़ा इस दुनिया में कुछ भी नहीं होता है। लेकिन नैतिकता की प्रेरणा कभी-कभी इतनी प्रबल होती है कि मां की ममता पीछे छूट जाती है। हरिद्वार जिले के पुरुषोत्तम नगर निवासी मगन देवी और उनके पति राम मेहर ने आज समाज के सामने एक ऐसा ही उदाहरण पेश किया है। आठ दिसंबर यानि रविवार को दून अस्पताल में जन्मी बच्ची की मौत होने के बाद दिवंगत की मां मगन और पिता राम ने बुधवार को दून मेडिकल कॉलेज में बच्ची का देहदान कर दिया।

उन्हें बच्ची के देहदान की प्रेरणा उनके मोहल्ले के डॉक्टर राजेंद्र सैनी से मिली है। बच्ची की उम्र महज ढाई दिन ही थी। चिकित्सकों के मुताबिक देश में इतनी कम उम्र में होने वाला यह पहला देहदान है। इससे पहले निम्नतम सात दिन के बच्चे का देहदान किया गया था। देहदान से पूर्व बच्ची का नाम सरस्वती रखा गया है।

## पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटन का केंद्र बनेगा कार्तिक स्वामी ट्रैक, ईडीसी गठित

**रुद्रप्रयाग , एजेंसी।** कार्तिक स्वामी मंदिर में प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे हैं, जो क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य से अभिभूत हो रहे हैं। अब, रुद्रप्रयाग वन प्रभाग ने कार्तिक स्वामी मंदिर और मार्ग के रखरखाव, सफाई के लिए पोगठा और बाड़व गांव के ग्रामीणों के साथ मिलकर सात सदस्यीय ईडीसी गठित की है।

रुद्रप्रयाग जनपद में पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटन और एडवेंचर को बढ़ावा देने के लिए कार्तिकेय-कनकचौंरी पर्यावरण विकास समिति (ईडीसी) का गठन किया गया है। जनपद में यह पहला मौका है, वन विभाग के आरक्षित क्षेत्र में पर्यटन व एडवेंचर के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए ईडीसी गठित की गई है।

सात सदस्यीय यह समिति कनकचौंरी से कार्तिक स्वामी मंदिर परिसर तक चार किमी पैदल मार्ग के रखरखाव, साफ-सफाई के साथ पर्यटन गतिविधियों को संचालित करेगी। उत्तर भारत के एकमात्र कार्तिकेय मंदिर कार्तिक स्वामी को तीर्थाटन से जोड़ने के लिए लंबे समय से प्रयास हो रहे हैं। यहां प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे हैं, जो क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य से अभिभूत हो रहे हैं।

अब, रुद्रप्रयाग वन प्रभाग ने कार्तिक स्वामी मंदिर और मार्ग के रखरखाव, सफाई के लिए पोगठा और बाड़व गांव के ग्रामीणों के साथ मिलकर सात सदस्यीय ईडीसी गठित की है। यह समिति कनकचौरी से कार्तिक स्वामी मंदिर



तक चार किमी पैदल मार्ग से लगे नैनादेवी आरक्षित वन क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधन, जैव-विविधता की सुरक्षा करने के साथ ही तीर्थाटन, पर्यटन और एडवेंचर गतिविधियों को बढ़ावा देगी। रुद्रप्रयाग वन प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी देवेंद्र सिंह पुंडीर ने बताया कि जनपद में पहली पर्यावरण विकास समिति का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य कनकचौरी-कार्तिक स्वामी ट्रैक से लेकर आरक्षित वन क्षेत्र में इको फ्रेंडली कार्य के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मुहैया कराना है।

कार्तिकेय-कनकचौंरी पर्यावरण विकास समिति कार्तिक स्वामी पहुंचने वाले बाहरी पर्यटकों से शुल्क लेगी। शुल्क कितना होगा, इसे जल्द तय किया जाएगा। जनपद चमोली और रुद्रप्रयाग से आने वाले पर्यटकों को शुल्क से मुक्त रखा गया है। शुल्क के लिए कनकचौरी में काउंटर खोला जाएगा। शुल्क से जमा होने वाली धनराशि से पैदल ट्रैक से लेकर अन्य स्थानों पर तैनात होने वाले सफाई व अन्य कर्मियों को मानदेय दिया जाएगा। कनकचौरी-कार्तिक स्वामी पैदल मार्ग पर बर्ड वाचिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पैदल ट्रैक पर 80 से अधिक पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं, जिसमें 50 से अधिक वर्षभर इसी क्षेत्र में रहती हैं। पक्षी विशेषज्ञ यशपाल सिंह नेगी का कहना है बर्ड वाचिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर कई युवा इसे रोजगार से जोड़ सकते हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

### महिला मित्र की जन्मदिन की पार्टी में दो युवक आपस में भिड़े, एक की मौत

नोएडा, । उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर जिले के थाना बीटा-दो क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में बीती रात एक युवती के जन्मदिन के जश्न में शामिल हुए दो युवकों के बीच कथित तौर पर किसी बात पर झगड़ा हुआ जिसके बाद एक युवक ने दूसरे पर चाकू से हमला किया जिसमें एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि क्षेत्र की एक सोसाइटी में रहने वाली एक युवती का बीती रात को जन्मदिन था और उसके दोस्त जितेंद्र शर्मा (24) और चिराग चौधरी जन्मदिन की पार्टी में आए थे, इसी बीच दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि दोनों युवक मित्र थे और बीटा-दो क्षेत्र में उनका एक कैफे है। गोयल ने बताया कि जन्मदिन की पार्टी में दोनों युवकों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ जिसके बाद चिराग ने जितेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को शक है की दोनों युवती को पसंद करते थे और इसी को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। उन्होंने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है, उससे पूछताछ की जा रही है।

# हर चुनाव से पहले शुरू हो जाता है आप के नेताओं का झूठ बोलने का सिलसिला: विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह देने की अरविंद केजरीवाल की घोषणा को इस सदी का सबसे बड़ा झूठ बताया है। उन्होंने कहा कि यह अरविंद केजरीवाल की फितरत है कि वह हर चुनाव से पहले इस तरह की झूठी घोषणाओं से लोगों को गुमराह करते हैं और चुनाव के बाद अपना वादा भूल जाते हैं। गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल ने पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले और लोकसभा चुनाव से पहले वहां की महिलाओं को 1100 रुपये महीना देने का झूठा वादा किया था, लेकिन अब तक पंजाब सरकार ने उन महिलाओं को कोई पैसा नहीं दिया है और वहां की महिलाएं पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के दफ्तरों के चक्कर काट रही हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उन्होंने 4 नवंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर उन्हें केजरीवाल का वादा याद दिलाया था और दिल्ली की महिलाओं को वादे के अनुसार एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता तुरंत देने की मांग की थी, लेकिन आतिशी ने न तो पत्र का जवाब दिया और न ही महिलाओं को आर्थिक सहायता। और अब जब चुनाव सिर पर हैं तो केजरीवाल ने फिर से महिलाओं को गुमराह करने का काम कर रहे है। गुप्ता ने याद दिलाया कि आप सरकार ने मार्च में लोकसभा चुनावों से ठीक पहले मार्च में महिलाओं को एक हजार रुपये देने की घोषणा की थी। उन्होंने सवाल किया कि घोषणा के बावजूद 10 महीने बीतने के बाद भी महिलाओं को अब तक पैसे क्यों नहीं दिए गए। गुप्ता ने कहा इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। उन्होंने भाजपा शासित राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में ह्यमुख्यमंत्री लाडली वंदन योजनाह्ल के तहत महिलाओं को 1250 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता हर महीने उपलब्ध करवाई जा रही है। छत्तीसगढ़ में भी भाजपा सरकार ह्यमहतारी वंदन योजनाह्ल के अंतर्गत राज्य की महिलाओं को एक हजार रुपये हर महीने आर्थिक सहायता मुहैया करवा रही है। इसी तरह महाराष्ट्र में भी भाजपा सरकार ह्यमुख्यमंत्री मझली लड़की बहन योजनाह्ल के तहत 1500 रुपये महीने महिलाओं को दे रही है। उड़ीसा में भी विधानसभा चुनाव से पहले किए गए अपने वादे के अनुरूप भाजपा सरकार राज्य की महिलाओं को दस हजार रुपये सालाना की मदद दे रही है और हरियाणा में कुछ समय पहले ही सत्ता में आई भाजपा सरकार ने 2100 रुपये महीना वहां की महिलाओं को देने की योजना तैयार कर ली है और बहुत जल्द ही वहां भी इस योजना को शुरू कर दिया जाएगा। गुप्ता ने आप की दिल्ली सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि एक तरफ तो सरकार राजस्व घाटे से जूझ रही है। वहीं दूसरी तरफ झूठी घोषणाओं से दिल्ली की जनता को गुमराह कर रही है। गुप्ता ने कहा कि यह ह्यझूठ बोल राज करोह्ल वाली नीति पर चलने वाली सरकार है। आप सरकार ने दिल्ली की जनता से जितने भी वादे किए उनमें से एक भी वादे पर खरी नहीं उतरी। चाहे यमुना को साफ करने का वादा हो या फिर अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं देने का वादा हो, सभी घोषणाएं एक-एक करके झूठी साबित होती चलीं गईं। गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल और उनकी पार्टी का यह सफेद झूठ अब ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है। चंद दिनों में ही केजरीवाल की ह्यआम आदमी पार्टीह्ल का शासन अतीत के गर्त में समा जाएगा और चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार के रूप में एक नया सवेरा बहुत जल्द ही दिल्ली के लोगों के सामने आने वाला है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर ईसीआई ने अधिकारियों संग की बैठक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली में अगले साल फरवरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को चुनाव आयोग ने दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी व जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सूची में संसोधन अभियान और चुनाव से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली में चुनाव फरवरी माह के पहले या दूसरे सप्ताह में मतदान हो सकते हैं। हालांकि अभी इस पर आधिकारी बयान आना बाकी है। वहीं दिल्ली में वोटरों के नाम कटने पर सियासत जारी है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने शिकायत करते हुए कहा कि दिल्ली में वोटर्स के नाम एक षड्यंत्र के तहत हटाए गए हैं। अपने पत्र में केजरीवाल ने आप के प्रतिनिधिमंडल को दिए गए आश्वासन का जिक्र भी किया है। आप प्रतिनिधिमंडल ने की थी चुनाव आयोग से शिकायत इससे पहले बुधवार को आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में आप नेताओं का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंचा था। इस दौरान आयोग के अधिकारियों को अपने आरोपों के हक में 3000 पेजों के दस्तावेज सौंपे गए। प्रतिनिधिमंडल में सीएम आतिशी, संजय सिंह, पंकज गुप्ता, जस्मीन शाह और रीना गुप्ता आदि मौजूद थे। वोटरों के नाम हटाने के पीछे भाजपा चुनाव आयोग से बाहर निकलने के बाद मीडिया के समक्ष केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा दिल्ली में लोगों के वोट कटवाकर एक नागरिक के रूप में मिले उनके अधिकारों को छीन रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई विधानसभा क्षेत्रों में हजारों मतदाताओं के नाम काटने के लिए आवेदन किए हैं। इनमें ज्यादातर गरीब, अनुसूचित जाति, पूर्वांचली हैं, जो झुग्गियों और कच्ची कॉलोनियों में रहते हैं। चुनाव आयोग ने आप की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वोट काटने की कार्रवाई बंद हो केजरीवाल के मुताबिक, उन्होंने चुनाव आयोग के सामने रखा कि कैसे शाहदरा में भाजपा के एक पदाधिकारी ने चोरी-छिपे 11008 लोगों के नाम कटवाने के लिए आयोग को लिस्ट दी। जनकपुरी में भाजपा के कार्यकताओं ने 4874 वोट काटने के लिए आवेदन किए हैं। इसी तरह अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों का भी हाल है। हमारी मांग थी कि बड़े स्तर पर वोट काटने की कार्रवाई बंद की जाए। अभी चुनाव आयोग ने समरी रिवीजन की है। जिन-जिन लोगों ने इस किस्म के आवेदन किए हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। चुनाव आयोग का आया जवाब चुनाव आयोग ने कहा है कि चुनाव से पहले किसी का नाम वोटर लिस्ट से नहीं निकाला जाएगा। इस बीच जरूरी होने पर अगर ऐसा करना पड़े तो लिस्ट के आधार पर नहीं किया जाएगा, किसी को भी अगर डिलीशन कराना है तो उसे फॉर्म 7 भरना पड़ेगा, उसी के आधार पर डिलीशन होगा।

# गुरुवार को सीएम आतिशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कैबिनेट ने लिया फैसला, शुक्रवार से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर जनता से किया अपना वादा पूरा करके दिखा दिया। इस बार उन्होंने दिल्ली की अपनी माताओं-बहनों से किया वादा पूरा किया है। उनके मार्गदर्शन में आम आदमी पार्टी की सरकार ने महिला सम्मान योजना को दिल्ली में लागू कर दिया है। अब हर महीने 18 साल से अधिक उम्र की महिला को उनके अकाउंट में 2100 रुपए दिया जाएगा। गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में सीएम आतिशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कैबिनेट ने महिलाओं को नकदी देने की इस योजना पर अपनी मुहर लगा दी। शुक्रवार से महिलाएं अपना रजिस्ट्रेशन कर सकेंगी। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं अकाउंट का जादूगर हूं। मुझे पता है कि पैसे कैसे बचाने हैं और किसी स्कीम के लिए पैसे कहां से लाने हैं। वहीं, सीएम आतिशी ने कहा कि महिला सम्मान योजना दिल्ली विधानसभा चुनाव में गेम चेंजर बनेगी। यह सिर्फ केजरीवाल ही कर सकते हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान महिला सम्मान योजना के लागू होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज मैं दिल्ली के लोगों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करने के लिए आया हूं। यह दोनों बड़ी घोषणाएं हैं और दिल्ली की महिलाओं के लिए हैं। मेरी माताओं और बहनों के लिए हैं। मैंने वादा किया था कि हर महिला के अकाउंट में हर महीने कुछ पैसे डलवाएंगे। आज मुझे यह ऐलान करते हुए बहुत फक्र हो रहा है कि मुख्यमंत्री आतिशी की अध्यक्षता में गुरुवार को दिल्ली सरकार की कैबिनेट बैठक हुई। उस बैठक में 18 वर्ष से अधिक उम्र की हर महिलाओं को नकदी देने की महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी गई है। इसके साथ ही, यह योजना दिल्ली में लागू हो गई है। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को रजिस्ट्रेशन करना होगा। जो-जो महिलाएं रजिस्ट्रेशन करेंगी उनके अकाउंट में हर महीने पैसे आने शुरू हो जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि महिलाओं को नकदी देने की महिला सम्मान योजना का ऐलान मैंने इस साल मार्च के महीने में किया था। लेकिन इन लोगों ने फर्जी केस करके मुझे जेल भेज दिया। मैं जेल में 6-7 महीने रहा। जबसे लौटकर आया हूं, तब से मैं इस योजना को लागू करने के लिए सीएम आतिशी के साथ काम कर रहा था। हम लोगों के मेहनत से, प्रयासों से, आज यह योजना दिल्ली में लागू हो गई है। यह हम अपनी माताओं-बहनों के ऊपर कोई एहसान नहीं कर रहे हैं। महिलाएं अपना परिवार चलाती हैं, बच्चों को अच्छे संस्कार देती हैं, बच्चों को पाल पोश कर बड़ा करती हैं और बच्चे ही देश का भविष्य हैं। महिलाओं के इस काम में अगर हम थोड़ी बहुत अपनी मदद दे सकें तो हम अपने आप को सौभाग्यशाली समझते हैं। हमारे हिंदू धर्म में कहते हैं कि यत्र नर्यस्तु पूज्यन्ते तत्र रमन्ते देवता, यानि जहां नारी की पूजा की जाती है, वहीं देवता बसते हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं समझता हूं कि इस योजना के साथ दिल्ली सरकार का खर्चा नहीं होगा, बल्कि माताओं-बहनों के आशीर्वाद से दिल्ली सरकार की खूब बरकत होगी। कुछ लोग कह रहे थे कि केजरीवाल कह रहा है यह तो हो नहीं सकता है लेकिन हो गया। केजरीवाल जो ठान लेता है, वह करके रहता है। फिर दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। दिल्ली के दो करोड़ लोगों के साथ मिलकर हम बड़ी से बड़ी अड़चनों को पार करके अपने सारे काम करवा लेते हैं। हमारे सामने किसी काम में अड़चन नहीं आती। भाजपा वाले गालियां दे रहे हैं कि केजरीवाल तो पैसे लुटा रहा है, केजरीवाल फ्री की रेवड़ियां बांट रहा है। भाजपा वाले कहते हैं कि फ्री बिजली, बसों में फ्री यात्रा देने की क्या जरूरत है। अभी मैं किसी महिला को सुन रहा था कि फ्री की रेवड़ियां खाएंगे, मोटे होते जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब भाजपा वाले यह भी कह रहे हैं कि पैसे कहां से आएंगे, दिल्ली सरकार के पास इतने पैसे नहीं हैं। यही बात वो तब भी कहते थे जब मैंने 2013 का चुनाव लड़ा। तब मैं कहता था कि बिजली फ्री कर देंगे और भाजपा वाले कहते थे कि केजरीवाल झूठ बोल रहा है, पैसे कहां से आएंगे? मैं भाजपा वालों को कहना चाहता हूं कि मैं जादूगर हूं, मैं अकाउंट्स का जादूगर हूं। मुझे पता है कि पैसे कहां से बचाने हैं, कहां से लाने हैं और कहां पर खर्च करने हैं। तुम चिंता मत करो। मैंने अब कह दिया तो कह दिया। मैंने कहा था कि हर महीने महिलाओं के खाते में पैसे डालूंगा, तो डालूंगा और आज से इसकी शुरुआत हो गई है। अरविंद केजरीवाल ने दूसरी घोषणा करते हुए कहा कि आज दिल्ली सरकार ने महिलाओं को नकदी देने की महिला सम्मान योजना को लागू कर दिया है, लेकिन चुनाव की तारीख का ऐलान 10-15 दिन में होने वाला है। इस वजह से चुनाव के पहले अकाउंट में पैसा जाना संभव नहीं है लेकिन यह योजना लागू हो गई है। जब हम यह सारा काम कर रहे थे तो मेरे पास कई महिलाएं आईं। महिलाओं ने कहा कि महंगाई बहुत ज्यादा हो गई है। इसलिए, मैं आज दूसरा ऐलान कर रहा हूं कि शुक्रवार से इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन चालू होगा और यह रजिस्ट्रेशन 2100-2100 रुपए का होगा। हर महिला को 2100 रुपए मिलेंगे। मैं दिल्ली की सभी माताओं-बहनों को कहना चाहता हूं कि अगले दो-तीन दिन के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता गली-गली और घर-घर जाएंगे। आप अपना रजिस्ट्रेशन कराओ। वो आपको रजिस्ट्रेशन कार्ड देकर आएंगे, उसे संभाल कर रखना। चुनाव के बाद आपके अकाउंट में 2100 रुपए आएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जैसे मैंने बिजली फ्री कर दी, वैसे ही 2100 रुपए भी लागू कर दूंगा। कोई पूछे कि केजरीवाल के पास पैसा कहां से आएगा तो, कह देना कि हमारा केजरीवाल जादूगर है, छड़ी घुमाएगा और पैसा ले आएगा। आजकल कई लोग कह रहे हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार तो बनेगी लेकिन कुछ सीटें कम हो सकती हैं। मेरा मानना है कि अगर मेरी एक-एक बहन और मां लग गईं तो आम आदमी पार्टी की 60-65 से ऊपर सीट आएंगी। अब मेरी दिल्ली की सारी माताओं-बहनों की जिम्मेदारी है कि सारे लोग जुट जाना और हमारी मजबूत सरकार बनाना।

# दिल्ली में पार्कों पर चल रहे कथित भ्रष्टाचार पर स्वाति मालीवाल ने सीबीआई जांच की मांग की

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने गुरुवार को दिल्ली के सुल्तानपुर माजरा पहुंच कर वहां के पार्कों का निरीक्षण किया। इस दौरान दिल्ली के पार्कों में फैली गंदगी को लेकर एक बार फिर से आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर आरोप लगाये। उन्होंने एक पत्र लिख कर सीबीआई जांच की मांग की। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा, जनता ने बताया कि सुल्तानपुर माजरा के विधायक (एमएलए) और सरकार में मंत्री मुकेश अहलावत के पिता की गैर- सरकारी संगठन (एनजीओ) को क्षेत्र के पार्कों की रखरखाव का ठेका दिया गया है। हर पार्क के लिए लाखों रुपये सरकार से मिलते हैं। सारे पार्क मिलाकर करोड़ों का फण्ड है। स्वाति ने सवालिया लहजे में कहा कि अगर सच में विधायक के पिता को इन पार्कों का ठेका मिला है तो ये भ्रष्टाचार नहीं तो और क्या है? उन्होंने बताया कि क्षेत्र की गरीब जनता से बरात घर के लिए पैसे वसूले जाते हैं। पूरे क्षेत्र में कूड़ा पड़ा है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जाँच के लिए सीबीआई को पत्र लिख रही हूँ। यदि ये बात सही है तो ये बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है। बता दें कि स्वाति मालीवाल दिल्ली ने अभी तक कुल 7 अलग-अलग इलाकों का दौरा किया है। 28 अक्टूबरः सांसद स्वाति मालीवाल ने किराड़ी विधानसभा का अचानक निरीक्षण किया। जहां जनता ने उन्हें टूटी सड़कें, कूड़ा-गंदगी और ओवरफ्लो होते सीवर की बदहाली दिखाई। 30 अक्टूबरः पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी विधानसभा का औचक निरीक्षण। इस दौरान उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मेयर शैली ओबेरॉय को आड़े हाथों लिया। 25 नवंबरः दिल्ली के बुराड़ी विधानसभा के मुकुंदपुर में गईं। यहां आम आदमी पार्टी और स्थानीय विधायक पर निशाना साधते हुए टूटी सड़कें, बदबूदार पानी और कूड़े के ढेर की पोल खोली थी। 30 नवंबरः कालकाजी विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया, जहां स्वाति ने जन समस्याएं सुनीं और क्षेत्र की खराब स्थिति को उजागर किया था।

# बीते ढाई वर्षों मेरे काम को रोकने का हुआ प्रयास : उपराज्यपाल




नई दिल्ली, । दिल्ली के उपराज्यपाल के दौरान उन पर सबसे ज्यादा व्यक्तिगत विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह करते हुए उन्होंने ये टिप्पणी की। उन्होंने लिए काम करने की उनकी प्रतिबद्धता बात करते हुए उन्होंने कहा,याद रखें, आसान नहीं है। आपको यथास्थिति आलोचना और चुनौतियों का सामना डर महसूस होना स्वाभाविक है, लेकिन सक्सेना ने कहा, मैं अपना अनुभव साझा वीके सक्सेना ने गुरुवार को कहा कि उनके कार्यकाल हमले किए गए। दिल्ली में गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ और स्थापना दिवस के समापन समारोह को संबोधित इस बात पर जोर दिया कि दिल्लीवासियों की भलाई के तमाम बाधाओं के बावजूद अटूट बनी हुई है। छात्रों से समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले निर्णय लेना बनाए रखने में निहित स्वार्थ वाले लोगों से अनुचित करना पड़ेगा। कहा जाता है कि बड़े निर्णय लेते समय, डर के कारण कार्य न करना गलत कदम है ह्व एलजी करना चाहूंगा। पिछले ढाई वर्षों में, मुझे वह काम करने से रोकने के कई प्रयास किए गए हैं जो मुझे लगता है कि अच्छा है। इस दौरान मुझे प्रताड़ित किया गया। तमाम आरोपों और व्यक्तिगत हमलों के बावजूद दिल्ली और यहां रहनेवाले लोगों की भलाई के लिए काम करने की मेरी प्रतिबद्धता मजबूत रही है, इसलिए मैं कभी नहीं रुका और अपने लक्ष्य की दिशा में काम करता रहा।

उन्होंने देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की भूमिका पर भी जोर दिया। एलजी सक्सेना ने कहा, ह्लआपको अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने प्रयासों में लगातार और अटूट रहना चाहिए। हमेशा लोगों के व्यापक हित में काम करना चाहिए। आप पर देश की वृद्धि और वैश्विक मंच पर इसकी स्थिति में योगदान करने की जिम्मेदारी है। आइए आशा करते हैं कि इस दिशा में यूनिवर्सिटी अपना काम जारी रखेगा।

# महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देने की घोषणा पर आप नेता बोले : केजरीवाल जो कहते हैं, वो करते हैं

नई दिल्ली, प्रात: किरणसंवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली सरकार ने गुरुवार को महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा की। दरअसल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना को लागू करने की घोषणा कर दी। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये मिलेंगे, जिसका रजिस्ट्रेशन भी जल्द ही शुरू हो जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने यह भी घोषणा की कि इसी योजना के तहत चुनाव जीतने के बाद महिलाओं को 1000 रुपये की जगह हर महीने 2100 रुपये मिलेंगे। इस घोषणा को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक्स पर पोस्ट किया, अरविंद केजरीवाल ने वादा किया था कि दिल्ली की हर महिला को 1000 रुपए की सम्मान राशि हर महीने देंगे। आज दिल्ली सरकार ने यह वादा पूरा किया। अब अरविंद केजरीवाल जी का वादा है, कि फिर से सरकार बनने पर दिल्ली की हर महिला को हर महीने 2100 रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। यह केजरीवाल की गारंटी है। इसका पूरा होना तय है। महिलाओं को तोहफाः वहीं आप सांसद राघव चड्ढा ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, अरविंद केजरीवाल जी ने दिया महिलाओं को अद्भुत तोहफा। दिल्ली की हर महिला के हाथ में हर महीने होंगे 2100 रुपये। चाहे महिलाओं के लिए निःशुल्क बस सेवा हो या अब हर महीने 2100 रुपए की सम्मान राशि, अरविंद केजरीवाल सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए सदैव समर्पित है। जब देश की महिलाएं प्रगति करेंगी, तभी देश प्रगति करेगा। इस क्रांतिकारी स्कीम के लागू होने पर सभी माताओं बहनों को बधाई। केजरीवाल जी जो कहते हैं वो करते हैं। केजरीवाल को पता है पैसा कैसे बचाना है : उनके अलावा दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी कहा, केजरीवाल जो कहते हैं, वो करते हैं। उन्होंने दिल्ली की जनता के लिए काम किया है। आज, उन्होंने पात्र महिलाओं के बैंक खातों (महिला सम्मान योजना के तहत) में 1,000 रुपये की राशि हस्तांतरित करने की घोषणा की है, जिसे चुनाव के बाद बढ़ाकर 2,100 रुपये कर दिया जाएगा। अब बीजेपी पूछेगी कि पैसा कहां से आएगा। मैंने वित्त मंत्री के रूप में केजरीवाल जी के साथ काम किया है। उनके पास ज्ञान है और वे जानते हैं कि पैसा कैसे बचाना है ह्व इस कारण हुई देरीः उधर, मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि मार्च में दिल्ली सरकार ने महिलाओं को 1,000 रुपये देने का बजट पारित किया था। हालांकि, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के कारण इस योजना में देरी हुई। कैबिनेट ने आज इसे मंजूरी दे दी है। उनके अलावा आप सांसद संदीप पाठक ने कहा, ह्यकैबिनेट ने हर महिला को 1,000 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता देने की योजना को मंजूरी दे दी है। हालांकि, केजरीवाल जी ने अब यह राशि बढ़ाकर 2,100 रुपये कर दी है ह्व वहीं आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा, केजरीवाल जी जादूगर हैं। उन्होंने पहले महिला यात्रियों के लिए मुफ्त बस यात्रा शुरू की और अब 2,100 रुपये मासिक वित्तीय सहायता की योजना शुरू की। हम उन्हें दिल्ली में एक नेता के रूप में पाकर धन्य हैं।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

JUNGLE CAMPS INDIA LIMITED

(Please scan the QR Code to view the RHP)

Our Company was originally incorporated as "Pench Jungle Resorts Private Limited" under the provisions of the Companies Act, 1956 vide Certificate of Incorporation dated July 22, 2002, issued by the Registrar of Companies, Delhi. Subsequently, the name of our Company was changed to "Jungle Camps India Private Limited" pursuant to shareholders resolution passed at Extra-ordinary General Meeting held on January 02, 2024. A fresh Certificate of Incorporation consequent upon change of name was issue by the Registrar of Companies, Delhi on February 15, 2024. Thereafter, our Company was converted into a Public Limited Company pursuant to shareholders resolution passed at Extra-ordinary General Meeting held on April 23, 2024, and the name of our Company was changed to "Jungle Camps India Limited". A fresh Certificate of Incorporation consequent upon Conversion from Private Limited Company to Public Limited Company was issued by the Registrar of Companies, Delhi on June 13, 2024. The Corporate Identification Number of our Company is U55101DL2002PLC116282.For details of change in registered office of our Company, please refer to chapter titled *"Our History and Certain Other Corporate Matters"* beginning on page 204 of the Red Herrings Prospectus.

**Registered office:** 221-222/9, 2nd Floor, Som Dutt Chamber-II, Bhikaji Cama Place, New Delhi-110066, India | **Telephone:** 011-41749354
**E-mail:** legal@junglecampsindia.com | **Website:** www.junglecampsindia.com
**Contact Person:** Ms. Parul Shekhawat, Company Secretary & Compliance Officer | **Corporate Identity Number:** U55101DL2002PLC116282

**PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. GAJENDRA SINGH, MS. LAXMI RATHORE, MR. YASHOVARDHAN RATHORE, MR. RANVIJAY SINGH RATHORE AND G S RATHORE HUF**

**THE ISSUE**

**INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 40,86,400* EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF OUR COMPANY FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE) ("ISSUE PRICE") AGGREGATING UP TO ₹ [●] LAKHS ("ISSUE"). THIS ISSUE INCLUDES A RESERVATION OF UP TO 2,04,800* EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ [●] LAKHS FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE SHALL CONSTITUTE [●] % AND [●] %, RESPECTIVELY, OF THE POST-ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY, RESPECTIVELY. THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES IS ₹10.00 EACH.**

**SUBJECT TO FINALIZATION OF BASIS OF ALLOTMENT AND LOT SIZE.*

**CORRIGENDUM: NOTICE TO INVESTORS**

**This is with reference to the Red Herring Prospectus (RHP) dated December 02, 2024 filed with the Registrar of Companies (RoC), National Capital Territory of Delhi & Haryana on December 02, 2024.**

**The attention of investors is drawn to the following:**

1. "Capital Expenditure for the project development at Mathura Hotel Project, Mathura", on page 23 of the Red Herring Prospectus, shall stand replaced with, *"Investment in our Subsidiary, Madhuvan Hospitality Private Limited ("MHPL") in relation to capital expenditure for the project development at Mathura Hotel Project, Mathura, Uttar Pradesh"*.
2. The word "Our Company" mentioned under the head "Description of Land" on page 118 of the Red Herring Prospectus, shall stand replaced with Our Subsidiary, *"Madhuvan Hospitality Private Limited"*.
3. The figures stated on page 112 of the Red Herring Prospectus i.e., "₹ 700.00 Lakhs will come from net proceeds to be utilised during FY 2024-25" shall stand replaced with *"₹700.00 Lakhs will come from net proceeds, out of which ₹ 500.00 Lakhs shall be utilised in FY 2024-25 and Rs. 200.00 Lakhs shall be utilised in FY 2025-26"*.
4. The figures stated on page 115 of the Red Herring Prospectus i.e., "the Company proposes to utilize Rs.350.00 Lakhs from net proceeds during FY 2024-25"shall stand replaced with *"₹ 350.00 Lakhs will come from the net proceeds, out of which ₹150.00 Lakhs shall be utilised in FY 2024-25 and Rs. 200.00 Lakhs shall be utilised in FY 2025-26"*.
5. The figures stated on page 118 of the Red Herring Prospectus i.e., "₹1150.00 Lakhs will come from net proceeds (i.e., ₹ 450.00 lakhs during FY 2024-25 and ₹ 700.00 lakhs during FY 2025-26)" shall stand replaced with *"₹ 1150.00 Lakhs will come from net proceeds (out of which, ₹ 400.00 lakhs utilised during FY 2024-25 and ₹ 750.00 lakhs utilised during FY 2025-26)"*.
6. In the table for the "Estimated Schedule of Commencement" on page 179 of the Red Herring Prospectus, the launch dates for the projects "Gokul Rahi Hotel" and *"Sanjay Dubri Jungle Camp"* are inadvertently stated as "February 2027" and "October 2026", respectively. It shall be replaced with *"FY 2026-27 (April 2026)" for Gokul Rahi Hotel and "FY 2025-26 (September 2025)"* for Sanjay Dubri Jungle Camp.

*The information above supersedes the information (as applicable) in the RHP. The RHP accordingly stands amended to the extent stated hereinabove and the above changes are to be read in conjunction with the RHP. Relevant changes shall be reflected in the Prospectus as and when filed with ROC, SEBI and BSE. Unless otherwise specified, all capitalised terms used herein shall have the same meaning ascribed to such terms in the RHP.*

Further, our Company clarifies the following points:

1. The Project namely "Gokul Rahi Hotel" wherever mentioned in the RHP, is the Hotel which is operated under the brand name of "Holiday Inn Express Hotel" and under the ownership of "Madhuvan Hospitality Private Limited".
2. The statement on pages 46, 75, 111, 119, 120 & 122 of the Red Herring Prospectus (RHP) *"The objects of the Issue have not been appraised by any bank or financial institution, and our funding requirement is based on current conditions"* - indicates that the objects of the issue have not been evaluated or assessed by any bank or financial institution. Additionally, the funding amount specified has not been assessed by any third party, it is the management's estimation only. Our Company has obtained Loan against Property (LAP) from HDFC Bank Limited, which is also mentioned in the chapter titled "Objects of the Issue" on pages 112 and 118 of the Red Herring Prospectus and any shortfall in the amount specified under the Objects of the Issue will be sourced through the said loan. It is a Loan against Property (LAP) facility and not a project specific loan.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THE ISSUE | COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER |
| --- | --- | --- |
| **KHAMBATTA SECURITIES LIMITED**<br>806, 8th Floor, Tower-B, World Trade Tower, Noida Sector-16, Uttar Pradesh-201301, India.<br>**Tel:** +91-9953989693, 0120-4415469<br>**E-mail:** ipo@khambattasecurities.com<br>**Investor grievance e-mail:** mbcomplaints@khambattasecurities.com<br>**Website:** www.khambattasecurities.com<br>**Contact Person:** Mr. Chandan Mishra / Ms. Nisha Shaw<br>**SEBI Registration No.:** INM000011914 | **SKYLINE FINANCIAL SERVICES PRIVATE LIMITED**<br>D-153/ A, First Floor, Okhla Industrial Area, Phase - I, New Delhi – 110020<br>**Telephone** – 011 -40450193-197<br>**E-mail id:** ipo@skylinerta.com<br>**Investor Grievance Email:** grievances@skylinerta.com<br>**Contact person:** Mr. Anuj Rana<br>**Website:** www.skylinerta.com<br>**SEBI Registration No.:** INR000003241 | **JUNGLE CAMPS INDIA LIMITED**<br>Ms. Parul Shekhawat,<br>Company Secretary and Compliance Officer<br>221-222/9, 2nd Floor, Som Dutt Chamber-II, Bhikaji Cama Place, New Delhi-110066, India \| **Tel.:** 011-41749354<br>**Email-id.:** legal@junglecampsindia.com<br>Investors can contact the Compliance Officer or the Registrar to the Issue in case of any pre-issue or post- issue related problems, such as non-receipt of letters of allotment, credit of allotted shares in the respective beneficiary account, etc. |

**All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Red Herring Prospectus.**

**For Jungle Camps India Limited**
Sd/-
**Mr. Gajendra Singh**
**Designation: Managing Director**
**DIN:** 00372112

**Date:** December 12, 2024
**Place:** New Delhi

**Jungle Camps India Limited** is proposing, subject to market conditions and other considerations, public issue of its Equity Shares and has filed the Red Herring Prospectus with the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi & Haryana on December 02, 2024. The Red Herring Prospectus is available on the website of the Book Running Lead Manager www.khambattasecurities.com , the website of the BSE i.e., www.bseindia.com, and website of our Company at www.junglecampsindia.com.
Investor should note that investment in equity shares involves a high degree of risk. For details, investors should refer to and rely on the Red Herring Prospectus, including the section titled "Risk Factors" beginning on page 29 of the Red Herring Prospectus, which has been filed with RoC. The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act ("the Securities Act") or any state securities laws in United States and may not be issued or sold within the United States or to, or for the account or benefit of, "U.S, persons" (as defined in Regulations under the securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act of 1933.

# अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी राजनीति आम आदमी की भलाई और सशक्तिकरण पर आधारित है- मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर भारतीय राजनीति में यह स्थापित किया है कि वह जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। गुरुवार को उन्होंने दिल्ली के अंदर महिलाओं को 2100 रुपए महीना देने की महिला सम्मान योजना लागू कर दी। अरविंद केजरीवाल द्वारा अपने वादे पर खरा उतरने पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया समेत कई अन्य नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इसकी जमकर सराहना की है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी राजनीति आम आदमी की भलाई और सशक्तिकरण पर आधारित है। मनीष सिसोदिया ने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा कि केजरीवाल जी जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं! दिल्ली की महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके सम्मान में बड़ा कदम। दिल्ली सरकार ने केजरीवाल महिला सम्मान योजना के तहत ऐतिहासिक घोषणा की है। हर महीने दिल्ली की महिलाओं को 1000 रुपए दिए जाएंगे। चुनाव के बाद ये राशि बढ़कर 2100 रुपए प्रति माह होगी। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ये कदम महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देगा और उनके परिवारों में सकारात्मक बदलाव लाएगा। यह योजना महिलाओं के आत्मसम्मान और उनके अधिकारों को सशक्त करने का प्रतीक है। अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी राजनीति आम आदमी की भलाई और सशक्तिकरण पर आधारित है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिया महिलाओं को अद्भुत तोहफा। दिल्ली की हर महिला के हाथ में हर महीने होंगे 2100 रुपए। चाहे महिलाओं के लिए निःशुल्क बस सेवा हो या अब हर महीने 2100 रुपए की सम्मान राशि, अरविंद केजरीवाल की सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए सदैव समर्पित है। जब देश की महिलाएं प्रगति करेंगी, तभी देश प्रगति करेगा। इस क्रांतिकारी स्कीम के लागू होने पर सभी माताओं बहनों को बधाई। केजरीवाल जी जो कहते हैं वो करते हैं। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक जादूगर है। उन्होंने पहले महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा की और अब महिलाओं के लिए 2100 रुपए प्रति महीने की स्कीम निकाली हैं। यह सिर्फ एक ईमानदार सरकार कर सकती है कि वो बाकी प्रोजेक्ट में पैसे बचाए और जनता के पैसे जनता के ऊपर खर्च करे। यह पूरी तरह से गेम चेंजर है। हम बहुत खुशनसीब है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार है। यह गेम चेंजर इसलिए है क्योंकि दिल्ली में एक ईमानदार सरकार है जिसने दिल्लीवालों के टैक्स के पैसे हमेशा दिल्लीवालों के ऊपर ही वापस खर्च किए हैं। चाहें वह महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा हो, बुजुर्गों के लिए फ्री तीर्थयात्रा हो। मुफ्त बिजली, पानी हो। अच्छी शिक्षा हो या लोगों के लिए अच्छा इलाज देना हो। अरविंद केजरीवाल की सरकार ने यह सब कुछ किया। क्योंकि एक ईमानदार सरकार जनता का पैसा जनता पर खर्च करती है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी द्वारा 2100 हर महीने देने की घोषणा के बाद दिल्ली की महिलाएं बोल रही हैं कि बेटा-भाई हो तो केजरीवाल जैसा।

# दिव्यांगों और बुजुर्गों को कृत्रिम अंग वितरित किये गए : जितेन्द्र महाजन



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, ।रोहतास नगर विधान सभा में 400 से अधिक दिव्यांगों, बुजुर्गों को भारत सरकार के उपक्रम इलिंबको के सहयोग से कृत्रिम अंग, बैटरी ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कान के सुनने की मशीन, छड़ी, आदि बाटे गए। रोहतास नगर के विधायक जितेंद्र महाजन के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से इन लाभार्थियों का चयन पिछले दिनो तीन शिविर लगा कर किया गया था। इन शिविरों में इलिंबको के सहयोग से ऐसे जरूरतमंद बुजुर्गों, और दिव्यांगों की पहचान की गई थी। जो गरीब है और गरीबी रेखा से नीचे जीवन जी रहे हैं। और जिन्हे इस प्रकार के सामान की आवश्यकता है। आज के कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों के ई श्रम कार्ड, प्रधान मंत्री स्वनिधि लोन, जीरो बैलेंस के बैंक खाते, आदि की सुविधा भी जनता को दी गई। आज के कार्यक्रम में राम नगर के निगम पार्षद चंद्र मोहन शर्मा, भाजपा जिला मंत्री सुरेन्द्र शर्मा, हितेश सिंह, दीपक शुक्ला, हितेश, संगीता चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# दिल्लीः कल्याणपुरी इलाके में बदमाशों ने बॉडी बिल्डर को गोली मारी, पुलिस ने दो को हिरासत लिया




नई दिल्ली, । देश की राजधानी में कल्याणपुरी थाना इलाके में एक बॉडी बिल्डर को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना कल्याणपुरी थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुरी ब्लॉक-13 की है। पुलिस के मुताबिक, वारदात देर रात करीब 12.30 बजे की है। बॉडी बिल्डर रवि एक मंदिर में सर्दी से बचने के लिए हाथ सेंक रहा था। उसी दौरान हथियार बंद बदमाश आए और उस पर कई राउंड फायरिंग कर दी। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए रवि को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच भी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने इस मामले के संबंध में दो लोगों को हिरासत में लिया है। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि गोलू नाम के एक युवक ने गोलियां चलाई हैं। इलाके में काफी दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासी देवकी नंदन ने बताया कि बॉडी बिल्डर रवि को गोली मारी गई है। हम घर के भीतर थे, हमने गोलियां चलने की आवाज सुनी, तो बाहर निकलकर आए। हम घर में आपस में बाते कर रहे थे, तभी अचानक गोलियों की आवाज आने लगी। कई राउंड फायरिंग की गई थी। पुलिस मामले में अपना काम कर रही है। वहीं एक स्थानीय निवासी सुमित्रा देवी ने कहा कि हमें रात गोली चलने की आवाज सुनी। मेरे सामने पहली बार यहां गोली चली है। हमने गोली चलने की आवाज सुनी। बदमाशों को दिल में खौफ नहीं हैं। वह एक युवक को गोली मारकर चले गए। वो आग के आगे हाथ सेंक रहा था और हुक्का पी रहा था।

# लाखों छात्र-छात्राओं ने एक साथ गीता का पाठ कर रचा इतिहास

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। गीता जयंती के अवसर पर पूज्यनीय गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में गीता जयंती पर करोड़ों भारतवंशियों और लाखों छात्र-छात्राओं ने एक साथ गीता म का पाठ कर इतिहास रचा। कार्यक्रम में गीता के पहले, नौंवे और 18वें अध्याय का पाठ किया गया। गीता पाठ में स्कूली बच्चे, शिक्षक, अभिभावकों के अलावा कई धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के द्वारा स्कूली छात्रों ने गीता उपदेश पर आधारित नाट्य मंचन किया गया। सम्पूर्ण रामायण को हजारों राम भक्तों ने सराहा। वहीं, इस अवसर पर हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री राजेश नागर, विधायक सावित्री जिंदल, सुचित्रा विकास बोर्ड के सदस्य डॉ. ऋषिपाल, जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने अंतरराष्ट्रीय रामलीला कमेटी के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन व अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन की संयोजिका वंदना टंडन को सम्मानित किया गया। डॉ. वेद टंडन ने इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता के लिए सभी स्कूलों और कॉलेजों के प्रशासन और स्टाफ, मंदिरों के पुजारियों और प्रबंधन समितियों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के पदाधिकारियों, संगठनों, और उन सभी व्यक्तियों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपनी सहभागिता और सहयोग से इस एक मिनट एक साथ गीता पाठ को अभूतपूर्व बनाया। उनका समर्पण गीता के अमृतमय ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति और गीता के शाश्वत संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरणादायक प्रयास सिद्ध हुआ, जो भारत की आध्यात्मिक एकता और गौरव का प्रतीक बना। इस अवसर पर राजेश नागर, सावित्री जिंदल, सुभाष सुधा, उपेंद्र सिंघल, मदन मोहन छाबड़ा, विजन नरूला, नेहा सिंह, वरुण सिंघला, डॉ. ऋषिपाल, अशोक रोशा, एम के मुठि्वल, सुशील राणा, पंकज सेटिया आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# बीजेपी ने मेहरौली में आयोजित किया जनसंवाद कार्यक्रम

## बुलंदशहर से सांसद भोला सिंह ने जनता से किया संवाद

भारतीय जनता पार्टी ने मेहरौली इलाके में एक जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व बीजेपी नेता रूबी यादव ने किया। जनसंवाद कार्यक्रम में बीजेपी के बुलंदशहर से सांसद भोला सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली वासियों से सीधा संवाद करना था। जिससे उनकी समस्याओं को सुना जा सके। समाधान के लिए पार्टी की नीतियों का प्रचार हो जा सके। जनसंवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मेहरौली के स्थानीय लोग पहुंचे, जिन्होंने सांसद भोला सिंह से अपनी समस्याओं को साझा किया। इस दौरान सांसद ने दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनने पर किए जाने वाले विकास कार्यों की भी चर्चा की। उन्होंने दिल्ली वासियों से अपील की कि इस बार दिल्ली में बीजेपी को मौका दें, ताकि राजधानी में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके। सांसद भोला सिंह ने दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, दिल्ली सरकार ने दिल्ली वासियों को पीने का स्वच्छ पानी तो छोड़िए, नहाने के लिए पानी तक नहीं दिया। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में बीजेपी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद लोगों को उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। बीजेपी शासन में हम इन समस्याओं को सुलझाने के लिए काम करेंगे और दिल्ली को एक विकसित और सुविधायुक्त शहर बनाएंगे।




# त्रिलोकपुरी में व्यक्ति को गोली मारी; दो धरे गए



नई दिल्ली, । दिल्ली में कथित तौर पर पारिवारिक दुश्मनी के चलते हमलावरों के एक समूह ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में तीन में से दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार की रात उस समय हुई जब पीड़ित रवि यादव (32) त्रिलोकपुरी इलाके में अपने घर के पास अलाव पर हाथ ताप रहा था। पुलिस ने बताया कि रवि को कई गोलियां लगी हैं और उसे उपचार के लिए मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वीरेंद्र यादव नाम के एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि उसके भतीजे को गोली मार दी गई है। पुलिस के बयान के अनुसार, उन्होंने आरोप लगाया कि सुनील गुप्ता उर्फ गोलू और उसके दो साथी गोलीबारी में शामिल थे। पूर्वी दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत में बतौर अधिवक्ता कार्यरत वीरेंद्र यादव ने कहा, रवि और उसके परिवार की गोलू के परिवार के साथ लंबे समय से दुश्मनी है। पुलिस ने कहा, पीड़ित हत्या के प्रयास के एक मामले में शामिल था, जहां उसने और उसके साथियों ने इस वर्ष मार्च में गोलू पर चाकू तथा लाठियों से हमला किया था। पुलिस के अनुसार, आरोप है कि गोलू के भाई विपिन को हाल ही में वीरेंद्र यादव द्वारा दायर कई शिकायतों और सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के कारण अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। उन्होंने बताया कि विवाद को लेकर कड़कड़डूमा अदालत में बुधवार को दोनों परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ताओं के बीच जोरदार बहस हुई। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस अभी भी तथ्यों की पुष्टि कर रही है और जांच जारी है। उन्होंने कहा, नामजद तीन संदिग्धों में से दो को पकड़ लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 109/3 (5) (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# जहां करता था काम, वहीं से हाथ साफ कर दिया महंगे मोबाइल पर

●एयरपोर्ट पुलिस ने कार्गो के वेयरहाउस में चोरी का किया खुलासा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



एयरपोर्ट थाना की पुलिस टीम ने मोबाइल चोरी के आरोप में वेयरहाउस के एक एंप्लॉय को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 15 मोबाइल बरामद किया गया है। वह 1 साल से इस कंपनी में लोडर के रूप में काम करता था। डीसीपी उषा रंगनाली ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के संत रविदास नगर इलाके का रहने वाला है। उस कंपनी के कार्गो वेयरहाउस में 18 मोबाइल चोरी की वारदात हुई थी। उस मामले में पुलिस टीम छानबीन कर रही थी। पुलिस को 16 नवंबर को इस मामले की शिकायत मिली थी। कंपनी के एकाउंटेंट ने इसकी लिखित जानकारी पुलिस में की थी। यहां के वेयरहाउस से लखनऊ, मोहाली और दूसरे जगह पर डिलीवर होता है। जांच में पता चला कि 18 मोबाइल शॉर्ट पाया गया है। लोडिंग या अनलोडिंग के समय मोबाइल चुराया गया है। एसीपी बीके पीएस यादव की देखरेख में एसएचओ सुशील गोयल, इंस्पेक्टर सुमित, हेड कांस्टेबल बिरजू, विश्वजीत और कांस्टेबल नितिन की टीम ने छानबीन शुरू की थी। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाना शुरू किया और 25 दिनों के बाद इस मामले का खुलासा करने में पुलिस कामयाब हुई। इस आरोपी को गिरफ्तार किया, पुलिस ने उस वेयरहाउस में काम कर रहे 10 वर्कर को शॉर्ट लिस्ट किया था। फिर उससे आगे की छानबीन की तो रवि के बारे में पुलिस कंफर्म हो गई और फिर इसके पास से 15 मोबाइल बरामद किए गए। उसने पुलिस को बताया कि वह मोबाइल को वेयरहाउस में ही एक सेफ जगह पर छुपा दिया और फिर एक-एक करके वहां से उसे निकालकर ले गया। वह सभी मोबाइल को बाहर बेचने के फिराक में था। जिससे कि उसे अच्छी रकम हाथ लग सके, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उसकी पोल खोल दी, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल की महिलाओं के लिए घोषणा को झूठी करार दिया, बताया शातिर खिलाड़ी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना शुरू करने की घोषणा की है। इसको लेकर भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल पर निशाना साधा है। भाजपा नेता वीरेंद्र सचदेवा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। आप ने पंजाब चुनाव से पहले वहां पर भी माता और बहनों को राशि देने की घोषणा की थी। वह बताएं आज तक एक रुपया भी किसी के अकाउंट में दिया हो तो। उनके पास जवाब नहीं है, सरकारी खजाना खाली होने का रोना रोते हैं। लोकसभा चुनाव में भी अपने फिर दिल्ली में फॉर्म भरवाए थे। तब भी महिलाओं को वादा किया था कि एक हजार रुपये हम आपको सितंबर तक दे देंगे, अब दिसंबर आ गया है। आपने किसे के भी अकाउंट में एक रुपया भी नहीं दिया है। विधानसभा चुनाव अब नजदीक है, और उन्हें दिख रहा है कि सामने उनकी हार है, तो आपको अब लॉलीपॉप देना है। देश और दिल्ली की जनता सिर्फ पीएम मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है। बेटियों का बहनों का माता का सम्मान पीएम मोदी की गारंटी पूरा करती है। हमने मध्य प्रदेश में सालों साल करके दिखाया, छत्तीसगढ़, ओडिशा और हरियाणा में कर रहे हैं। महाराष्ट्र में तो सम्मान चुनाव से पहले देना शुरू कर दिया था। आप तो सिर्फ झूठी घोषणाएं कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल यदि देना था तो लोकसभा चुनाव के बाद देते, जिसका तुमने वादा किया था। सभी बहनों से तुमने फॉर्म भरवाए थे, वो कहां गए। पंजाब में तो आपकी सरकार बने हुए दो साल हो गए, आज तक आपने एक रुपया भी नहीं दिया। दिल्ली की जनता आपके झूठ को आपके झूठ प्रचार को समझती है। दिल्ली और देश की जनता सिर्फ पीएम मोदी की गारंटी पर यकीन करती है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अरविंद केजरीवाल बातों और घोटालों के जादूगर हैं। कैसे पैसा अपने लिए कमाया जाता है उसके भी जादूगर हैं। किस तरह से काली कमाई से शीश महला बनाया जाता है उसके जादूगर हैं। आपकी यह जादूगरी दिल्ली की जनता ने देखी है। अच्छा होता यदि वे सड़कें बनाने, पानी की समस्या, सीवेज की समस्या को दूर करने में जादूगरी दिखाते। आपने बिजली के बिल बढ़ाने से जादूगरी दिखाई। दिल्ली में भ्रष्टाचार करने में दिखाई है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक शातिर खिलाड़ी हैं। उनको पता है कि पैसे नहीं देने हैं। जानबूझकर नियमों का उल्लंघन करना और बाद में फिर शोर मचाएंगे कि उपराज्यपाल ने मेरी फाइल को रोक दिया।

# दिल्ली पीआरएस की सेवाएं 14-15 दिसंबर की रात को पांच घंटों के लिए बंद रहेंगी

नई दिल्ली, ।दिल्ली पीआरएस में फाइलों के कम्प्रेशन के कारण 14-15 दिसंबर की रात को पांच घंटों के लिए पीआरएस सेवाएं बंद रहेगी। उत्तर रेलवे ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली पीआरएस में फाइलों के कम्प्रेशन के मद्देनजर पीआरएस साइट 14 दिसंबर को रात्रि 23.45 बजे से 15 दिसंबर को प्रातः 4.45 बजे तक कुल पांच घंटों के लिए बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान दिल्ली साइट के लिए पीआरएस एप्लीकेशन की पीएनआर पूछताछ, करंट रिजर्वेशन, निरस्तीकरण, चार्टिंग, ईडीआर (असाधारण डेटा रिपोर्ट) और काउंटरों पर पीआरएस रिपोर्ट सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी।

# नीरज बवाना गिरोह का बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

नई दिल्ली, ।दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर नीरज बवाना गिरोह के 50 हजार के इनामी बदमाश राकेश उर्फ सनी को गिरफ्तार किया है। इसपर हत्या, हत्या के प्रयास, सशस्त्र डकैती, शस्त्र अधिनियम सहित 45 मामले दर्ज हैं। आरोपी की जेल में बंद गैंगस्टरों नीरज बवाना, सुनील

# यह समझ से परे है कि जब किसी राज्य में सरकार बीच में ही अल्पमत में आ जाएगी, तब क्या वहां मध्यावधि चुनाव नहीं होंगे : संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

केंद्र सरकार द्वारा वन नेशन, वन इलेक्शन को मंजूरी देने का आम आदमी पार्टी ने सख्त विरोध किया है। ह्लआपह्व के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि देश को वन नेशन, वन एजुकेशन और वन नेशन, वन हेल्थकेयर सिस्टम की जरूरत है, ना कि वन नेशन, वन इलेक्शन की। वन नेशन, वन इलेक्शन भाजपा की गलत प्राथमिकता है। वहीं, वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार का नारा केवल वन नेशन, वन अडानी है ।मोदी जी सिर्फ. एक दोस्त को भारत की संपत्ति बेचना चाहते हैं और वह उसके लिए ही काम कर रहे हैं। संजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार में एक ही नारा है, ह्वन नेशन, वन अडानीह्व उनको देश की संपत्तियों को बेचने के लिए एक अपना दोस्त चाहिए और इसके लिए वह काम कर रहे हैं। जहां तक ह्वन नेशन, वन इलेक्शनह्व का सवाल है, इसमें मुझे यह समझ में नहीं आता कि अगर पांच साल के लिए एक निर्वाचित सरकार है और वह सरकार बीच में अल्पमत में आ गई, तो आप क्या करेंगे? क्या वहां दोबारा मध्यावधि चुनाव नहीं होंगे? संजय सिंह ने कहा कि मान लिया जाए कि अगर इन्होंने एक बार पूरे देश में एक साथ चुनाव करा दिया, तो महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में अभी सरकार बनी है। अभी पंजाब और उत्तर प्रदेश का कार्यकाल बाकी है। आप पूरे देश का एक साथ चुनाव कैसे करा देंगे? जिन सरकारों के कार्यकाल बाकी हैं, उनका चुनाव कैसे करा देंगे? और सबसे बड़ा सवाल मेरा यह है कि यह बहानेबाजी है कि सरकार कह रही है कि एक साथ चुनाव कराने से खर्चे कम आएंगे। क्या एक साथ चुनाव कराने से वोटर्स की संख्या कम हो जाएगी? क्या ईवीएम की संख्या कम हो जाएगी? एक साथ चुनाव कराने में भी उतने ही वोटर्स हिस्सा लेंगे, जितने अलग-अलग समय पर चुनाव में हिस्सा लेंगे। इसमें खर्चे का सवाल कहां से आ गया? फिर ये आचार संहिता की बात करते हैं। मान लिया जाए कि अगर राज्य का चुनाव है, तो ऐसे में उतने ही समय के लिए आचार संहिता लगती है, जैसे देश भर में होने वाले चुनाव के समय लगती है।

# दिल्ली में इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की गई

नई दिल्ली, । राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को इस सर्दी के मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान तेजी से गिरकर 4.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। दिल्ली में आयानगर और पूसा सहित अलग-अलग स्थानों पर शीत लहर की स्थिति देखी गई। आयानगर में न्यूनतम तापमान 3.8 और पूसा में 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, वास्तविक तापमान के 4.1 डिग्री सेल्सियस से नीचे चले जाने या सामान्य तापमान के 4.4 डिग्री सेल्सियस और उससे भी नीचे दर्ज किए जाने पर शीत लहर की स्थिति बनती है। मौसम विभाग ने कहा कि बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस रहा और 14 साल बाद ऐसा पहली बार ऐसा हुआ है कि दिसंबर की शुरूआत में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान सबसे कम न्यूनतम तापमान छह दिसंबर 1987 को 4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने दिन में आसमान साफ रहने और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। दिल्ली में बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता ह्लखराबह्व श्रेणी में दर्ज की गई और सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 262 रहा, जबकि बुधवार को यह ह्लमध्यमह्व श्रेणी में दर्ज किया गया।

# केजरीवाल ने की महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा, चुनाव के बाद खाते में हर महीने आएंगे 2,100 रुपये

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। दिल्ली विधानसभा चुनाव बिल्कुल नजदीक आ गया है और उसको देखते हुए अब आम आदमी पार्टी ने अपनी घोषणाओं का पिटारा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ऑटो चालकों के बाद दिल्ली की महिलाओं को साधने की कोशिश की है और इसके लिए अरविंद केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना नाम से एक कार्यक्रम में महिलाओं के लिए गुरुवार से ही हर महीने उनके अकाउंट में 1,000 भेजने का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने इस 1,000 को चुनाव के बाद 2,100 रुपये करने का वादा महिलाओं से किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज मैं दिल्ली के लोगों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करने आया हूं और ये दोनों घोषणाएं दिल्ली की महिलाओं के लिए हैं। मैंने वादा किया था कि महिलाओं के अकाउंट में 1 हजार रुपये डाले जाएंगे। आज आतिशी के नेतृत्व में ये फैसला कैबिनेट में पास हो चुका है। ये योजना दिल्ली में लागू हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी माताएं और बहनें बच्चों का पालन पोषण करती हैं। घर की जिम्मेदारी उठाती हैं। घर को सही तरीके से चलती हैं और बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाती हैं और यही जिम्मेदार बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य बनते हैं। इसलिए आम आदमी पार्टी ने यह फैसला लिया था कि हम महिलाओं के अकाउंट में 1,000 रुपये हर महीने डालेंगे। यह योजना हमने मार्च में ही बनाई थी ताकि मई और जून से पैसे महिलाओं के अकाउंट में पहुंचने लगें। लेकिन साजिश करके मुझे जेल भेज दिया गया और अब मैं 6 से 7 महीने रहकर जेल से बाहर आया हूं और आते ही मैं आतिशी के साथ मिलकर इस योजना को पूरा करने में जुट गया था। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गुरुवार को सुबह 10 बजे आतिशी के साथ हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला पास हो गया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं अपनी दूसरी बड़ी घोषणा करना चाहता हूं और उसके मुताबिक जिस 1,000 को कैबिनेट से मंजूरी मिली है उसे चुनाव के बाद 2,100 कर दिया जाएगा, क्योंकि हमें कुछ महिलाओं ने आकर कहा था कि महंगाई काफी बढ़ गई है। इसलिए अब 1,000 रुपये की जगह चुनाव के बाद दिल्ली सरकार की तरफ से हर महिला के लिए जो रजिस्ट्रेशन करवाएगी उसके अकाउंट में डाले जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब मैंने यह घोषणा की थी कि मैं बिजली मुफ्त दूंगा तो भाजपा वाले कहते थे कि कैसे कर पाओगे यह नहीं हो सकता। लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं जादूगर हूं और मैं अकाउंट का जादूगर होने के नाते यह जानता हूं कि किन खर्चों को कम करना है और किसकी भरपाई किसकी कटौती से करनी है।

# टाटा पावर-डीडीएल की लोक अदालत शनिवार को

## बिजली चोरी और कनेक्शन मामलों का होगा निपटारा

नई दिल्ली। टाटा पावर-डीडीएल ने बिजली चोरी और बंद कनेक्शनों के मामलों का तुरंत समाधान करने के लिए 14 दिसंबर 2024 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत आयोजित करने की घोषणा की है। यह लोक अदालत सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक पीएलए-1, सब-स्टेशन बिल्डिंग 2/13, सेक्टर-13, रोहिणी, दिल्ली (वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल के पास) में आयोजित की जाएगी।

टाटा पावर डीडीएल के प्रवक्ता ने बताया कि इसके लिए एक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया होगी। इच्छुक लोग हेल्पलाइन नंबर 19124 पर कॉल करके या eÔc.cÔre@tÔtÔpower-ddl.com पर ईमेल के जरिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

रजिस्टर्ड लोगों को अपना फोटो आईडी और बिजली चोरी संबंधी बिल लेकर वहां पहुंचना होगा।

साथ ही, बिना रजिस्ट्रेशन के आने वाले उपभोक्ता विवादित बिल के साथ आधार कार्ड लेकर सीधे आयोजन स्थल पर आ सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा और बिजली चोरी और बंद कनेक्शन के मामलों का मौके पर समाधान किया जाएगा।

बिल का भुगतान चेक, डिमांड ड्राफ्ट, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन पेमेंट और नकद किया जा सकता है।

यदि उपभोक्ता इस अवसर का लाभ नहीं उठाते, तो टाटा पावर-डीडीएल विद्युत अधिनियम, 2003 और डीईआरसी नियमों के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी।

टाटा पावर-डीडीएल ने इस लोक अदालत की सफलता के लिए अपने उपभोक्ताओं को सभी माध्यमों से जानकारी देने का प्रयास किया है।

# हरियाणा में दो चरणों में होंगे शहरी निकाय चुनाव

प्रात: किरण संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार की हरि झंडी के बाद राज्य चुनाव आयोग प्रदेश में शहरी निकायों के चुनाव कराने की तैयारी में जुट गया है। प्रदेश में 34 शहरी निकायों के चुनाव दो चरण में होंगे। पहले चरण में तीन नगर निगम, तीन नगर परिषद और 21 नगर पालिकाओं के चुनाव कराए जाएंगे।

यह चुनाव चार फरवरी से पहले संपन्न करा लेने की राज्य चुनाव आयोग की योजना है। दूसरे चरण में पांच नगर निगम, पांच नगर परिषद और एक नगर पालिका के चुनाव होंगे।

पहले चरण में गुरुग्राम, फरीदाबाद और मानेसर में होंगे चुनाव

राज्य चुनाव आयोग ने पहले चरण में जिन तीन नगर निगमों के चुनाव कराने का निर्णय लिया है, उनमें गुरुग्राम, फरीदाबाद और मानेसर नगर निगम शामिल हैं। मानेसर नया निगम बना है, जहां पहली बार चुनाव होंगे।

सोनीपत व अंबाला नगर निगमों में मेयर के उपचुनाव होंगे। सोनीपत के मेयर निखिल मदान विधायक बन चुके हैं, जबकि अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा कालका से विधायक चुनी जा चुकी हैं। जिन तीन नगर परिषदों के चुनाव पहले चरण में कराए जाने हैं, उनमें अंबाला छावनी, पटौदी और सिरसा नगर परिषद शामिल हैं।



## चुनाव की तैयारियों में जुटा आयोग

### पहले चरण में इन नगर पालिकाओं में होंगे चुनाव

थानेसर नगर परिषद में अभी वार्डबंदी का काम पूरा नहीं हो पाया है, जिस कारण वहां दूसरे चरण में चुनाव होगा। पहले चरण में जिन 21 नगर पालिकाओं में चुनाव होंगे, उनमें बराडा, बवानीखेड़ा, लोहारू, सिवानी, फर्रुखनगर, जाखल मंडी, नारनौंद, बेरी, जुलाना, कलायत, पूंडरी, इंद्री, नीलोखेड़ी, अटेली मंडी, कनीना, तावडू, हथीन, कलानौर, खरखौदा और रादौर शामिल हैं। कालांवाली नगर पालिका का केस अदालत में चल रहा है, इसलिए वहां दूसरे चरण में चुनाव कराने की सरकार की योजना है।

### दूसरे चरण में इन नगर निगमों में होंगे चुनाव

हरियाणा के चुनाव आयुक्त धनपत सिंह के अनुसार पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सरकार ने चार फरवरी से पहले चुनाव कराने का भरोसा दिला रखा है। ऐसे में राज्य चुनाव आयोग की पूरी कोशिश होगी कि चार फरवरी से पहले प्रथम चरण के चुनाव संपन्न करा लिए जाएं।

यदि किसी कारण से इसमें देरी हुई तो माननीय हाईकोर्ट से कुछ समय आगे बढ़ाने का अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में बाकी बचे पांच नगर निगमों करनाल, पानीपत, हिसार, रोहतक और यमुनानगर में चुनाव कराए जाएंगे। थानेसर और कालांवाली के चुनाव भी दूसरे चरण में होंगे।

### 6 जनवरी को जारी होंगी अंतिम मतदाता सूचियां

हरियाणा में पहले चरण में होने वाले शहरी निकाय चुनाव के लिए छह जनवरी को अंतिम मतदाता सूचियां जारी होंगी। इसके लिए राज्य चुनाव आयोग ने शेड्यूल घोषित कर दिया है। केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से राज्य चुनाव आयोग को 12 सितंबर 2024 तक की मतदाता सूचियां उपलब्ध करा दी गई हैं, जिनके आधार पर राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनाव हुए हैं। नौ दिसंबर से 16 दिसंबर तक मतदाता सूचियों को वार्डों में बांटने का काम होगा। 17 दिसंबर को इन्हें प्रकाशित कर दिया जाएगा। 23 दिसंबर तक इन मतदाता सूचियों पर दावे व आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। उसके बाद रिवाइजिंग अथॉरिटी एसडीएम, डीआरओ और नगराधीश 27 दिसंबर तक आपत्तियों का निपटान करेंगे। रिवाइजिंग अथॉरिटी के निर्णय के विरुद्ध चार दिन यानी 31 दिसंबर तक डीसी के पास अपील डाली जा सकेगी। डीसी तीन जनवरी तक इन अपीलों का निपटान करेंगे तथा छह जनवरी को फाइनल मतदाता सूचियांजारी कर दी जाएंगी।

### हरियाणा में शहरी निकाय चुनाव में क्यों हुई देरी?

राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने हरियाणा में शहरी निकाय चुनाव में देरी का कारण स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि हमें केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से पहले लोकसभा और फिर विधानसभा चुनाव होने के कारण मतदाता सूचियां प्राप्त नहीं हुई थी। इसके अलावा वार्डों का आरक्षण, मेयर व प्रधान पदों का रिजर्वेशन तथा राज्य सरकार द्वारा बीसी बी के लिए आरक्षण की व्यवस्था के बाद नए सिरे से वार्डों का निर्धारण किया जाना है।

उन्होंने बताया कि जनवरी के दूसरे सप्ताह में शहरी निकाय चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया जाएगा। पहले फेज के चुनाव चार फरवरी से पहले कराने की योजना है, जबकि दूसरे फेज के चुनाव भी राज्य सरकार की मंजूरी मिलने के बाद उसके 10 से 15 दिनों के भीतर करा लेने की योजना पर आयोग आगे बढ़ रहा है।

### मेयर और प्रधानों के चुनाव सीधे मतदान से होंगे

हरियाणा में ईवीएम से यह चुनाव होंगे। मेयर, नगर परिषद के प्रधान और नगर पालिका के प्रधान के चुनाव डायरेक्ट मतदान के जरिए होंगे। यानी ठीक उसी तरह, जिस तरह से विधानसभा के चुनाव होने हैं। वार्डों में चुनाव की पुरानी प्रक्रिया ही अपनाई जाएगी, लेकिन वहां भी ईवीएम से ही चुनाव होंगे।

# हिसार में 6595 मकान मालिकों को मिलेगा मालिकाना हक, लाल डोरा मुक्ति की प्रक्रिया शुरू

प्रात: किरण संवाददाता

हांसी। शहर में अब गांवों की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों को भी लाल डोरा मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू होगी। सरकार की ओर से अब लाल डोरे के अंतर्गत आने वाली जमीनों को लेकर बड़ा कदम उठाया है। इसका बड़ा फायदा यह होगा कि अनियोजित ढंग से रह रहे लोगों को अपनी संपत्तियों का मालिकाना हक मिल सकेगा।

6595 मकानों को मिलेगा मालिकाना हक

वह अपनी प्रॉपर्टी का पंजीकरण कराने के साथ ही उसकी खरीद-फरोख्त कर सकेंगे। संपत्तियों के लाल डोरा मुक्त होने के बाद उनकी कीमत एकाएक बढ़ जाएगी तथा उन पर लोन भी लिया जा सकेगा। फिलहाल शहर के लाल डोरे के अंतर्गत करीब 6595 मकानों का मालिकाना हक संबंधित लोगों को दिए जाएंगे।

इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बता दें कि नगर परिषद क्षेत्र में 42 हजार प्रॉपर्टी आइडी हैं, अर्थात इतनी संख्या में भू संपत्ति हैं। इसमें में तकरीबन 6 हजार 595 संपत्ति लाल डोरे की जमीन के अंतर्गत आती है। जिनका लोगों के पास कोई संपत्ति का प्रमाण पत्र नहीं है। इन संपत्तियों पर सिर्फ कब्जे के तहत व्यक्ति मालिक बने हुए हैं।

सर्वे के बाद तैयार होगा घर का नक्शा

लाल डोरे के अंदर आते मकानों में रह रहे लोगों को मालिकाना हक देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए नप कर्मचारियों की टीम लाल डोरे के अंदर रह रहे लोगों का डाटा एकत्रित कर बिल बांटने की तैयारी में जुट गई हैं। ताकि लोगों को जल्द से जल्द घरों का मालिकाना हक दिया जा सके। वहीं, दोनों के रिकार्डों का मिलान होगा और निशानदेही होगी। जिसके बाद सर्वे करवाया जा रहा है।

सर्वे के बाद हर घर का एक नक्शा तैयार करवाया जा रहा है। फिलहाल नप की ओर से मालिकाना हक देने से पहले लोगों के एतराज मांग रहे हैं। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि लोगों को 15 दिन के भीतर अपने एतराज दर्ज करवाने हैं।

अगर लोगों की ओर से किसी को मालिकाना हक देने पर आपत्ति जताई जाती है तो उसको पहले क्लियर किया जाएगा। जिसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं, अगर कोई भी आपत्ति नहीं प्राप्त होती तो घर के मालिकाना हक का सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाएगा।

हक मिलने के बाद प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त होगी आसान

सरकार की ओर से गांवों को लाल डोरा से मुक्त कराया जा रहा है और यह काम पूरा होने वाला है। लाल डोरा मुक्त योजना की शुरूआत देश में सर्वप्रथम हरियाणा ने की थी, जिसे बाद में देशभर में स्वामित्व योजना के नाम से लागू किया गया। इस महत्वाकांक्षी योजना में गांवों और शहरों को लाल डोरा से मुक्त करने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए जाते हैं।

अवैध कब्जों पर लगेगी रोक, सुरक्षित रहेगी संपत्ति

लाल डोरे की जमीन पर बिना निगरानी के अक्सर अवैध कब्जा होने का खतरा रहता है। अक्सर अवैध कब्जे के झगड़े सामने आते रहते हैं। लेकिन संपत्ति का प्रमाण पत्र मिलने पर संबंधित व्यक्ति की संपत्ति कानूनी रूप से सुरक्षित रह सकेगी।

# दिल्ली से ज्यादा ठंडा रहा एनसीआर

प्रात: किरण संवाददाता

रेवाड़ी। धीरे-धीरे सर्दी के तेवर तीखे होने लगे हैं। एनसीआर के रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और नारनौल में दिल्ली से ज्यादा सर्दी पड़ रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक, आज बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे सर्द सुबह रहा। बुधवार को न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस था। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस रहा। सिंघाना रोड से महावीर चौक की तरफ गर्म कपड़े पहन साइकिल पर जाता युवक। पिछले साल की तुलना में दिसंबर पहले 12 दिन ज्यादा ठंडक रहे हैं। वहीं, नारनौल में 2.2 डिग्री सेल्सियस और महेंद्रगढ़ में 1.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

महावीर चौक पर सुबह ठंड बढने के कारण आग जलाकर अपना बचाव करते लोग। पिछले छह दिनों से न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है। बृहस्पतिवार को सुबह से ही आसमान साफ होने और धूप निकलने के बाद भी ठिठुरन से राहत नहीं मिल रही है।

खुले में रखे टंकियों का पानी फ्रीज में रखे हुए ठंड की तरह है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अभी सर्दी का फसलों विशेषकर गेहूं और सरसों के लिए फायदेमंद है। दिन में अच्छी धूप निकलने से फसलों को फायदा मिलेगा। दिल्ली में लगातार दूसरे दिन शीत लहर जैसी स्थिति



दिल्ली में बृहस्पतिवार सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम दर्ज हुआ।

दिल्ली में हाथ-कान ढककर गुजरते वाहन चालक। फोटो- जागरण

बृहस्पतिवार की सुबह इस सीजन में सबसे अधिक ठंड रही और न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आने वाले दो-तीन दिन ऐसी ही स्थिति रह सकती है।

दिल्ली में ठंड व शीत लहर से बचने के लिए कुछ इस तरह गर्म कपड़ों से अपने आप को ढके लोग। फोटो-ध्रुव कुमार दिल्ली में कड़ाके की ठंड शुरू, टूटा इस सीजन का रिकॉर्ड; मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट गुरुग्राम में 6.2 डिग्री पारे के साथ सीजन की सबसे सर्द सुबह रही

गुरुग्राम में लगातार पारा लुढ़क रहा है। 6.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बुधवार को सीजन की सबसे सर्द सुबह रही। छह बजे से नौ बजे तक ठंडी हवा ने ठिठुरन बढ़ा दी।

दिन में अच्छी धूप खिली और दिनभर मौसम साफ रहा। अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तीन दिन से लगातार तापमान में गिरावट आने से सुबह-शाम अचानक सर्दी बढ़ गई है। लोग अब गरम कपड़े पहने हुए नजर आने लगे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार बृहस्पतिवार को भी शीतलहर की स्थिति बनने की संभावना है। सर्दी पड़ने से खरीफ की फसलों गेहूं, जौ और सरसों को फायदा मिलेगा। गेहूं की बढवार अच्छी होगी। न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

# 22 दिसंबर तक रुड़की रेलवे स्टेशन पर इन 8 जोड़ी ट्रेनों का होगा ठहराव

प्रात: किरण संवाददाता

रुड़की में भारतीय सेना अग्निवीर में भर्ती प्रक्रिया शुरू हो रही है। रुड़की में आयोजित होने वाली भारतीय सेना (अग्निवीर) में भर्ती को रेलवे ने भी इंतजाम किए हैं। 11 दिनों के दौरान 8 जोड़ी यानी कुल 16 अप व डाउन लाइन पर चलने वाली ट्रेनों का ठहराव होगा। जिन ट्रेनों को रुड़की रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया गया है वह यमुनानगर, अंबाला व सहारनपुर से होकर गुजरती है। अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया को देखते हुए लिया फैसला

रुड़की में आर्मी की छावनी हैं। यहां पर भारतीय सेना के द्वारा अग्निवीर के तहत प्रक्रिया होगी। अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया को लेकर बड़ी संख्या में युवा पहुंचते हैं। जिसके कारण ट्रेनों में बड़ी भीड़ रहती है।

युवाओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अंबाला, यमुनानगर रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली व अमृतसर और जम्मू से आने वाले 16 ट्रेनों यानी आठ जोड़ी ट्रेनों का रुड़की स्टेशन पर अस्थाई ठहराव रहेगा।

इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

रेलवे ने रुड़की में रुकने वाली जननायक एक्सप्रेस, जनसाधारण एक्सप्रेस, बेगमपुरा, मोरध्वज एक्सप्रेस, दुर्गियाना एक्सप्रेस, गुरुमुखी एक्सप्रेस, अकाल तख्त एक्सप्रेस ट्रेनों को शामिल किया है। सीनियर डीसीएम अंबाला मंडल एनके झा ने बताया कि रुड़की में अग्निवीर की भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो रही है।

अग्निवीर में भर्ती में हिस्सा लेने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे ने इंतजाम किए है। ट्रेनों को दो मिनट का स्टापेज रहेगा। बताया कि इस रुट पर चलने वाली अप व डाउन साइड की ट्रेनों को ठहराव होगा। अस्थाई ठहराव मंगलवार से 22 दिसंबर तक जारी चलेगा।

किसानों की आढ़त की मांग

अनाज मंडी के आढ़तियों ने प्रदेश सरकार से बेचे गए धान पर लगने वाली आढ़त देने की मांग की है। मंडी के प्रधान कृष्ण ढुल, पूर्व प्रधान रणधीर सिंह, सतनारायण, राम कुमार, ईश्वर सिंह ने बताया कि धान के सीजन में मंडी के आढ़तियों ने किसानों की धान की फसल खरीद एजेंसी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को बेचा था।

# हाथ छोड़ एक टायर पर 40 की स्पीड से 2.3 किमी चलाई बाइक, रोहतक के फौजी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतक। हाथ छोड़कर एक टायर पर 40 की स्पीड से बाइक चलाकर रोहतक के एक फौजी ने विश्व रिकार्ड बना दिया है। हरियाणा के रोहतक जिला के गांव जिंदराण गांव निवासी फौजी मनीष ने मंगलवार को यह उपलब्धि हासिल की।

13 साले पहले आर्मी में भर्ती हुए मनीष राठी अब हवलदार के पद पर बेंगलुरु में तैनात हैं। 32 वर्षीय मनीष ने बताया कि यह रिकार्ड बनाने के लिए उन्होंने वर्ष 2022 में ठान लिया। जिसके लिए पिछले छह महीने से प्रैक्टिस की। वे रोजाना तीन से चार घंटे इसकी प्रैक्टिस करते और मंगलवार को रिकॉर्ड कायम कर देशवासियों को गौरवांवित किया।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

आर्मी में हवलदार मनीष ने सबसे लंबी बेसिक हैंड्स-फ्री व्हीली का विश्व रिकार्ड तोड़ते हुए 2.349 किलोमीटर तक बाइक चलाई। फौजी मनीष ने बेंगलुरु में 2349 मीटर तक बिना हाथ लगाए एक टायर पर बाइक चलाकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है।

10 दिसंबर को बेंगलुरु-चेन्नई एक्सप्रेसवे पर 3 मिनट 54 सेकेंड तक करीब 40 की स्पीड से उन्होंने बाइक चलाई। उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हो गया है।

अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी का रिकॉर्ड तोड़ा

मनीष राठी ने भारतीय सेना (एएससी) बैंगलुरु में कार्यरत होने के साथ ही खेल में भी उच्च प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भारतीय सेना, समाज और देश का नाम रोशन किया है। मनीष राठी ने अपने अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी 2022 यूएसए राइडर का 580 मीटर तक बिना हाथ लगाए एक टायर पर बाइक चलाने का रिकॉर्ड तोड़ा है।

बैंगलुरु-चेन्नई एक्सप्रेसवे पर राइडिंग

मनीष ने साबित कर दिखाया है कि एक जवान बॉर्डर पर प्रहरी बनकर जहां सबकी रक्षा के लिए खड़ा है, वहीं खेलो में भी विश्व गिनीज बुक रिकॉर्ड अपने नाम किया है। 264वें सेना सेवा कोर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित यह कार्यक्रम एएससी सेंटर एंड कॉलेज और बैंगलुरु-चेन्नई एक्सप्रेसवे पर हुआ।

# प्रभु राम के मंदिर में विराजमान होने की पहली वर्षगांठ पर मनेगा महा उत्सव

## तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी शुरू

अयोध्या। अयोध्या में एक बार फिर महा उत्सव की तैयारी हो रही है। यह महा उत्सव प्रभु राम के मंदिर में एक साल विराजमान होने के मौके पर मनाया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट प्रभु राम के पहले वर्षगांठ को ऐतिहासिक और भव्य बनाने की तैयारी में जुट गया है। अगले साल 11 जनवरी 2025 को पौष माह की द्वितीया तिथि पड़ रही है। इस तिथि के दिन साल 2024 में प्रभु राम मंदिर में विराजमान हुए थे, जिसके बाद अब 10-11 और 12 जनवरी इन तीन दिनों तक अयोध्या में प्रभु राम के विराजमान होने की पहली वर्षगांठ मनाई जाएगी। ऐसे में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी की गई है, जो एक दिन पहले शुरू होगा और एक दिन बाद तक चलेगा। ऐसे में 10 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठम महोत्सव के वार्षिक उत्सव शुरू किया जाएगा, जिसमें रामाचा का पाठ वेद का पारायण रामचरितमानस का पाठ यज्ञ अलग-अलग तरीके के धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। इस तीन दिवसीय महा उत्सव में आम श्रद्धालु भी शामिल हो। इस पर राम मंदिर ट्रस्ट विचार विमर्श भी कर रहा है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने बताया कि पहली वर्षगांठ को राम मंदिर ट्रस्ट प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाएगा। इसके लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कई प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। जहां तीन दिनों तक यज्ञ होगा साथ ही वेद पाठ और रामचरितमानस का पाठ होगा। जहां प्रभु राम का अभिषेक किया जाएगा।

# वैज्ञानिक के नाबालिग बेटे ने जांच को गुमराह करने के बाद मां की हत्या की बात कबूली

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक वैज्ञानिक के नाबालिग बेटे ने यहां अपने घर पर अपनी मां की हत्या करने की बात कबूल की है। इससे पहले लड़के ने अपने पिता और पुलिस जांच को गुमराह करते हुए दावा किया था कि उसकी मां की मौत दुर्घटनावश गिरने से हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीन दिसंबर को आरती वर्मा की उस वक्त मौत हो गई थी जब 11वीं में पढ़ने वाले उनके बेटे ने उन्हें धक्का दे दिया था और उनका सिर दीवार से जा टकरा था। पुलिस अधीक्षक (उत्तर) जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विस्तृत जांच के दौरान पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ। उन्होंने बताया, ह्यदो घंटे की पूछताछ के बाद किशोर ने स्वीकार किया कि उसने बहस के दौरान अपनी मां को धक्का दे दिया था जिससे उनके सिर में घातक चोट लग गई थी।उन्होंने बताया कि आरती के पति राम मिलन चेन्नई में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में सहायक वैज्ञानिक के तौर पर कार्यरत हैं और उन्होंने तीन दिसंबर की शाम को अपनी पत्नी को फोन किया।श्रीवास्तव ने बताया कि जब दो दिन तक फोन बंद रहा तो उन्होंने सात दिसंबर को अपनी साली ज्ञांती देवी को घर जाने के लिए कहा लेकिन घर बाहर से बंद था। अगली शाम गोरखपुर लौटने पर राम मिलन ने अपनी पत्नी का शव फर्श पर पड़ा पाया।पुलिस ने बताया कि उनका बेटा शिव मंदिर के पास मिला और उसने शुरूआत में पुलिस और अपने पिता को बताया कि उसकी मां की मौत गिरने से हुई है। पुलिस ने बताया कि किशोर ने दावा किया कि घबराहट के कारण उसने घर को बाहर से बंद कर दिया और चार दिनों तक इधर-उधर भटकता रहा।

# अवैध निर्माण को लेकर सपा सांसद बर्क को नोटिस

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। उन्हें अवैध निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश रेगुलेशन ऑफ बिल्डिंग ऑपरेशन के तहत नोटिस दिया गया है। सपा सांसद के अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन और भारी जुमार्ने की तलवार लटक रही है। बिना नक्शा पास कराए, निर्माण कराने को लेकर उनको नोटिस दिया गया है। प्रशासन की तरफ से रेगुलेशन ऑफ बिल्डिंग ऑपरेशन 1958 के तहत उन्हें नोटिस भेजकर इस पूरे मामले को लेकर जवाब मांगा गया है। पूरे मामले को लेकर एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया, यूपी रेगुलेशन ऑफ बिल्डिंग ऑपरेशन के तहत जियाउर रहमान बर्क को एक नोटिस दिया गया है। इसकी धारा 10 में प्रावधान है कि कोई भी बिल्डिंग जो विनियमित क्षेत्र में बनाई जाएगी, वो कोर्ट से नक्शा पास कराकर ही बनाई जाएगी, उन्होंने ऐसा नहीं किया था।

# महाकुंभ 2025 : हर घर जल गांव बसाएगी योगी सरकार, 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में शुरू हुई तैयारी



लखनऊ/महाकुंभनगर। योगी सरकार महाकुंभ 2025 में हर घर जल गांव बसाएगी। पेयजल का समाधान, मेरे गांव की पहचान थीम पर यह गांव 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में बसेगा। इसमें एक तरफ जहां जल जीवन मिशन बुंदेलखंड में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की कहानी सुनाई जाएगी, वहीं दूसरी तरफ महाकुंभ में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के नए गांवों की सफलता की दास्तां से भी श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी परिचित होंगे। योगी सरकार के मार्गदर्शन में ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग महाकुंभ में इसकी तैयारी कर रहा है। कभी प्यासे रहे बुंदेलखंड में योगी सरकार के प्रयास से पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। सफलता की इस कहानी को लेकर पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान थीम पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी 5 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगी। 51 दिन तक चलने वाली प्रदर्शनी में अलग-अलग कार्यक्रम भी होंगे। प्रदर्शनी में बुंदेलखंड के ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया जाएगा, जिसमें वे बुंदेलखंड में बदलाव की कहानी बयां करेंगी।

बांदा, झांसी, चित्रकूट के जिन गांवों में पानी न होने के कारण शादी नहीं हो पाती थी, वहां भी योगी सरकार ने ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल पहुंचाया। ललितपुर व महोबा के उन गांवों की महिलाएं, पानी ढोने के कारण जिनके सिर से बाल गायब हो गए थे। वे भी डबल इंजन सरकार के अतुलनीय कार्य को महाकुंभ में शुद्ध पानी से जीवन में आए बदलाव की कहानी को बयां करेंगी।

ललितपुर से सटे मध्य प्रदेश के बॉर्डर के बाल विहट गांव में एक ही कुआं था। इसमें सांप रहते थे, इसके बावजूद यहां के लोग कभी उसी कुएं का पानी पीते थे। मोदी-योगी सरकार ने इस गांव के लोगों को भी शुद्ध पेयजल पहुंचाया। यहां के ग्रामीण भी बदलाव की गाथा बयां करेंगे। महाकुंभ में देश के विभिन्न राज्यों व हिस्सों से श्रद्धालु, पर्यटक आएंगे। इसलिए प्रदर्शनी में हर जानकारी बहुआयामी भाषाओं में मिलेगी। यहां हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, तेलगू और मराठी में लोग जल जीवन मिशन के माध्यम से बदले यूपी के बारे में अवगत हो सकेंगे। प्रदर्शनी में जल जीवन मिशन से विंध्य-बुंदेलखंड में आए बदलाव को लेकर सफलता की कहानी का भी संकलन पुस्तक के माध्यम से प्रदर्शित होगा।

ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग की तरफ से महाकुंभ में ह्यजल मंदिरह्व भी बनाया जाएगा। जल मंदिर में भगवान शिव की जटा से गंगा धरती पर आएंगी। इसके जरिए संदेश दिया जाएगा कि जल प्रसाद है। जल जीवनदायी है। इसे बर्बाद न करें, बल्कि इसका संरक्षण करें। जल मंदिर में सुबह-शाम जल आरती भी होगी। इस आरती में जल जीवन मिशन की गाथा, जल संरक्षण का संदेश भी होगा।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव: एक करोड़ 27 लाख लोगों ने किया वैश्विक गीता का पाठ

प्रात: किरण संवाददाता

कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर, सन्निहित सरोवर व प्रदेश भर के 182 महाभारत कालीन तीर्थों पर दीपदान के साथ सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव संपन्न हो गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीपदान की परंपरा को निभाया।

दीपदान से पूर्व सुबह मुख्यमंत्री गीता की प्रादुर्भाव स्थली पर पहुंचे और यहां गीता जी का पूजन किया व हवन में आहुति डाली। इसके बाद सुबह 11 बजे कुरुक्षेत्र का थीम पार्क ऐतिहासिक वैश्विक गीता पाठ का साक्षी बना।

एक करोड़ 27 लाख लोग आनलाइन माध्यम से जुड़े और स्वामी ज्ञानानंद महाराज के साथ गीता के तीन श्लोकों का उच्चारण किया। दोपहर 12 बजे थीम पार्क में ही प्रदेश भर के 18 हजार विद्यार्थियों ने एक साथ अष्टादशी गीता का पाठ किया।

यहां कार्यक्रम में मुख्यातिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान रहे। इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, तंजानिया की पर्यटन मंत्री पिंडी चाना ने गीता पाठ में शामिल विद्यार्थियों को संबोधित किया। दोपहर दो बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में 48 कोस तीर्थ सम्मेलन हुआ।

## CM नायब ने दीपदान की परंपरा को निभाया



श्रीकृष्णा आयुष विवि की ओर से जलाए गए 18000 दीपक

समितियों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के सामने तीर्थों के प्रचार-प्रसार, जीर्णोद्धार और स्वच्छता का संकल्प लिया। इसके बाद सायं को मुख्यमंत्री सन्निहित सरोवर पर पहुंचे और दीपदान किया। श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय की ओर से 18 हजार दीपक जलाए गए। ब्रह्मसरोवर तीर्थ की महाआरती की गई।

पांच साल में सभी चुनाव एक साथ हों अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में आयोजित वैश्विक गीता पाठ के मंच से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि जिस तेजी के साथ भारत आगे बढ़ रहा है, शीघ्र ही विश्व गुरु बन जाएगा। लेकिन इसमें सबसे बड़ी बाधा देश में बार-बार होने वाले चुनाव हैं।

देश में हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि पांच साल में एक बार सभी चुनाव एक साथ हों इसके लिए जन जागरण अभियान को मजबूती दें। देश के राजनीतिक दल इसके लिए मजबूर हो जाएं और संविधान में संशोधन के इस प्रस्ताव पर मुहर लग सके।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में कुछ हो न हो लेकिन पांचों साल 12 महीने कहीं न कहीं चुनाव की तैयारी होती रहती है। लोकसभा चुनाव से निपटे तो विधानसभा चुनाव, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड से निपटे तो अब दिल्ली के लिए ताल ठोकेंगे हम। वहां से निपटेंगे तो और कहीं चुनाव होंगे।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में 18 हजार बच्चों ने गीता के 18 श्लोकों का उच्चारण एक साथ किया। इससे पहले वैश्विक गीता का आनलाइन पाठ किया गया। तीन श्लोकों का उच्चारण देशभर में एक करोड़ 27 लाख लोगों ने किया। इसके तहत चार हजार केंद्रों से भी बड़ी संख्या में लोग जुड़े। थीम पार्क में बैठे 18 हजार विद्यार्थियों का यह चित्र ऊंचाई से लिया गया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को रोकने साधु संतों की कामतानाथ के दरबार में अर्जी

सतना। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से समाज का हर वर्ग चिंतित है। साधु संतों ने इन अत्याचारों पर रोक लगाने के लिए मध्य प्रदेश के सतना जिले में स्थित चित्रकूट में कामतानाथ के दरबार में अर्जी लगाई है।

बांग्लादेश में सत्ता बदलाव के बाद अल्पसंख्यक हिंदुओं पर कट्टरपंथियों के हमले हो रहे हैं। हत्याओं का दौर जारी है हिंदू धार्मिक स्थलों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है और हिंदू धर्म से जुड़े लोगों को गिरफ्तार तक किया जा रहा है। इन स्थितियों से समाज का हर वर्ग चिंतित है और अपने-अपने तरह से इन हरकतों पर रोक लगाने के प्रयास किया जा रहे हैं। इसी क्रम में चित्रकूट के साधु संत आगे आए हैं और उन्होंने इसके लिए धार्मिक अनुष्ठानों का सहारा लिया है।

सामाजिक संगठन मधुरिमा सेवा संस्कार फाउंडेशन की पहल पर साधु संतों ने चित्रकूट में कामतानाथ की परिक्रमा की और कामतानाथ के दरबार में पूजा अर्चना कर एक अर्जी लगाई। साधु संतों की परिक्रमा का यह सिलसिला शरणागत आश्रम से शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में साधु संत शामिल थे। उनके हाथ में भगवा दोस्त थे और साथ में सरयू नदी अयोध्या से लाया गया जल भी था।

मधुरिमा सेवा संस्कार फाउंडेशन की संस्थापिका डॉ स्वप्ना वर्मा का कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार को दुनिया देख रही है। भारत की सरकार अपने स्तर पर इस अन्याय को रोकने के प्रयास कर रही है वहीं समाज भी अपने तरह से प्रयास में जुटा है। हमारे यहां मानता है जो कम इंसान नहीं कर सकता वह भगवान करते हैं बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार रुक इसके लिए पहले अयोध्या में राम जी के दरबार में और अब चित्रकूट में कामतानाथ के दरबार में अर्जी लगाई गई है। हमें भरोसा है कि बांग्लादेश में जारी हिंदू विरोधी गतिविधियों पर रोक लगेगी।

ज्ञात हो कि मंगलवार को साधु संतों का एक दल चित्रकूट की मंदाकिनी नदी का पवित्र जल लेकर अयोध्या गया था और इस दल ने मंदाकिनी के जल से सरयू नदी का अभिषेक किया था। साथी राम लल्ला के मंदिर में पहुंचकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगे इसकी आराधना की थी। ये साधुओं की टोली सरयू नदी का जल लेकर चित्रकूट लौटा है और यहां कामतानाथ की परिक्रमा के बाद सरयू के जल से मंदाकिनी का अभिषेक किया गया है। साधु संतों का कहना है कि भगवान श्री राम की ताप भूमि चित्रकूट रही है और अयोध्या उनकी जन्म भूमि। इन दोनों स्थानों से प्रवाहित होने वाली नदियों मंदाकिनी और सरयू नदी का सनातन धर्म में खास महत्व है। लिहाजा उन्होंने मंदाकिनी के जल से सरयू नदी और सरयू के जल से मंदाकिनी का अभिषेक किया है। इसके साथ ही अयोध्या में रामलाल और चित्रकूट में कामतानाथ से आराधना करके बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने की कामना की है।

# उप्र के देवबंद में एनआईए की बड़ी कार्रवाई, दो संदिग्ध विदेशी हिरासत में

सहारनपुर । उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाते हुए दो संदिग्ध विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई देवबंद के मोहल्ला बढ़जियाउलहक में की गई, जहां दोनों संदिग्ध विदेशी नागरिक लंबे समय से रह रहे थे। सूत्रों के अनुसार पकड़े गए दोनों म्यांमार के नागरिक हैं। बिना पासपोर्ट और वीजा के भारत में रह रहे थे। यह मामला देश की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर है क्योंकि बिना वैध दस्तावेज के विदेशी नागरिकों की मौजूदगी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचा सकती है। एनआईए और स्थानीय पुलिस की टीमों ने इस कार्रवाई को गोपनीय तरीके से अंजाम दिया और दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर अज्ञात स्थान पर पूछताछ शुरू कर दी है। देवबंद जो पहले भी संदिग्ध गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहा है, एक बार फिर सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर है। बांग्लादेशी और अन्य विदेशी नागरिकों की मौजूदगी की खबरों के बीच यह छापेमारी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# कांग्रेस को पुनर्जीवित नहीं कर पा रहे हैं राहुल

इस साल की शुरूआत में विपक्षी गठबंधन इंडियाइ की एक बैठक में जब अध्यक्ष पद के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम आगे आया तो उनको राहुल गांधी ने यह कह कर रोका था कि इसके लिए तो ममता बनर्जी से बात करनी होगी। विडम्बना देखिए कि थोड़े समय के बाद नीतीश कुमार और ममता बनर्जी दोनों इंडियाइ ब्लॉक से बाहर हो गए और अब ममता बनर्जी ही अध्यक्ष पद की दावेदार हो गई हैं! समय का चक्र इतनी तेजी से घूमा है कि कांग्रेस के नेता समझ नहीं पा रहे हैं कि वे इस स्थिति का सामना कैसे करें। महज छह महीने पहले चार जून को जब लोकसभा के नतीजे आए तो कांग्रेस और राहुल गांधी की जय जयकार हो रही थी। परंतु उसके बाद चार राज्यों के विधानसभा चुनाव ने सारी तस्वीर बदल दी। जम्मू कश्मीर, हरियाणा और महाराष्ट्र की हार ने कांग्रेस को बैकफुट पर ला दिया। भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी के विपक्ष का सर्वमान्य नेता होने की जो धारणा बनी थी वह सवालों के घेरे में आ गई है। एक के बाद एक विपक्षी पार्टियां राहुल के नेतृत्व पर सवाल उठा रही हैं।इसमें सबसे दिलचस्प टिप्पणी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव की थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विपक्षी गठबंधन इंडियाइ के नेता नहीं हैं। इंडियाइ के नेता मल्लिकार्जुन खडगे हैं। पर सवाल है कि खडगे कब नेता चुने गए? इस साल लोकसभा चुनाव से पहले 13 जनवरी को विपक्षी गठबंधन इंडियाइ की जो आखिरी बैठक हुई थी वह वर्चुअल थी और उसमें खडगे को अध्यक्ष बनाने पर सहमति बनी थी। लेकिन उसके बाद कभी इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई कि खडगे विपक्षी गठबंधन के अध्यक्ष हैं। 13 जनवरी की बैठक में सिर्फ नौ पार्टियों के नेता शामिल हुए थे। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को खुद खडगे ने न्योता दिया था लेकिन वे उस बैठक में शामिल नहीं हुए थे। सो, जाहिर है कि खडगे अनौपचारिक रूप से भले इंडियाइ ब्लॉक का नेतृत्व करते हों लेकिन उनको नेता कभी नहीं घोषित किया गया।फिर सवाल है कि रामगोपाल यादव ने क्यों कहा कि राहुल नेता नहीं हैं और खडगे नेता हैं? इसलिए कहा क्योंकि चाहे समाजवादी पार्टी हो या तृणमूल कांग्रेस हो, उनको राहुल गांधी से समस्या है। यह समस्या रामगोपाल यादव की आगे कही बातों से जाहिर हो गई। उन्होंने कहा कि चाहे लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का, कांग्रेस कहीं भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। उन्होंने भाजपा के साथ आमने सामने के मुकाबले में कांग्रेस की कमजोरी का खासतौर से जिक्र किया। यह भी याद रखने की बात है कि पिछले साल दिसंबर में ममता बनर्जी ने मल्लिकार्जुन खडगे का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रस्तावित किया था। तभी यह अनायास नहीं है कि आज खडगे को रामगोपाल यादव इंडियाइ ब्लॉक का नेता बता रहे हैं।बहरहाल, राहुल गांधी के नेतृत्व पर जो सवाल उठ रहे हैं उसके दो पहलू हैं। एक पहलू यह है कि वे कांग्रेस में जोश नहीं भर पा रहे हैं। कांग्रेस को पुनर्जीवित नहीं कर पा रहे हैं। कांग्रेस को रिइन्वेंट करके भाजपा से लडने.लायक नहीं बना पा रहे हैं। वे वैचारिक और सैद्धांतिक धरातल पर तो भाजपा को टक्कर दे रहे हैं लेकिन जमीनी राजनीति और चुनाव में भाजपा का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। सो, विपक्षी पार्टियां और कांग्रेस नेताओं का भी एक बड़ा हिस्सा मान रहा है कि राहुल गांधी से नहीं हो पाएगा।

# संसद को ठप करती सरकार

दुनिया भर के संसदीय इतिहास में सम्भवतः ऐसा उदाहरण ढूंढे से भी नहीं मिलेगा जो भारतीय संसद पेश कर रही है। अमूमन सरकारें संसद को चलाती हैं और गतिरोध विपक्ष पैदा करता है। देश में इसके उलट हो रहा है। यह नरेन्द्र मोदी सरकार की देन है। यह उनका तीसरा कार्यकाल है लेकिन यह प्रवृत्ति और संसद के दोनों सदनों को चलाने का तरीका उनके नेतृत्व में बनी सरकारों ने पहले ही कार्यकाल से अख्तियार कर लिया था। विपक्ष को कुचलने के लिये जानी जाने वाली भाजपा सरकार ने लोकसभा में कमजोर विपक्ष देखकर पहले से ही ठान लिया था कि विरोधी आवाज को सदनों के बाहर भी कुचला जायेगा, भीतर भी, हर जगह...। ऐलानिया तौर पर पहले ह्यकांग्रेस मुक्त भारतह्ल और बाद में ह्यविपक्ष मुक्त भारतह्ल का नारा देने वाले मोदी और भाजपा ने संसद के बाहर येन केन प्रकारेण कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष को या तो चुनावों में हराया या फिर उनकी निर्वाचित सरकारों को ललचाकर या डरा-धमकाकर गिराया। साथ ही दूसरी पार्टियों के नेताओं को दल में आयात किया। इसके समांतर सदन के भीतर विरोधी पार्टियों के सदस्यों को अपनी बात न कहने देने के लिये संख्या बल के जरिये भाजपा ने सारे हथकण्डे हथियाये, जिसमें से उसका लोकप्रिय हथियार है सदन को ही ठप करना। यहीं पर भारतीय संसद दुनिया भर की अन्य संसदों से अलग हो जाती है- एकदम अनूठी। इस साल की जून के पहले सप्ताह में निकले लोकसभा चुनावों के नतीजों के जरिये तीसरी बार यानी मौजूदा सरकार बनाने में मोदी-भाजपा को कामयाबी मिल तो गयी लेकिन विपक्ष बेहद मजबूत हो कर लौटा। ये अप्रत्याशित नतीजे थे जिसने मोदी को दो अन्य दलों के समर्थन से सरकार बनाने के लिये मजबूर कर दिया। ये नतीजे मोदी पर अनेकानेक आरोपों की छाया में लड़े गये लोकसभा चुनाव के थे। इनमें प्रमुख थे- संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने की भाजपायी साजिश, जातिगत जनगणना, कारोबारी गौतम अदाणी को मोदी द्वारा अंधाधुंध लाभ पहुंचाना, मणिपुर में हिंसा व कुकी समुदाय पर अत्याचार, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सहित निर्वाचन आयोग का पक्षपातपूर्ण रवैया, इलेक्टोरल बॉड्स के जरिये भाजपा को लाभ आदि। इनमें से कई मामले ऐसे थे जो कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सितम्बर 2022 से जनवरी 2023 तक (कन्याकुमारी से कश्मीर) और जनवरी 2024 से मार्च तक (मणिपुर से मुम्बई) निकलीं क्रमशः ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल तथा ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्ल के दौरान जोरदार ढंग से उठाये जा चुके थे। पिछले लोकसभा चुनाव के प्रचार के पहले इंडिया गठबन्धन बन चुका था जिसने इन सारे मुद्दों को एक जनविमर्श का रूप दिया। यह तो सही है कि मोदी-भाजपा ने इन मुद्दों के बावजूद विजय पायी लेकिन माना गया कि इन्हीं मसलों ने भाजपा के 400 पार के मंसूबों पर पानी फेर दिया। यह भी सच है कि इन मुद्दों को लेकर विपक्ष, खासकर कांग्रेस ने जो हमले भाजपा और मोदी पर किये उसी का परिणाम रहा कि मोदी तेलुगु देसम पार्टी एवं जनता दल यूनाइटेड की बैसाखियों पर जा टिके। कमजोर होकर संसद में आये तीसरी मर्तबा के पीएम मोदी का इस बार सामना अपेक्षाकृत बड़े, मजबूत व अब तक एकजुट विपक्षी गठबन्धन से हो रहा है। इंडिया ने कहानी वहीं से शुरू की जहां उसने लोकसभा के चुनावी अभियान के अंतिम दिन यानी प्रचार बन्द होने की शाम को छोड़ी थी। पहले की दोनों लोकसभाओं (2014 एवं 2019 की) में भाजपा बेहद ताकतवर थी, विशेषकर इसकी पूर्ववर्ती। इसलिये 10 वर्षों तक मोदी की दिलचस्पी कम से कम उतनी देर तक संसद के सदनों को चलाये रखने में होती थी जितनी देर वे विपक्ष की आलोचना कर सकें, कांग्रेस के पूर्ववर्ती शासनकाल की खामियां गिना सकें, नेहरू खानदान का अपमान कर सकें और अपने आप को अकेले ही सब पर भारी बतला सकें। अब लोकसभा का चेहरा दूसरा है। इसलिये अब भाजपा का लक्ष्य होता है कि संसद थोड़ी देर भी न चले। संसद की बैठकें प्रारम्भ होने पर जैसे ही प्रतिपक्ष अदानी के मुद्दे को लेकर हमलावर होता है; क्योंकि यह इस वक्त सबसे बड़ा मुद्दा है, सत्ता बेंच का नियोजित खेल होने लगता है। हिंडनबर्ग की दो-दो रिपोर्टों में अदानी एवं उनके भाइयों की कारगुजारियों की बहुतेरी गाथाएं सामने आने के बाद हाल ही में सेबी अध्यक्ष माधवी बुच पर उंगलियां उठने से विपक्ष पहले दिन से आक्रामक है और इस बाबत गहन जांच संयुक्त संसदीय समिति द्वारा कराये जाने की मांग पर अड़ा हुआ है। ऐसे में लोकसभा में सरकार का बचाव सदन के अध्यक्ष ओम बिरला कर रहे हैं तो राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़। दोनों ने ही अदानी का नाम लेने पर अपने-अपने सदनों में पूरी पाबंदी लगा रखी है। लोकसभा हो या राज्यसभा- अदानी या रिलायंस के मालिक मुकेश अंबानी का नाम लेते ही उन वाक्यांशों को कार्यवाही से हटा दिया जाता है और सदस्यों को बोलने नहीं दिया जाता। बिरला-धनखड़ ने अदानी के नाम पर पिछली लोकसभा में कई दर्जन सदस्यों को निलम्बित कर दिया था।

# इंडिया गठबंधन की रार से कांग्रेस से ज्यादा क्षेत्रीय दलों को होगा नुकसान

**वैसे भी भारतीय मतदाताओं के बीच कांग्रेस नीत यूपीए गठबंधन, राजद-सपा-झामुमो नीत महागठबंधन, शिवसेना यूबीटी-एनसीपी शरद पवार नीत महाविकास अघाड़ी के अलावा तीसरे या चौथे मोर्चे में शामिल रहे क्षेत्रीय दलों की साख अच्छी नहीं है। जनता पार्टी, जनता दल और संयुक्त मोर्चे की कई गठबंधन सरकारों को असमय गिराने का आरोप जहां कांग्रेस पर लगता आया है, वहीं तीसरे मोर्चे और चौथे मोर्चे के बारे में तो राजनीतिक अवधारणा यही है कि इन्हें केंद्र में सरकार चलाना ही नहीं आता और इसमें शामिल दल भले ही अपने-अपने राज्यों में सफल रहे हों लेकिन सुशासन स्थापित करने और भ्रष्टाचार रोकने में अकसर विफल रहे हैं जिससे ब्रेक के बाद मतदाता इन्हें खारिज कर देते हैं।**





**कमलेश पांडेय**
**लेखक**

कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में नेतृत्व के सवाल पर जो मौजूदा चिल्ल-पों मची हुई है और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व पर एक बार फिर से जो सवाल उठाए जा रहे हैं, उससे न तो तृणमूल कांग्रेस नेत्री व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का राजनीतिक भला होने वाला है और न ही उनकी सुर में सुर मिलाने वाले एनसीपी शरद पवार के शरद पवार-सुप्रिया सुले, शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे-आदित्य ठाकरे, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव-रामगोपाल यादव या आप पार्टी के अरविंद केजरीवाल आदि जैसे नेताओं का। हां, इससे कांग्रेस आई की उस सियासी साख को धक्का अवश्य लगेगा, जो कि बमुश्किल उसने राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव 2024 के बाद हासिल कर पाई है। राजनीतिक मामलों के जानकारों का स्पष्ट कहना है कि कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी के लिए हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा की हार जरूर मायने रखती है क्योंकि यह जीती हुई बाजी हारने के जैसा है लेकिन सिर्फ इसको लेकर ही इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस से छीन लेना कोई राजनीतिक बुद्धिमानी का काम प्रतीत नहीं होता है। शायद कांग्रेस भी इसे नहीं मानेगी और किसी भी राष्ट्रीय दल को क्षेत्रीय दलों के सामने घुटने भी नहीं टेकने चाहिए, यदि सत्ता प्राप्ति के लिए संख्या बल का खेल नहीं हो तो! बीजेपी भी यही करती है और अपने गठबंधन सहयोगियों को उनकी वाजिब औकात में रखती है। तीसरे-चौथे मोर्चे की विफलता के पीछे भी तो अनुशासनहीनता या अतिशय महत्वाकांक्षा का खेल ही तो था, जिसे बहुधा राजनीतिक रोग समझा जाता है। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद तुरंत कहा था कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक को अपने अहंकार को अलग रखना चाहिए और ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन के नेता के रूप में मान्यता देनी चाहिए। इसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी हालिया हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर किया और संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह इंडिया ब्लॉक की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने यहां तक कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए भी विपक्षी मोर्चे को चलाने की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। एक टीवी चैनल से बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, ह्यमैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब मोर्चा का नेतृत्व करने वालों पर इसका प्रबंधन करने की जिम्मेदारी है। अगर वे इसे नहीं चला सकते तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलना होगा। वहीं, यह पूछे जाने पर कि एक मजबूत भाजपा विरोधी ताकत के रूप में अपनी साख के बावजूद वह इंडिया ब्लॉक की कमान क्यों नहीं संभाल रही हैं? तो इस पर बनर्जी ने कहा, अगर मौका मिला तो मैं इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करूंगी। उन्होंने कहा, मैं बंगाल से बाहर नहीं जाना चाहती लेकिन मैं इसे यहीं से चला सकती हूं। बता दें कि बीजेपी का मुकाबला करने के लिए गठित इंडिया ब्लॉक में दो दर्जन से अधिक विपक्षी दल शामिल हैं हालांकि आंतरिक मतभेदों और आपसी तालमेल की कमी की वजह से इसकी कई बार आलोचना भी होती रही है। इसी वजह से इसके प्रमुख सूत्रधार रहे जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपना पाला बदल लिया और भाजपा के खेमे में चले गए। वो भी इंडिया गठबंधन के संयोजक का पद पाना चाहते थे जो लालू प्रसाद के परोक्ष विरोध के चलते सम्भव नहीं हो पाया। ऐसे में संभव है कि ममता भी एकबार फिर से तीसरे मोर्चे को मजबूत करने की पहल करें और नीतीश की तरह ही इंडिया गठबंधन को टा-टा, बाय-बाय कर दें। उल्लेखनीय है कि ममता बनर्जी का यह बयान उनकी पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा कांग्रेस और अन्य इंडिया ब्लॉक सहयोगियों को लेकर दिए बयान के बाद सामने आया है। तब कल्याण बनर्जी ने कहा था कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक को अपने अहंकार को अलग रखना चाहिए और ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन के नेता के रूप में मान्यता देनी चाहिए। आपको बता दें कि बीजेपी ने जहां महाराष्ट्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड संख्या में सीटें हासिल कीं तो वहीं कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। बीजेपी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को भारी जीत मिली जबकि इंडिया ब्लॉक ने सिर्फ झारखंड में जेएमएम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मजबूत वापसी की। कहने का तात्पर्य यह है कि कांग्रेस ने अपनी हार का सिलसिला जारी रखा और हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया और झारखंड में सत्तारूढ़ जेएमएम के जूनियर पार्टनर के रूप में सामने आई और विपक्षी ब्लॉक में इसकी भूमिका और भी कम हो गई क्योंकि अन्य सहयोगियों ने इससे बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं, दूसरी ओर हाल ही में हुए उपचुनावों में भाजपा को हराकर टीएमसी की जीत ने पश्चिम बंगाल में पार्टी के प्रभुत्व को मजबूत किया है, जबकि विपक्षी अभियान आरजी कर मेडिकल कॉलेज विरोध जैसे विवादों पर केंद्रित थे। सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे, उसके सहयोगी सीपीआई (एमएल) लिबरेशन और कांग्रेस, जो इंडिया ब्लॉक में राष्ट्रीय स्तर पर टीएमसी के सहयोगी हैं, सभी को बड़ी असफलताओं का सामना करना पड़ा और उनके उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई जबकि कांग्रेस इंडिया ब्लॉक की सबसे बड़ी पार्टी है जिसे अक्सर गठबंधन का वास्तविक नेता माना जाता है। यही वजह है कि टीएमसी ने लगातार ममता बनर्जी को गठबंधन की बागडोर संभालने की वकालत की है। यह ठीक है कि तृणमूल कांग्रेस नेत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में लगातार भाजपा को सियासी चोट पहुंचा रही हैं और सदैव उस पर भारी प्रतीत हो रही हैं लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं है कि वह राष्ट्रीय नेत्री बन गईं और उनका चेहरा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चेहरे से ज्यादा सर्वस्वीकार्य हो गया, वो भी अखिल भारतीय स्तर पर? चाहे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) शरद पवार के प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार हों या उनकी सियासी वारिस सांसद सुप्रिया सुले, शिवसेना यूबीटी के प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे हों या उनके राजनीतिक वारिस आदित्य ठाकरे, समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव हों।

# भारत से दूर, पाकिस्तान के पास जा रहा बांग्लादेश

**उनकी मूर्तियों को भी तोड़ दिया गया है। बांग्लादेश पाकिस्तान वीजा समझौता 2019 में शेख हसीना की सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य किया था। इसके बिना वीजा नहीं मिल सकता था लेकिन अब बांग्लादेश ने अब यह प्रोसेस खत्म कर दिया है। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने विदेश में सभी मिशनों को संदेश भेजा है, जिसमें उन्हें पाकिस्तानी नागरिकों और पाकिस्तानी मूल के लोगों के लिए वीजा की सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।**






**राजेश जैन**
**लेखक**

1971 के मुक्ति संग्राम के बाद भारत के सैन्य समर्थन से पाकिस्तान से आजाद हुआ बांग्लादेश इन दिनों भारत से दूर और पाकिस्तान के पास जाता नजर आ रहा है। इस साल अगस्त में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से ही वहां सियासी उथल-पुथल चल रही है और माहौल में भारत के खिलाफ नफरत घोलकर पाकिस्तान से नजदीकी बढ़ाई जा रही है। साफ लगता है कि बांग्लादेश अपने और भारत के कट्टर दुश्मन पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधार रहा है और संदेश देना चाहता है कि वह अब दक्षिण एशियाई राजनीति को भारत के नजरिए से नहीं देखेगा। हाल के दिनों में पाकिस्तान ने भी ऐलान किया है कि अब बांग्लादेशी नागरिक बिना किसी वीजा शुल्क के उनके देश की यात्रा कर पाएंगे। दोनों देशों में सीधी उड़ाने फिर से शुरू करने की भी घोषणा की गई है। वीजा छूट से लेकर रक्षा सौदों और समुद्री मार्गों की बहाली तक, ऐसे कदम उठाए गए हैं, जो ढाका को इस्लामाबाद के ज्यादा करीब लेकर जा रहे हैं। दरअसल, हसीना को शरण देने के नई दिल्ली के फैसले ने ढाका को नाराज कर दिया। दूसरी ओर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों और इस्कॉन के पूर्व पुजारी चिन्मयकृष्ण दास की गिरफ्तारी से भी भारत से तनाव बढ़ा हैं। करेंसी नोट से शेख मुजीबुर्रहमान के फोटो हटाए शेख मुजीबुर्रहमान बांग्लादेश के संस्थापक और राष्ट्रपिता होने के साथ ही शेख हसीना के पिता भी हैं। वे 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में एक प्रमुख नेता थे, जिन्होंने बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाई थी। मुहम्मद यूनुस सरकार ने मुजीबुर्रहमान की फोटो हटाने के लिए 20, 50, 100, 500 और 1,000 टका (बांग्लादेशी करेंसी) के नोट बदलने के आदेश दिए हैं। अगले 6 महीनों में नए नोट मार्केट में आ जाएंगे। सरकार ने राष्ट्रपति भवन से मुजीबुर्रहमान की तस्वीरें पहले ही हटा दी हैं। उनके नाम से जुड़ी छुट्टियां रद्द कर हैं। उनकी मूर्तियों को भी तोड़ दिया गया है। बांग्लादेश पाकिस्तान वीजा समझौता 2019 में शेख हसीना की सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य किया था। इसके बिना वीजा नहीं मिल सकता था लेकिन अब बांग्लादेश ने अब यह प्रोसेस खत्म कर दिया है। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने विदेश में सभी मिशनों को संदेश भेजा है, जिसमें उन्हें पाकिस्तानी नागरिकों और पाकिस्तानी मूल के लोगों के लिए वीजा की सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले सितंबर की शुरूआत में, इस्लामाबाद ने भी घोषणा की थी कि बांग्लादेशी बिना किसी वीजा शुल्क के पड़ोसी देश की यात्रा कर सकेंगे। इसके अलावा, दोनों देशों ने सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने की भी घोषणा की है। पाक से सीधे समुद्री संपर्क की शुरूआत इससे पहले नवंबर 2024 में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सीधे समुद्री संपर्क की शुरूआत हुई। पाकिस्तान के कराची से एक कार्गो शिप बंगाल की खाड़ी होते हुए बांग्लादेश के चटगांव पोर्ट पर पहुंचा था। तब ढाका में मौजूद पाकिस्तान के राजदूत सैयद अहमद मारूफ ने कहा, यह शुरूआत पूरे बांग्लादेश में व्यापार को बढ़ावा देने में एक बड़ा कदम है। हथियारों का व्यापार बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 40,000 राउंड तोपखाना गोला-बारूद, 2,000 राउंड टैंक गोला-बारूद, 40 टन आरडीएक्स विस्फोटक और 2,900 उच्च-तीव्रता वाले प्रोजेक्टाइल मंगाए थे। हालांकि यह गोला-बारूद का पहला ऐसा ऑर्डर नहीं था लेकिन संख्या सामान्य से कहीं ज्यादा थी। भारत को सतर्क होने की जरुरत बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच संबंधों में सुधार भारत के लिए चिंता की बात है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बांग्लादेश तीन तरफ से भारत से घिरा हुआ है और भारत अपनी सबसे लंबी सीमा (4,097 किलोमीटर) बांग्लादेश के साथ साझा करता है। इसके माध्यम से माल और लोगों को आसानी से लाया-ले जाया जा सकता है। यह नई दोस्ती सीमा पार उग्रवाद और तस्करी को बढ़ावा दे सकती है। फिर भी आसान नहीं भारत को नजरअंदाज करना दोनों देशों के बीच राजनीतिक और सामाजिक रिश्तों में खटास जरूर आई है लेकिन आर्थिक रिश्ते पहले की तरह अब भी मजबूत हैं। कोई भी सरकार देश चलाने के लिए दूसरे देशों के साथ आर्थिक रिश्ते हमेशा मजबूत रखती है ओर भारत और बांग्लादेश के बीच पानी, बिजली, जूट, आलू, चावल, चाय, कॉफी, सेरामिक्स, सब्जियों, दवाओं, प्लास्टिक, गाड़ियों जैसी चीजों का इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट पहले की तरह होता आ रहा है। इसके अलावा पश्चिम- विशेष रूप से अमेरिका-दक्षिण एशिया को भारतीय चश्मे से देखता है और अमेरिका बांग्लादेश के लिए एक महत्वपूर्ण सहयोगी है। भारत जिस तरह दुनिया में एक ताकतवर देश की छवि बना चुका है। ऐसे में भारत से जंग करना बांग्लादेश के लिए आसान नहीं होगा। हां, बांग्लादेश चीन और पाकिस्तान की मदद से भारत की बॉर्डर पर तनाव जरूर पैदा कर सकता है।

# लोकतंत्रः निर्भीक अदालत जो सत्ता की लगाम हो..!

**विजय तिवारी**

शास्त्रीय तौर पर पर तो लोकतंत्र में विधायी संस्था शासन के निकाय पर नियंत्रण रखती है, और इन दोनों के अतिरेक को स्पष्ट करने के लिए ह्लन्यायपालिका होती है। सुनने में तो यह बहुत अच्छा लगा, लेकिन सभी लोकतंत्र राष्ट्रों में होता इसका उल्टा ही है। प्रजातन्त्र की अवधारणा यूं तो बहुत सत्य लगती हैं, परंतु वास्तविकता के धरातल पर होता उल्टा ही हैं ! यंहा हम यूरोप के अनेक देशों और संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ उदाहरण लेते हैं। अमेरिका में नेता और जनता का यह संवाद बहुत माकूल हैं। जनता के अधिकारों की रक्षा का वादा करने वाले एक राजनेता से वॉटर कहता है यदि आप नेता है तब आप अवश्य ही करोड़पति होंगे, तब आप जनसाधारण की तकलीफों को दूर नहीं करेंगे वरन आप पूंजी के निकायों की रक्षा करेंगे। क्यूंकि ऐसा करके ही आप करोड़पति बने रहेंगे। यह स्थिति लगभग सभी देशों के लोकतंत्र में लागू होती है। संसद या जनप्रतिनिधि के चुनाव के लिए बहुत अधिक धन की जरूरत होती हैं। वह राशि उद्योगपतियों से आता हैं, जिन्हे जनता की नहीं वर्ण अपने उद्योग -व्यापार के लाभ की चिंता होती हैं। राष्ट्रपति बराक ओबामा के समय अमेरिकी जनों के स्वास्थ्य के लिए बीमारी के बीमा की योजना चलाई गई, जिससे दवा कंपनियों और इंश्योरेंस कंपनियों के लाभ का अंश घाट दिया गया। फलस्वरूप नया केवल उद्योग और -व्यापार संगठनों ने इस योजना का विरोध किया बल्कि इसे अनुचित बताया। खैर ओबामा ने इस संगठित कोशिस को नाकाम किया। वणः की अदालतों में इस जनहितकारी योजनया को नाकाम चुनौती दी। अमेरिका में उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाये बहुत मंहगी है। प्राथमिक स्तर पर तो वे सर्व सुलभ है परंतु उनकी गुणवत्ता ठीक नहीं। छोटे छोटे मामलों मे वनहा की अदालत ने नागरिकों के पक्ष को सुरक्षित रखा, परंतु निर्णायक मुद्दों पर अदालत और उसके जजों की निष्पक्षता संदिग्ध रही हैं। जैसा कि भारत के सुप्रीम कोर्ट ने भी अनेक अवसरों पर जनता से अधिक सरकार या सत्ता का साथ दिया हैं। उदाहरण के लिए जब ट्रम्प डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन से चुनाव हार गए तब उन्होंने अपने समर्थकों को काँग्रेस भवन पर हमला के लिए उकसाने वाला भाषण दिया ! फलस्वरूप हजारों ट्रम्प समर्थक ने हमला कर के उप राष्ट्रपति माईक पेन्स को चुनाव परिणाम की घोसन करने से रोकने की कोशिश की। इस घटना को दुनिया ने टीवी पर देखा। अब यह पराजित उम्मीदवार की खीज थी जो न केवल अनैतिक थी वर्ण आपराधिक भी थी। क्यूंकि ट्रम्प की इस हरकत से अमेरिका का लोकतंत्र कलंकित हुआ। खैर सेनेट और प्रतिनिधि सभा ने इस घटना की जांच के लिए विसहेस अधिकारी नियुक्त किया। जिसने ट्रम्प और उनके सहयोगियों को संसद पर हमले का दोषी माना। परंतु जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पँहुचा तब ट्रम्प के शासनकाल में नामित पाँच जजों ने, इसे राष्ट्रपति का विशेषाधिकार माना। नौ सदस्यीय अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में हकीकत हार गई और उपकरत जजों ने ट्रम्प को निर्दोष सा बात दिया। कुछ ऐसा ही नरेंद्र मोदी काल में सुप्रीम कोर्ट में नामित जजों ने अयोध्या की बाबरी मस्जिद को गिराए जाने की घटना के दोषियों को न केवल मुक्त कर दिया बल्कि संसद के कानून होने के बावजूद, जिसमें साफ-साफ लिखा है कि आजादी के समय जिस उपासना स्थल का जो स्वरूप था -उसे बरकरार रखा जाएगा। जस्टिस गोगोई, चंद्रचूड़ आदि नौ जजों ने कानून को दरकिनार करते हुए भावनाओं सरकार और सत्ता संगठन के तंत्र को खुश करने के लिया एक कानूनी फैसला देश को दिया पर न्याय नहीं किया। बाद में देश के प्रधान न्यायाधीश बने चंद्रचूड़ जी ने देश की सामाजिक और धार्मिक समरसता को खतम करने वाला एक और फैसला दिया जिसमे उन्होंने कहा की उपासना स्थलों के स्वरूप को नहीं बसला जा सकता- परंतु उसकी वास्तविकता जानने के लिए पुरातत्व मंत्रालय जांच कर सकेगा ! अब इसी अदालती हरकत का परिणाम है की -इस जबानी वक्तव्य को कानून और फैसला मानकर संभाल-बंदयू और अजमेर के ख्वाजा की दरगाह की जांच के मुकदमे जिला अदालतों मे लग गये। और हिन्दू हिन्दू के नारे लगने लगे। तार्किक रूप से देखे जब हमारी जांच स्थल के स्वरूप और मालिकाना हक को बदल नहीं सकती तब इस अकादमिक कवायद का उद्देश्य क्या है ? अब इसी संदर्भ मे अगर कोई पांडवों के पिता और जनक के बारे में पुच ले तब क्या सुप्रीम कोर्ट इस तथ्य की भी जांच का आदेश देगी। महभारत में दिए गए तथ्यों के अनुसार ही सूर्य देव से कुंती को कर्ण पुत्र रूप मे प्राप्त हुए। फिर धरमराज से युधिस्थर और देवराज इन्द्र से अर्जुन वायु देवता से महाबली भीम और अश्वनी कुमारो से नकुल और सहदेव प्राप्त हुए। परंतु पांडव पुत्रों के पिता के रूप में महराज पांडु का ही नाम लिया जाता है। अब इस प्रकार विगत मे तत्कालीन समय में पूर्वजों द्वारा अनेक ऐसे कर्म और करत्या हुए जिन्हे ना तब मान्यता थी और ना ही आज है। ऐसे तथ्यों की अनदेखी करना ही शुभ होता।

# 15 दिसंबर से एकमुश्त समाधान योजना शुरू, 16 लाख के लगभग उपभोक्ताओं होंगे लाभान्वित

## प्राथमिकता के आधार पर उपभोक्ता उठाएं ज्यादा से ज्यादा लाभः राजेन्द्र प्रसाद

प्रात : किरण संवाददाता



गाजियाबाद/स्योहारा।उत्तर प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के हितों को देखते हुए उन्हें बिजली के बकाया बिलों में छूट की सुविधा देने लिए ह्लएक मुश्त समाधान योजनाह्व (ओ.टी.एस.)शुरू की है। ये योजना 15 दिसम्बर से लागू होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्र प्रसाद अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल गाजियाबाद ( मुरादनगर, मोदीनगर, डासना क्षेत्र) ने जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा ने माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से और माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर प्रदेश के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत योगी सरकार की कल्याणकारी योजना ह्लएकमुश्त समाधान योजना (ओ.टी.एस.) 2024-25ह्व को शुरू करने घोषणा की है। ये योजना 15 दिसम्बर से लागू होगी। सभी श्रेणी के बकायादार उपभोक्ता जल्दी आओ ,ज्यादा पाओ के आधार पर इस कल्याणकारी योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ ले। इस योजना में जनपद गाजियाबाद के लगभग 16 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। ह्लएक मुश्त समाधान योजनाह्व उपभोक्ताओं के लिए तीन चरणों में लागू होगी। यह योजना 15 दिसंबर,2024 से 31 जनवरी, 2025 तक अर्थात कुल 47 दिनों तक लागू रहेगी। योजना का प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कुल 16 दिन, दूसरा चरण 01 जनवरी से 15 जनवरी तक कुल 15 दिन, तीसरा चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी कुल 16 दिन रहेगी। यानी कुल मिलाकर ये योजना 47 दिन रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।पंजीकरण के समय 30 सितंबर,2024 तक के विद्युत बिलों के मूल बकाए का 30 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य होगा। उपभोक्ताओं को 30 सितंबर, 2024 तक के बकाया विद्युत बिलों के सरचार्ज में छूट मिलेगी। उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के साथ किस्तों में भी भुगतान का विकल्प खुला रखा गया है उपभोक्ताओं को 31 दिसंबर,2024 तक योजना के प्रथम चरण में अपने विलंबित बिलों का एकमुश्त भुगतान करने पर उनके सरचार्ज में सर्वाधिक छूट मिलेगा। एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को योजना के प्रथम चरण में विलंबित बिलों के एकमुश्त भुगतान करने पर उनके सरचार्ज में शत प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। किसानों को उनके निजी नलकूप में 31 मार्च, 2023 तक के उनके बकाए विद्युत बिलों के विलंबित भुगतान अधिभार में छूट का लाभ लेने के लिए 07 मार्च, 2024 से पंजीकरण कराए जा रहे हैं, जिन्हें अभी इस छूट का लाभ मिलता रहेगा। सभी प्रकार के उपभोक्ता अपने नजदीकी विभागीय खंड, उपखंड कार्यालय, कैश काउंटर, जनसेवा केंद्र के माध्यम से या विभागीय वेबसाइट ६६६.४स्रस्र्'.ड्ढ४ पर लॉगिन कर योजना के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।योजना अंतर्गत घरेलू (एलएमवी-1), वाणिज्यिक (एलएमवी-2), निजी संस्थान (एलएमवी-4बी), औद्योगिक (एलएमवी-6), और स्थायी विच्छेदित उपभोक्ता इसके दायरे में शामिल हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं को राहत देना और विलंबित भुगतान अधिभार में छूट प्रदान करना है। इसके तहत उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान या किश्तों में भुगतान के विकल्प दिए गए हैं। योजना में पहले चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर उपभोक्ताओं को शतप्रतिशत तक की छूट मिलेगी। छूट की दर चरणों के अनुसार घटती जाएगी, जिससे पहले पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। इसके बाद उपभोक्ता अपने बकाया बिल का भुगतान एकमुश्त या किश्तों में कर सकते हैं। विलंबित भुगतान अधिभार में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त भुगतान पर प्रथम चरण में 100 प्रतिशत छूट, द्वितीय चरण में 80 प्रतिशत, और तृतीय चरण में 70 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, किश्तों में भुगतान पर प्रथम चरण में छूट क्रमशः 75 प्रतिशत, 65 प्रतिशत और 55 प्रतिशत होगी। वाणिज्यिक, औद्योगिक, और निजी संस्थानों के लिए यह छूट क्रमशः 60 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, और 40 प्रतिशत होगी।उपभोक्ता इस कल्याणकारी योजना का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण विभागीय खंड/उपखंड कार्यालय, जनसेवा केंद्र, या विभागीय वेबसाइट ६६६.४स्रस्र्'.ड्ढ४ के माध्यम से करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए नवीनतम बिजली बिल और मोबाइल नंबर अनिवार्य होगा। भुगतान भी इन्हीं माध्यमों से एकमुश्त या किश्तों में किया जा सकता है। यदि उपभोक्ता पंजीकरण के बाद तय समय सीमा में भुगतान नहीं करता है तो उसे योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उसका अधिभार बढ़ा दिया जाएगा। योजना विवादित और न्यायालय में लंबित प्रकरणों का समाधान का भी लाभ प्रदान करती है।

**पंजीकरण**

एक मुश्त समाधान योजना 15 दिसंबर से लागू होगी। ये योजना तीन चरणों में चलेगी। 15 दिसंबर से 31 जनवरी, 2025 तक कुल 47 दिनों तक लागू रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा

# सस्ती व बेहतरीन तकनीक है आईन्स टेक्निक-शरद केलकर, अभिनेता

प्रात : किरण संवाददाता



नोएडा - बाहुबली फेम शरद केलकर ने आईन्स टेक्निक को सस्ती टेक्निक बताया।शरद केलकर ने कहा कि यह टेक्निक क्रांति लाएगी। शरद केलकर ने बाउमा कान एक्सपो इंडिया 2024 में आईन्स टेक्निक के पवेलियन का उद्घाटन किया। इस मौके पर शरद केलकर ने कहा की आज युग बदल रहा है ऐसे समय में इस टेक्नोलॉजी उपयोग पड़ेगा। हमारी आवाज की तरह दमदार और मजबूत है।

आईन्स टेक्निक के एमडी अंकित गौब मैं कहा आइन्स टेक्निक फॉर्मवर्क सिस्टम (ईएफएस) ने खुद को एल्युमीनियम फॉर्मवर्क शटरिंग में मार्केट लीडर के रूप में स्थापित किया है, जो मोनोलिथिक और वर्टिकल फॉर्मवर्क शटरिंग के निर्माण में विशेषज्ञता रखता है। अंकित गौड ने कहा कंपनी के स्थापना 2015 हुई।

ईन्स टेक्निक फॉर्मवर्क सिस्टम (ईएफएस) भारत में एल्यूमीनियम फॉर्मवर्क का सबसे बड़ा निमार्ता है, जिसकी एक इकाई से प्रति माह 1,25,000 वर्ग मीटर की स्थापित उत्पादन क्षमता है।

अंकित गौड ने कहा की ने रियल एस्टेट उद्योग के नेताओं, प्रसिद्ध डेवलपर्स और सम्मानित संपर्ककताओं के साथ सहयोग करते हुए 800 से अधिक चालू और पूर्ण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। हाल ही में, एत्र्र ने लगभग आपूर्ति करके मालदीव में अपना सबसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट पूरा किया। 40,000 वर्गमीटर एल्युमीनियम फॉर्मवर्क, इस प्रकार खुद को एक वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया।

गौरतलब है कि एल्युमीनियम फॉर्मवर्क में अग्रणी की स्थिति बनाए रखते हुए, ईन्स टेक्निक भारत में पहली बार निर्मित पूर्ण घर्षण वेल्डेड एल्यूमिनियम पैनल पेश करने में गर्व महसूस करता है जो उद्योग के लिए एक गेम चेंजर है। इसके अतिरिक्त, ईएफएस ने विनिर्माण की एक पूरी तरह से स्वचालित लाइन भी पेश की है, जिसने उद्योग के लिए एक नया मानक स्थापित किया है।

लगातार गुणवत्ता के प्रतिबिंब के रूप में, आइंस टेकिक ने असाधारण 85% से अधिक ग्राहक प्रतिधारण दर हासिल की है, लगातार प्रतिष्ठित ग्राहकों से बार-बार ऑर्डर प्राप्त कर रहे हैं, इस प्रकार एल्यूमीनियम फॉर्मवर्क शटरिंग उद्योग में एक विश्वसनीय नेता के रूप में अपनी स्थिति को रेखांकित किया है। प्रल्ल२ ळ्रीूंल्ल' कुछ एल्यूमीनियम फॉर्मवर्क निमार्ताओं में से एक है, जो निजी आवास, औद्योगिक टाउनशिप, शैक्षिक परियोजनाओं, वाणिज्यिक विकास, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं, अंतर्राष्ट्रीय आवास, आईटी परियोजनाओं और सरकारी आवास सहित विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों को पूरा करने की क्षमता रखता है।

ईएफएस विभिन्न प्रकार की संरचनाओं के लिए मोनोलिथिक एल्यूमीनियम फॉर्मवर्क प्रदान कर रहा है, जिसमें ऊंची इमारतों, मध्य-ऊंचाई और कम-ऊंचाई वाले विकास, साथ ही विला भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ईएफएस दूसरी उत्पाद श्रृंखला में कतरनी दीवारों, रिटेनिंग दीवारों, लिफ्ट शाफ्ट, पेडस्टल, गैर-टावर कॉलम और गोलाकार और वर्गाकार दोनों स्तंभों के लिए डिजाइन किए गए वर्टिकल एल्यूमीनियम फॉर्मवर्क पैनल हैं।

# हाशमी कालेज में टेबलेट एवं मोबाइल फोन वितरण, खिले छात्राओं के चेहरे



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। हाशमी गर्ल्स डिग्री कालेज में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत छात्राओं को टेबलेट व मोबइल वितरित किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी डा0 हरि सिंह ढिल्लो ने छात्राओं को टेबलेट व मोबाइल वितरित किये।कार्यक्रम में छात्राओं को सम्बोधित करते शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि वे शासन द्वारा प्रदान किए गए टेबलेट व मोबाइल का प्रयोग अपनी पढ़ाई लिखाई के कार्य में करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन बहुत ही मेहनत मांगता है, और यही मेहनत सफलता के द्वार खोलती है। उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के छात्राओं की मद्द कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डिजिटल इण्डिया के सपने को साकार करने में लगे हुए हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान करते कहा कि टेबलेट व मोबाइल का सुदपयोग करें। यह आपकी आगे की पढ़ाई में मद्दगार साबित होगा। इसे अपनी आगे की पढ़ाई में करें। क्योंकि आज के इस डिजिटल युग में छात्राओं को टेबलेट व स्मार्ट फोन मिलने से उनकी तरक्की में प्रगति होगी। छात्राओं से उच्च शिक्षा हासिल करने का आह्वान किया।हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन व कालेज प्रबंधक डा0 सिराज उद्दीन हाशमी एडवोकेट ने छात्राओं को सम्बोधित करते कहा कि आज उच्च शिक्षा का दौर है। टेबलेट द्वारा आपको आधुनिक युग से जोड़ने का यह कार्य सराहनीय है। तालीम से ही तरक्की सम्भव है। क्योंकि एक पढ़ी लिखी बेटी ही अपने परिवार को अच्छे ढंग से चला चलती है। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने तथा टेबलेट व मोबाइल का प्रयोग अपनी पढ़ाई में करने का आह्वान किया। इससे पूर्व हाशमी कालेज पहुंचने पर शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो का जोरदार स्वागत किया गया तथा उन्हें फूल मालाएं अपनाकर वह कालेज स्मृति चिन्ह व तलवार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कालेंज प्राचार्या डा0 रिजवाना कुलसुम समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन बी0एड0 विभागाध्यक्ष डा0 सन्त कुमार मिश्रा ने किया।

# चेयरमैन फैसल वारसी के गम में शरीक हुए सपा जिला अध्यक्ष,जताया अफसोस



स्योहारा।समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने चेयरमैन फैसल वारसी के घर पर पहुंचकर उनकी वालिदा के इंतकाल पर रंजोगम का इजहार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने नगर पालिका परिषद स्योहारा के चेयरमैन शेख फैसल वारसी के घर पहुंच कर उनकी वालिदा संजीदा वारसी के इंतकाल पर अफसोस जाहिर कर गहरे रंजो गम का इजहार किया और फैसल वारसी और उनके बड़े भाई विकार वारसी तथा अन्य परिजनों को तसल्ली और हिम्मत बंधाते हुए कहा की मरहुमा अल्लाह की अमानत थी अल्लाह ने वापस ले ली अब उनके लिए आपको ऐसे काम करने हैं जो उनकी रूह को सवाब पहुंचे। इस मौके पर डॉक्टर ए रहमान एहसास, आरिफ अली पूर्व इंस्पेक्टर नगरपालिका, दिलशाद अहमद ठेकेदार, दानिश इकबाल पूर्व जेल विजिटर, अजीम चौधरी, कामरान अली खान, जुनैद मालिक, कासिम सलमानी, नईम कुरैशी, फैसल हिलाल, इकबाल रूमानी पत्रकार वारिस चौधरी,रियाजुद्दीन पप्पू आदि मौजूद रहे। आपको बताते चले की फैसल वारसी की वालिदा का 4 दिसंबर को दिल की बीमारी के चलते इंतकाल गया था। तभी से उनके मिलने वालों का उनके घर आकर पुरसा (तसल्ली) देने का सिलसिला अभी भी जारी है।

# जनपद स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन, छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा।जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व दर्जा प्राप्त राज मंत्री ओमप्रकाश गोला की उपस्थिति में ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल गजरौला में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से एक दीवसीय जनपद स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता ओमप्रकाश गोला ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के मूर्ति पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन और ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने 100 मी बालक बालिका वर्ग की क्रीडा प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया । इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण पर एकांकी व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के संबोधन में जिलाधिकारी ने खुशी जाहिर कर प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बहुत खुशी हो रही है जो इस जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में इतनी बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं प्रतिभाग कर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं । कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है आप लोग जिस भी क्षेत्र में रुचि ले रहे हैं ईमानदारी से कार्य करें और सफलता की नई ऊंचाइयों को चढ़ें । कहा कि खेल के क्षेत्र में भी सफलता की अपार संभावनाएं हैं आप लोग कड़ी मेहनत और ईमानदारी से यदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे तो अवश्य ही आपका भविष्य खेल के क्षेत्र में भी उज्जवल हो सकेगा।इस प्रतियोगिता में जनपद की सभी विकास खंडों से जूनियर व प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर मोनिका जी रामबीर, राजीव सिरोही, व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित व प्रतियोगिता में प्रतिभाग किए हुए विद्यालयों के शिक्षक गण मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम



अमरोहा। समग्र शिक्षा माध्यमिक के संयोजन में जिला स्तरीय समेकित खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को मिनी स्टेडियम में किया गया। दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया। आयोजन का शुभारंभ एडीएम न्यायिक माया शंकर यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एडीएम न्यायिक ने कहा कि समेकित खेलकूद प्रतियोगिता का उद्देश्य दिव्यांग छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को पहचान कर तराशना है। दिव्यांग छात्र-छात्राओं को हमदर्दी नहीं प्रेरणा की आवश्यकता है। वह भी विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं। प्रभारी डीआईओएस ललित कुमार ने कहा कि समेकित खेलकूद प्रतियोगिता का मंच दिव्यांग छात्रों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर प्रदान करता है। हम दिव्यांग छात्र-छात्राओं के हौसले और जुनून को सैल्यूट करते हैं। कहा कि छात्र-छात्राओं को इस तरह के आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिला समन्वयक समग्र शिक्षा माध्यमिक मदनपाल सिंह ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं संग उनके अभिभावकों, शिक्षकों, प्रधानाचार्यों एवं अतिथियों का आभार जताया। संचालन सुरेंद्र सिंह व विजय सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सतीश कुमार, दिनेश कुमार चिकारा, स्नेहलता, नरेश सिद्धू, चारु शर्मा, धर्म सिंह, पवन कुमार त्यागी, विकास कुमार, वीर सिंह, ध्यान सिंह, कपिल कुमार यादव, शाहजेब तकी, शिव कुमार, शुभम त्रिपाठी, मोहम्मद हुसैन, मुराद अली, अंकुल यादव, धीरेंद्र कुमार, तेज बहादुर सिंह, आकाश कुमार, रवि कुमार, अंजू, मनीष कुमार, कवराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# मेरी झोली भर दिजिए श्याम बाबा जैसे भजनों पर भक्तगण झूम उठे

प्रात : किरण संवाददाता



मंडी धनौरा।बुद्धवार की रात्री को नगर के श्री नवदुर्गा शिव मंदिर टीचर कालोनी मे श्री खाटु श्याम मित्र मंडल मण्डी धनौरा के द्वारा हारे के सहारे श्याम सरकार की कृपा से मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की मोक्षदा एकादशी पर श्रंगार कर लखदातार श्याम की 268वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित कर श्याम बाबा के भजनों का अखाड़ा लगाया गया । जिसमे भजन गायक दीपक शर्मा ने मेरी झोली भर दीजिए श्याम बाबा, अर्पित कौशिक ने आना होगा रे हर बार मेरा विश्वास नही टूटेह्व, लक्की अग्रवाल ने जब कोई न सम्भाले तो सम्भालता है श्याम ह्ल,कृष वर्मा ने मैं हारा मैं हारा मुझे दे दो नाथ सहाराह्व , देव शर्मा ने किस्मत से शुभ दिन आया श्याम खाटू से चलकर आया ,शौर्य मित्तल ने श्याम धणी आने में जो देर लगाओगे, भजन सुनकर भक्त घूमने को मजबूर हो उठे और बाबा श्याम के जयकारों से मन्दिर प्रांगण गूंज उठा। कदम कदम पर रक्षा करने वाले श्याम बाबा के सेवादार दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा लगा बताया।द्वादशी पर हारे के सहारे श्याम सरकार को खीर,चूरमें, का भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया

इस अवसर पर ,सर्वेश शर्मा ,मनोज,सुमन,,सचिन,नीरज रस्तौगी ,विनीत राठी सौरभ शर्मा,ज्योति,विशाल ,हर्ष ,इशी रस्तोगी,कोमल,कल्पना,राखी,नमन रस्तोगी ,,नूतन अग्रवाल,रूबी,सहित आदि मौजूद रहे।

# वैज्ञानिक के नाबालिग बेटे ने जांच को गुमराह करने के बाद मां की हत्या की बात कबूली

गोरखपुर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक वैज्ञानिक के नाबालिग बेटे ने यहां अपने घर पर अपनी मां की हत्या करने की बात कबूल की है। इससे पहले लड़के ने अपने पिता और पुलिस जांच को गुमराह करते हुए दावा किया था कि उसकी मां की मौत दुर्घटनावश गिरने से हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीन दिसंबर को आरती वर्मा की उस वक्त मौत हो गई थी जब 11वीं में पढ़ने वाले उनके बेटे ने उन्हें धक्का दे दिया था और उनका सिर दीवार से जा टकरा था। पुलिस अधीक्षक (उत्तर) जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विस्तृत जांच के दौरान पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ। उन्होंने बताया, ह्यदो घंटे की पूछताछ के बाद किशोर ने स्वीकार किया कि उसने बहस के दौरान अपनी मां को धक्का दे दिया था जिससे उनके सिर में घातक चोट लग गई थी। उन्होंने बताया कि आरती के पति राम मिलन चेन्नई में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में सहायक वैज्ञानिक के तौर पर कार्यरत हैं और उन्होंने तीन दिसंबर की शाम को अपनी पत्नी को फोन किया। श्रीवास्तव ने बताया कि जब दो दिन तक फोन बंद रहा तो उन्होंने सात दिसंबर को अपनी साली ज्ञांती देवी को घर जाने के लिए कहा लेकिन घर बाहर से बंद था। अगली शाम गोरखपुर लौटने पर राम मिलन ने अपनी पत्नी का शव फर्श पर पड़ा पाया। पुलिस ने बताया कि उनका बेटा शिव मंदिर के पास मिला और उसने शुरूआत में पुलिस और अपने पिता को बताया कि उसकी मां की मौत गिरने से हुई है। पुलिस ने बताया कि किशोर ने दावा किया कि घबराहट के कारण उसने घर को बाहर से बंद कर दिया और चार दिनों तक इधर-उधर भटकता रहा।पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उसके बयान में विरोधाभास पाया गया,साथ ही दो अलग-अलग जगहों पर खून के धब्बे पाए गए जो संकेत देते हैं कि शव को घसीटा गया था। इन सब बातों से संदेह पैदा हुआ। पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से यह भी पुष्टि हुई की घर में कोई बाहरी व्यक्ति नहीं आया। पुलिस ने कहा कि लड़के के कमरे की तलाशी के दौरान 500, 200 और 100 रुपये की नकदी बरामद हुई।

# सड़क हादसे में एक की मौत, महिला समेत चार घायल

नोएडा। थाना सेक्टर-39 तथा थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं महिला समेत चार घायल हो गए है। पीड़ित परिजनों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अमित कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी कमर्शियल वाहन लेकर दिल्ली से नोएडा जा रहे थे, दलित प्रेरणा स्थल के गेट नंबर-2 के सामने उनकी गाड़ी पंचर हो गई। उनका भाई बीनू उर्फ सुनील कुमार व ड्राइवर शिवा गाड़ी से नीचे उतरकर स्टपनी बदल रहे थे। तभी एक बाइक सवार ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बीनू उर्फ शिवा को टक्कर मार दिया। इस घटना पर में बिनु की मौके मौत हो गई, जबकि शिवा की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि वीरेंद्र कुमार पुत्र राजपाल निवासी सेक्टर-22 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 11 दिसंबर की रात को सवा ग्यारह बजे के करीब वह सेक्टर-33 स्थित अग्रसेन धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी कार में सवार होकर परिवार सहित घर जाने के लिए निकले थे। जैसे ही वह यू-टर्न लेने के लिए धर्मशाला के पास आगे बढ़े एक आई-20 कार के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी कार में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी कार घसीटती हुई डिवाइडर पर जा चढी। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार इस घटना में कार में सवार उनकी पत्नी रीना, बेटी और भतीजी को गंभीर चोट आई है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कलक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक

## वसूली में पिछड़े विभागों को चेतावनी और कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। वैठक के अवसर पर जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर, वाहन कर, आबकारी विभाग, वानिकी, खनिज, सिंचाई, विद्युत, मण्डी, गन्ना विभाग, चिकित्सा व स्वास्थ्य, नगर पालिका/नगर पंचायत, स्टांप, परिवहन कर सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा कर कम राजस्व वसूली वाले विभागों को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। स्टाम्प वाहन आबकारी खनिज विजली बांट माप वाहन की कम वसूली पर जिलाधिकारी ने चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये साथ ही खनिज विभाग और बांट माप विभाग की सन्तोष जनक वसूली वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों की प्रगति ठीक नहीं है वह पिछले माह और दिसम्बर माह की भी प्रगति ठीक कर लें किसी भी स्थिति में वसूली में लापरवाही वर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगे कहा कि प्रत्येक विभाग को जो लक्ष्य आवंटित किया गया है उसके सापेक्ष अभियान चला कर वसूली कराई जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ही नहीं होनी चाहिए।अपेक्षित लक्ष्य सापेक्ष किसी भी स्थिति में वसूली कम ना हो।जिलाधिकारी ने तहसीलों द्वारा की जा रही वसूली के सम्बंध में निर्देशित करते हुए कहा कि जो बड़े बकाये दार हैं उनकी वसूली प्राथमिकता से कराई जाए साथ ही गिरफ्तारी अधिक से अधिक करायी जाए। वैठक के अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री ब्रजेश त्रिपाठी जी न्यायिक श्री माया शंकर यादव जी उपजिलाधिकारी हसनपुर नौगांवा धनौरा अमरोहा सहित अन्य कर करेत्तर से सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**लंबित वादों का निस्तारण प्राथमिकता से कराएं उपजिलाधिकारीः डीएम**

अमरोहा। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों से धारा 67 ,34 और 116 के न्यायालय में चल रहे वादों की समीक्षा भी किया ।वादों के निस्तारण प्राथमिकता से लक्ष्य लेकर और समय निकाल कर कोर्ट केस सुनने और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने 05 साल और तीन साल से अधिक के लंबित वादों की समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने कहा कि धारा 67 ,24 ,34 ,116 , के पांच वर्ष और तीन वर्ष पुराने किसी भी तहसील में कोई भी केस लंबित न रहे अभियान चलाकर निस्तारण करें। कोर्ट में जो शपथ पत्र दाखिल होने हैं वह समय से हो जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पट्टे के सम्बंध में शीघ्रता से आवश्यक कार्यवाही किया जाए।

**महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित अपराधों को गंभीरता से लिया जाएः जिलाधिकारी**

अमरोहा।जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स जी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभा गार में अभियोजन कार्य एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कोर्ट वार कितने को सजा दी गयी कितने को दोषमुक्त किया गया कितने साक्षी आये कितने अपील की गई कितने बेल की गई सहित अन्य कार्यो की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि महिला और बच्चों से सम्बन्धित अपराधों को गंभीरता से लिया जाय ज्यादा से ज्यादा दोष सिद्ध कर सजा दिलाई जाए इन केसों में नरमी न बरती जाए। जिलाधिकारी ने सभी शासकीय अभियोजन अधिकारियों तथा अधिवक्ताओं को निर्देश दिये कि गवाहों की गवाही शत प्रतिशत परिक्षित कराई जाये ।कहा कि अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्सा ना जाए जिन पर गंभीर मुकदमे दर्ज हैं उन पर प्रभावी कार्यवाही अमल में लायी जाए।

# आईएम इंटर कॉलेज में मनाई महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती

अमरोहा। नगर के आईएम इंटर कॉलेज में सुब्रमण्य भारती की जयंती पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कॉलेज के हिन्दी प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बताया कि वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे। ऐसे समय में जब समाज कई समस्याओं से जूझ रहा था, तब उन्होंने युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण की वकालत की। विज्ञान और नवाचार में उनका बहुत विश्वास था। बताया कि किस तरह उनकी कविता आध्यात्मिक गहराई, चिंतन व जीवंत अनुभवों को समेटे हुए हैं। उप प्रधानाचार्य डा. एहसान अख्तर ने कहा कि हमारे देश में शब्दों को केवल अभिव्यक्ति ही नहीं माना गया है, बल्कि हम उस संस्कृति का हिस्सा हैं, जो शब्द ब्रह्म की बात करती हैं। सुब्रमण्यम भारती की रचनाओं में राष्ट्रीय चेतना प्रखरता से मौजूद हैं, वो ऐसे महान मनीषी थे, जो देश की जरूरतों को देखते हुए काम करते थे। आगे भारतीय साहित्य में सुब्रमण्यम भारती के रचनात्मक योगदान को याद कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान डा. मुनव्वार हुसैन, इरफान हैदर, अनवर हुसैन, मुजाहिद अब्बास आदि रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### ताऊ के घर जा रही युवती और किशोरी से छेड़छाड़

मोदीनगर, । नगर की एक कॉलोनी में पैदल ताऊ के घर जा रही युवती और किशोरी से बाइक सवार युवक ने अभद्रता और छेड़छाड़ कर दी। डर के चलते किशोरी घर से बाहर नहीं निकल रही। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। वहीं, वीडियो के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नगर की एक कॉलोनी में महिला परिवार सहित रहती है। उन्होंने बताया कि पुत्री और 15 वर्षीय भतीजी अपने ताऊ के घर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में बाइक सवार युवक ने दोनों से अभद्रता और छेड़छाड़ की। युवती ने इसका वीडियो बना लिया। इसके बाद शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के मौके की ओर दौड़े। लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद बेटी और भतीजी घर पहुंचीं और आपबीती सुनाई। महिला ने बताया कि घटना के बाद बेटी और भतीजी बहुत डरी हुई हैं। इस पर महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता से मिले वीडियो के आधार पर आरोपी बाइक सवार युवक की तलाश की जा रही है। जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### राजकीय पॉलिटेक्निक में दो दिवसीय खेल महोत्सव शुरू

गाजियाबाद ।राजकीय पॉलिटेक्निक में गुरुवार से दो दिवसीय खेल महोत्सव की शुरूआत हुई ।इस दौरान गुरुवार को पहले दिन 200 मीटर,400 मीटर,1500 मीटर दौड़ में कई खिलाड़ियों ने प्रतिभा दिखाई। राजकीय पॉलिटेक्निक में गुरुवार से दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉ जानबेग लोनी ने किया ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने खेल महोत्सव में भाग ले रहे सभी से खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। खेल महोत्सव में बैडमिंटन, दौड़ प्रतियोगिता, लंबी कूद, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक आदि खेलों का आयोजन हो रहा है। गुरुवार को पहले दिन 200 मीटर दौड़ में पहले स्थान पर करीना, दूसरे स्थान पर मीनाक्षी यादव एवं तीसरे स्थान पर तुलसी रही। 400 मीटर दौड़ में खुशी ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर शबनम और तीसरे स्थान पर खुशी गर्ग रही। बालक वर्ग के 1500 मीटर दौड़ में कैलाश ने सबको पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर रणविजय प्रताप सिंह और तीसरे स्थान पर अभिषेक कुमार रहे। बालिकाओं की लंबी कूद में खुशी ने पहले, करीना ने दूसरा एवं कुमारी नीतू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में रजनीश कुमार ने पहला स्थान पर कब्जा किया। शुक्रवार को भी कई स्पर्धा में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

### गेस्ट हाउस परिसर में युवक का शव मिला

मोदीनगर, । मोदी शुगर मिल के गेस्ट हाउस परिसर में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई थी। घटनास्थल की गहनता से जांच-पड़ताल की गई है। एसीपी ने बताया कि युवक की उम्र करीब 25 साल है। उसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पहचान कराने के प्रयास लगातार जारी हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चलेगा।

### लगान लायंस ने पैंथर्स को 41 रन से शिकस्त दी

गाजियाबाद, । लगान लायंस ने एक्सटेंशन स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पैंथर्स को 41 रन से शिकस्त देकर अगले दौर में जगह बनाई। मैन ऑफ द मैच बने अखंड सिंह ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए चार विकेट लेने के साथ 39 रन की पारी भी खेली। राजनगर एक्सटेंशन स्थित क्रिकेट ग्राउंड में टी 20 क्रिकेट टूनामेंट खेला जा रहा है। गुरुवार को टूनामेंट में पैंथर्स और लगान लायंस के बीच मुकाबला खेला गया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लगान लायंस ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 189 रन का स्कोर बनाया। उसकी तरह से अखंड ने सबसे ज्यादा 39 रन, ऋषिकेश ने 31 रन का योगदान दिया। सुमित ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी पैंथर्स की टीम 20 ओवर में 148 रन ही बना सकी। कुणाल ने सबसे ज्यादा 48 रन और पवन ने 29 रन की पारी खेली लेकिन टीम के लिए यह नाकाफी रहा। बल्ले के बाद गेंद से भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अखंड ने चार विकेट लिए। इसके लिए अखंड सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# मजबूत विश्वास व सहयोग से ही मजबूत होता है हर काम : चिन्मय गर्ग

**भव्यता से हुआ मेट्रो टीएमटी का गोल्ड डिस्ट्रीब्यूशन समारोह**

गुरुग्राम, । मेट्रो टीएमटी (पेट्रोपोल इंडिया लिमिटेड और हरी आयरन इंडिया लिमिटेड) की ओर से गुरुग्राम में भव्यता से गोल्ड डिस्ट्रीब्यूशन समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह पेट्रोपोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक चिन्मय गर्ग और हरियाणा लोहा व्यापार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमित गुप्ता कासनिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। गुरुग्राम के द पाम्स टाउन एंड कंट्री क्लब में हुए इस समारोह में मेट्रो टीएमटी ने गोल्ड अवार्ड्स वितरित किए। इस विशेष आयोजन में मेट्रो टीएमटी ने अपने डीलर्स को उनकी असाधारण उपलब्धियों और उत्कृष्ट योगदान के लिए गोल्ड अवार्ड्स से सम्मानित किया। सम्मानित डीलर्स में भारत स्टील कॉरपोरेशन से दीपक वासन, हवेलिया इस्पात ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड से मुनीश गर्ग, अम्बा ट्रेडिंग इंडिया से प्रदीप सिंह तोमर, सुधीर स्टील एंड सीमेंट से सुधीर



यादव, हरी दया ट्रेडर्स से वीरेंदर सिंह, खुराना स्टील एंड सीमेंट कंपनी से अमित खुराना और हरी आयरन इंडिया लिमिटेड से दीपक शर्मा शामिल थे। इस आयोजन में उपस्थित डीलर्स और मेहमानों ने प्रेरणादायक कहानियों, मनोरंजन और शानदार आतिथ्य का आनंद लिया। पेट्रोपोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक चिन्मय गर्ग ने डीलर्स के योगदान की सराहना की। उनके साथ मजबूत और स्थायी संबंधों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह समारोह न केवल पुरस्कार वितरण का अवसर है, बल्कि उन रिश्तों का उत्सव है जो विश्वास और सहयोग पर आधारित हैं। हर काम, हर बिजनेस विश्वास और सहयोग से ही मजबूत होता है। हम हमेशा रिश्तों की मजबूत को महत्व देते रहे हैं और देते रहेंगे। साहिल गुप्ता ने कहा कि मेट्रो टीएमटी गुणवत्ता के मामले में कभी कोई समझौता नहीं करता। देश में मेट्रो टीएमटी ने अपना एक महत्व स्थान बनाया है। हरियाणा लोहा व्यापार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमित गुप्ता कासनिया ने कहा कि किसी भी बिजनेस की सफलता डीलर्स पर ज्यादा निर्भर रहती है। प्रोडक्ट को ऊंचाइयों पर पहुंचाने में डीलर का काम हमेशा सराहनीय रहा है। अमित गुप्ता कासनिया ने कहा कि इस समारोह ने मेट्रो टीएमटी और उसके डीलर्स के बीच संबंधों को और गहरा किया। भविष्य में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने की प्रेरणा दी। यह आयोजन इस बात को सार्थक करता है कि मेट्रो टीएमटी के संदेश आपकी सफलता हमारी प्रगति की नींव है। डीलर्स के साथ संबंधों को और मजबूत बनाने का प्रतीक है।

# संभल हिंसा: स्थानीय तुर्कों के खिलाफ गोलीबारी और पथराव के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण, संवाददाता

संभल। संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान 24 नवंबर को हुई हिंसा के संबंध में तुर्क समुदाय के कुछ लोगों के खिलाफ दर्ज मामला मुरादाबाद से संभल स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी संभल में हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। संभल कोतवाली के थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया, मुरादाबाद के पाकबरा पुलिस थाने में शरीफ के बेटे नसीम ने मामला दर्ज कराया था और कल (बुधवार) इसे संभल स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि नसीम ने आरोप लगाया कि 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में अदालत के आदेश पर सर्वे के दौरान कुछ उपद्रवी इकट्ठा हुए और तुर्क समुदाय के लोगों ने गोलियां चलाईं और पथराव किया। उन्होंने कहा, ह्यसंभल के कोट गर्वी निवासी नसीम का भतीजा वसीम अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी उसे गोली




लग गई। उसे मुरादाबाद के एक अस्पताल ले जाया गया जहां उसका आपरेशन किया गया। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के तहत तुर्क समुदाय के अज्ञात स्थानीय लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने कहा,शुरूआत में मामला जीरो एफआईआर के तौर पर मुरादाबाद में दर्ज किया गया था और अब इसे औपचारिक रूप से जांच के लिए संभल कोतवाली में स्थानांतरित कर दिया गया है। दरअसल एक याचिका दाखिल कर दावा किया गया था कि जिस स्थान पर मस्जिद है वहां कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था जिसके बाद अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया था और सर्वेक्षण के दूसरे दिन इलाके में हिंसा भड़क उठी थी। उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री और भाजपा नेता नितिन अग्रवाल ने पहले दावा किया था कि हिंसा स्थानीय तुर्क और पठान समुदायों के बीच वर्चस्व के संघर्ष से उपजी है।

### दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर कट की मांग को लेकर आंदोलन के दौरान एक किसान की मौत

मुजफ्फरनगर। दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट की मांग को लेकर किसानों के प्रदर्शन के दौरान एक किसान की शामली जिले के बाबरी थाना अंतर्गत भाजू गांव में मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उपजिलाधिकारी हामिद हुसैन ने बताया कि किसान धीरेंद्र (45) की बुधवार को मौत हो गई हालांकि उनकी मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। क्षेत्र के किसान पिछले तीन महीने से दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाजू गांव में फसल की ढुलाई में आसानी के लिए कट की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कट न होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बुधवार को प्रदर्शनकारी किसानों ने मृतक किसान के शव को धरना स्थल पर रखकर उसके परिवार को राहत देने की मांग की। बाद में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत किया और आंदोलनकारी किसानों को आश्वासन दिया। हुसैन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# गोल्ड लोन देने वाली कंपनी की शाखा प्रबंधक ने किया लाखों रुपये का सोना गायब

प्रात: किरण, संवाददाता

नोएडा। नोएडा के सेक्टर 20 थानाक्षेत्र में गोल्ड लोन उपलब्ध कराने वाली एक कंपनी की महिला प्रबंधिक ने धोखाधड़ी कर लाखों रुपए मूल्य के सोने के जेवरात का गबन कर लिया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक डी पी शुक्ल ने बताया कि ट्रूकैप फाइनेंशियल लिमिटेड कंपनी की सेक्टर 18 स्थित शाखा के सहायक शाखा प्रबंधक जितेंद्र सिंह निगम ने बीती रात शिकायत दर्ज करायी कि सितंबर में शाखा प्रबंधक ज्योति शर्मा ने शाखा से 15 लाख रुपए के गोल्ड लोन का पैकेट चुरा लिया। शुक्ल के अनुसार निगम ने इसकी सूचना अपने वरिष्ठों को दी जिसके बाद ज्योति शर्मा ने पूछताछ के दौरान अपनी गलती मान ली। ज्योति शर्मा जब पैकेट अपने कपड़ों में छुपा रही थी तब वह सीसीटीवी कैमरे में भी रिकार्ड हो गया। थाना प्रभारी के अनुसार ज्योति शर्मा ने चोरी किया गया पैकेट वापस करने का वादा किया तथा पैकेट वापस



करने के नाम पर जब गोल्ड लोन कंपनी के दो कर्मियों के साथ वह एक अपार्टमेंट में गई तब वह चकमा देकर वहां से फरार हो गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि बाद में जब शाखा में रखे बाकी गोल्ड लोन पैकेट का ऑडिट किया गया, तो पता चला कि ज्योति शर्मा ने करीब एक करोड़ सात लाख रुपये का घोटाला किया है। थाना प्रभारी ने निगम के हवाले से बताया कि जब कंपनी के बड़े अधिकारियों ने ज्योति शर्मा से बात की तो उसने इस घोटाले को स्वीकार किया तथा कहा कि दो माह के अंदर गबन की गई रकम को वह वापस कर देगी। शुक्ल के मुताबिक शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच में यह सामने आया कि आरोपी शाखा प्रबंधक ने कुछ पैकेट से सोना चुराया है और कुछ सोना ग्राहकों को वापस देकर उनसे मिलने वाला पैसा अपने खाते में जमा कर लिया है। ज्योति शर्मा ने अपनी मां, रिश्तेदारों और मित्रों के साथ मिलकर उनके नाम पर ह्यलोनह्ण बनाकर इस चोरी को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नोएडा: पुलिस के साथ मुठभेड़ में 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

नोएडा, । नोएडा के बिसरख थाना पुलिस की दो इनामी बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। यह बदमाश दिल्ली के नामी अपराधी हैं, जिनमें से एक पर दिल्ली-एनसीआर में 80 और दूसरे पर 60 मुकदमे लूट, डकैती और चोरी के दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, थाना बिसरख पुलिस 11 दिसंबर की रात चेरी काउंटी क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को एक बाइक पर आते देखा। जब पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो वह बाइक मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। इस बीच उनकी बाइक फिसलकर गिर गई। इसके बाद दोनों उठकर भागने लगा, हालांकि जब पुलिस ने उनसे रुकने के लिए कहा तो उन्होंने टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से दोनों घायल हो गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हरप्रीत उर्फ प्रीत उर्फ जस्सी और हरप्रीत सिंह उर्फ हन्नी के रूप में हुई है। दोनों दिल्ली के निवासी है। इनके पास से 2 तंमचे 315 बोर, जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। बाइक थाना सेक्टर-63 क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुलिस जांच में पता चला कि दोनों आरोपी थाना बिसरख से एक मुकदमे में वांछित चल रहे थे। थाना बिसरख ने इनके ऊपर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। यह दोनों लगातार फरार चल रहे थे। इनके खिलाफ लूट, डकैती , चोरी, हत्या के प्रयास के करीब 6 दर्जन दिल्ली, नोएडा, एनसीआर क्षेत्र में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, हरप्रीत उर्फ प्रीत उर्फ जस्सी थाना हरि नगर पश्चिमी दिल्ली का रहने वाला है। इस पर एनसीआर में 79 मामले दर्ज हैं। दूसरा बदमाश हन्नी भी थाना तिलक नगर पश्चिमी दिल्ली का रहने वाला है। इस पर भी एनसीआर में अलग-अलग थानों में 60 मामले दर्ज हैं।

# समाधान शिविर दे रहे जरूरतमंद लोगों को राहत : डीसी

प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। प्रदेश सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के उद्देश्य से शुरू किए गए समाधान शिविर में डीसी विक्रम सिंह ने गुरुवार को सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में एसडीएम शिखा, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। डीसी ने समस्याओं के जल्द समाधान के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर समाधान शिविर में पहुंचे लोगों ने कहा कि सभी अधिकारी एक जगह पर मिलने से इनको काफी राहत मिली है। बता दें कि जिला मुख्यालय के साथ उपमंडल स्तर पर भी संबंधित एसडीएम द्वारा आमजन की समस्याओं की सुनवाई की जा रही है। डीसी विक्रम सिंह के निर्देशानुसार आयोजित समाधान शिविर में अपनी समस्या को लेकर पहुंचे आमजनों की कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया




गया तथा शेष बची शिकायतों के समाधान के लिए सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गये। समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की प्रमुख समस्याओं का निपटारा किया जा रहा है। इनमें प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। इनसे संबंधित हर प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर में संपर्क किया जा सकता है। डीसी ने एक-एक कर फरियादियों को अपने समक्ष बुलाकर उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वें नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होकर कार्य करें। सरकार के निर्देशानुसार जरूरतमंद लोगों को पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में एसडीएम फरीदाबाद शिखा, सीटीएम अंकित कुमार, एसीपी राजीव, डीआरओ सुशील शर्मा, जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्य वजीर सिंह डागर सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# मायावती ने परभणी में संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुँचाए जाने की निंदा की, शांति की अपील की



प्रातः किरण संवाददाता,

लखनऊ, । बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने महाराष्ट्र के परभणी में बी आर आंबेडकर की प्रतिमा के पास रखी संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुँचाए जाने की निंदा की और इस घटना के कारण वहाँ उत्पन्न तनाव के बीच शांति की अपील की। मायावती ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, महाराष्ट्र राज्य के परभणी में भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा एवं संविधान का अपमान किया जाना अति-निन्दनीय व शर्मनाक है। इस घटना से पार्टी काफी दुःखी व चिन्तित भी है। बसपा नेता ने कहा, वहाँ की राज्य सरकार, ऐसे जातिवादी व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध तुरन्त सख़्त कानूनी कार्रवाई करे, वरना वहाँ हालात काफी बिगड़ सकते हैं। सभी से शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने की अपील है।ह्व मंगलवार को महाराष्ट्र के परभणी रेलवे स्टेशन के बाहर स्थापित बी आर आंबेडकर की प्रतिमा के पास रखी संविधान की प्रतिकृति को एक अज्ञात व्यक्ति ने क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिसके कारण वहां आगजनी और पथराव हुआ था। स्थानीय पुलिस के अनुसार, संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुँचाए जाने की खबर फैलने के बाद लगभग 200 लोगों की भीड़ प्रतिमा के पास एकत्र हो गई और नारे लगाने लगी।

# वैज्ञानिक के नाबालिग बेटे ने जांच को गुमराह करने के बाद मां की हत्या की बात कबूली

प्रात: किरण संवाददाता

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक वैज्ञानिक के नाबालिग बेटे ने यहां अपने घर पर अपनी मां की हत्या करने की बात कबूल की है। इससे पहले लड़के ने अपने पिता और पुलिस जांच को गुमराह करते हुए दावा किया था कि उसकी मां की मौत दुर्घटनावश गिरने से हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीन दिसंबर को आरती वर्मा की उस वक्त मौत हो गई थी जब 11वीं में पढ़ने वाले उनके बेटे ने उन्हें धक्का दे दिया था और उनका सिर दीवार से जा टकरा था। पुलिस अधीक्षक (उत्तर) जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विस्तृत जांच के दौरान पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ। उन्होंने बताया, ह्यदो घंटे की पूछताछ के बाद किशोर ने स्वीकार किया कि उसने बहस के दौरान अपनी मां को धक्का दे दिया था जिससे उनके सिर में घातक चोट लग गई थी। उन्होंने बताया कि आरती के पति राम मिलन चेन्नई में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में सहायक वैज्ञानिक के तौर पर कार्यरत हैं और उन्होंने तीन दिसंबर की शाम को अपनी पत्नी को फोन किया। श्रीवास्तव ने बताया कि जब दो दिन तक फोन बंद रहा तो उन्होंने सात दिसंबर को अपनी साली ज्ञांती



आरती, मृतका

देवी को घर जाने के लिए कहा लेकिन घर बाहर से बंद था। अगली शाम गोरखपुर लौटने पर राम मिलन ने अपनी पत्नी का शव फर्श पर पड़ा पाया। पुलिस ने बताया कि उनका बेटा शिव मंदिर के पास मिला और उसने शुरूआत में पुलिस और अपने पिता को बताया कि उसकी मां की मौत गिरने से हुई है। पुलिस ने बताया कि किशोर ने दावा किया कि घबराहट के कारण उसने घर को बाहर से बंद कर दिया और चार दिनों तक इधर-उधर भटकता रहा। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उसके बयान में विरोधाभास पाया गया,साथ ही दो अलग-अलग जगहों पर खून के धब्बे पाए गए जो संकेत देते हैं कि शव को घसीटा गया था। इन सब बातों से संदेह पैदा हुआ। पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से यह भी पुष्टि हुई की घर में कोई बाहरी व्यक्ति नहीं आया। पुलिस ने कहा कि लड़के के कमरे की तलाशी के दौरान 500, 200 और 100 रुपये की नकदी बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक (उत्तर) श्रीवास्तव ने बताया, ह्यह्यपूछताछ के दौरान लड़के ने मंगलवार शाम को कबूल किया कि तीन दिसंबर की सुबह उसकी मां ने उसे स्कूल जाने के लिए कहा था। जब उसने मना किया तो उनके बीच पैसों को लेकर विवाद हुआ और उसकी मां ने झल्लाहट में उस पर पैसे फेंके।ह्णह्ण ह्लपुलिस के मुताबिक, ह्यह्यगुस्से में आकर उसने अपनी मां को धक्का दे दिया, जिससे उनके सिर में जानलेवा चोट आई।ह्णह्ण पुलिस ने बताया कि किशोर को हिरासत में ले लिया गया है।

# पांच साल की एक बच्ची की बलात्कार के हत्या करने के जुर्म में एक व्यक्ति को उम्रकैद



नोएडा ।गौतमबुद्ध नगर जनपद की एक अदालत ने पांच साल की एक बच्ची की बलात्कार के बाद हत्या करने के जुर्म में एक व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनायी है। सहायक शासकीय अधिवक्ता जे पी भाटी ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश (पास्को-दो) सौरव द्विवेदी की अदालत ने आरोपी अमित को दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनायी और उसपर 30 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। भाटी ने बताया कि नवंबर 2012 में सेक्टर 39 थानाक्षेत्र की पांच वर्षीय इस बच्ची को अमित ने अगवा करके उसके साथ बलात्कार किया था और उसके बाद उसकी हत्या कर दी थी। भाटी के अनुसार जब अमित शव को दफना रहा था, तभी वहां पर कुछ लोग पहुंच गए थे तथा उन्होंने आरोपी को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने आरोपी अमित के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने सभी पक्षों को सुनने के बाद बुधवार को अमित को दोषी पाया तथा उसे आजीवन कारवास की सजा सुनायी एवं उसपर 30 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया। अमित को उम्रकैद होने पर बच्ची के परिजनों ने न्यायालय और पुलिस का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि आरोपी के उम्रकैद होने पर उन्हें कानून पर विश्वास पैदा हुआ है।

# नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती दो लड़कों के बीच हुआ विवाद, एक को चाकू मारकर उतारा मौत के घाट



प्रातः किरण संवाददाता,

ग्रेटर नोएडा,। ग्रेटर नोएडा के एक नशा मुक्ति केंद्र के अंदर भर्ती दो युवकों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि एक युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर दूसरे युवक पर चाकू से जानलेवा हमला बोल दिया और उसे लहूलुहान कर दिया। जब घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया तो उसकी मौत हो गई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि 12 दिसंबर को ग्राम समाधिपुर नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती दो लड़कों में आपस में विवाद हो गया। ये विवाद इतना बढ़ गया कि मजरूब अरविंद (27) निवासी जूनपत को विपक्षी मोहित रावल (24) निवासी ग्राम घोड़ी बछेड़ा और लक्की भाटी (25) ग्राम डेढ़ा ने चाकू से गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना की जानकारी होते ही नशा मुक्ति केंद्र का मैनेजर रॉबिन घायल युवक को अस्पताल ले गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा मजरूब को मृत घोषित कर दिया गया। इस मामले में थाना दादरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है। पुलिस ने मोहित रावल व लक्की को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में नशा मुक्ति केंद्र के अंदर भर्ती और मरीजों से पूछताछ शुरू की है इसके साथ-साथ मैनेजर से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी हुई है कि आखिर किस बात पर यह विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि विपक्षी युवकों ने युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी।



# नागा चैतन्य की शादी के बाद सामंथा ने शेयर की मिडवीक मोटिवेशन पोस्ट

सामंथा रूथ प्रभु ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें एक व्यक्ति भाषण देते हुए दिखाई दे रहा है। इस वीडियो में यह व्यक्ति कहता है कि महानता के लिए असफलता 100त्न जरूरी है। सामंथा का यह पोस्ट उनके एक्स हस्बैंड नागा चैतन्य की शादी के बाद आया है। वहीं प्रशंसक उनकी इसकी पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया लगातार दे रहे हैं। अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, सामंथा अपने करियर के सफर में दृढ़ हैं। अपने पूर्व पति नागा चैतन्य से उनका दिल दहला देने वाला अलगाव और उसके बाद मायोसिटिस से उनकी लड़ाई उनकी ताकत को हिला नहीं सकी, बल्कि उन्हें और अधिक आत्म-अनुभव और सक्षम इंसान बना दिया।

सामंथा का मानना है कि आज उन्होंने जो कुछ भी हासिल किया है, वह अतीत में उनकी असफलता के कारण है। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक नई पोस्ट में, उन्होंने असफलता के महत्व को दर्शाते हुए एक क्लिप जोड़ा और बताया कि यह हमारे करियर में कैसे योगदान देता है। क्लिप में एक व्यक्ति भाषण देते हुए दिखाया गया है जिसमें वह कहता है, महानता के लिए असफलता 100त्न जरूरी है। महानता हासिल करने के लिए, सफलता पाने के लिए, आपको जितनी बार संभव हो उतनी बार असफल होना होगा। इसलिए, इससे दूर ना भागें। इसे नकारात्मक रूप में न लें। इससे कुछ घंटे पहले, सामंथा रूथ प्रभु ने भी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक और पोस्ट की, जिसमें वृषभ, कन्या और मकर राशि के लोगों को आने वाला साल बेहद व्यस्त रहने की उम्मीद है, जिसमें उनके काम में महत्वपूर्ण प्रगति, पैसों में स्थिरता, एक बहुत ही वफादार और प्यार करने वाला साथी, बेहतर स्वास्थ्य होगा। पोस्ट से जुड़े एक नोट में सामंथा ने लिखा, आमीन। काम की बात करें तो सामंथा रूथ प्रभु हाल ही में वरुण धवन के साथ सिटाडेल-हनी बनी में नजर आईं। जासूसी थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल का भारतीय स्पिन-ऑफ है, 6 नवंबर को भारत में प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। मूल सीरीज में रिचर्ड मैडेन और प्रियंका चोपड़ा जोनास के साथ स्टेनली टुकी और लेस्ली मैनविले मुख्य भूमिकाओं में थे। अब सामंथा ने अगले प्रोजेक्ट ओटीटी सीरीज रक्त ब्रह्मांड के लिए शूटिंग शुरू कर दी है।



# स्टारडम नहीं, मेहनत पर ध्यान दें युवा कलाकार

श्रद्धा कपूर ने इस साल सिने प्रेमियों को स्त्री 2 जैसी शानदार फिल्म दी। हॉरर कॉमेडी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के तमाम रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाले। फैंस को श्रद्धा की अब अगली फिल्म का इंतजार है। सिनेमा और फिल्मों को लेकर श्रद्धा जरा हटकर सोचती हैं। उनका कहना है कि उन्हें इंतजार करना मंजूर है, लेकिन वे सही प्रोजेक्ट मिलने पर भी हां करेंगी। इसके अलावा वे युवा कलाकारों को भी सुझाव देती दिखीं। श्रद्धा कपूर हाल ही में रेड सी फेस्टिवल में जलवा बिखेरती नजर आईं, जहां उन्होंने सिनेमा पर बात की।

## सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी

श्रद्धा कपूर ने हाल ही में सऊदी अरब के जेद्दा में रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2024 में अपने स्टाइलिश अंदाज से चार चांद लगा दिए। एंड्रयू गारफील्ड के साथ पोज दिए। इसके अलावा वे कई और इंटरनेशनल स्टार्स के साथ नजर आईं। इस दौरान अभिनेत्री ने भारतीय सिनेमा के भविष्य और किरदारों को चयन करने की अपनी पसंद पर भी बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है अभी सर्वश्रेष्ठ आना बाकी है। ऐसा बहुत कुछ है, जो मैं करना चाहती हूं।

## सही प्रोजेक्ट का इंतजार

श्रद्धा कपूर ने फेस्टिवल के दौरान कहा मैं अलग-अलग किस्म की फिल्में करना चाहती हूं, अलग-अलग किस्म के किरदार मुझे करने हैं। श्रद्धा ने किरदारों के चयन को लेकर कहा कि इस दौरान सेलेक्टिव होना जरूरी है। अभिनेत्री ने कहा कि सही प्रोजेक्ट के लिए उन्हें इंतजार करना मंजूर है, बजाय इसके कि वह कोई ऐसा काम करें जो उनके साथ मेल नहीं खाता।

## खाली हाथ बैठने में नहीं दिक्कत!

उन्होंने कहा, मुझे जो पसंद न हो उस तरह की बैक टू बैक फिल्में करने के बजाय मुझे कोई फिल्म नहीं करना पसंद है। मुझे इसमें कोई दिक्कत नहीं। इसलिए मैं एक अभिनेता के तौर पर ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती हूं, जो मेरे लिए अलग हों। यही मेरी इच्छा है।

## स्टारडम नहीं, मेहनत पर ध्यान दें

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर से पूछा गया कि वे युवा कलाकारों और निर्देशकों को क्या सलाह देना पसंद करेंगी? इस पर उन्होंने कहा कि स्टारडम की बजाय क्राफ्ट पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। श्रद्धा ने कहा, ग्लैमर के लिए फिल्में न करें। अगर आप कलाकार बनना चाहते हैं, तो ग्लैमर सिर्फ 10 प्रतिशत है। शेष 90 प्रतिशत आपका हार्ड वर्क है।



# सनी देओल ने दी रामायण पर दिलचस्प जानकारी

अभिनेता रणबीर कपूर फिल्म रामायण में नजर आएंगे। इसका निर्देशन नितेश तिवारी करने वाले हैं। इस फिल्म में रणबीर भगवान राम का रोल अदा करेंगे। उन्होंने खुद अपनी भूमिका की पुष्टि कर दी है। रणबीर कपूर के बाद अभिनेता सनी देओल ने भी रामायण फिल्म को लेकर दिलचस्प जानकारी साझा की हैं, जो दर्शकों का उत्साह बढ़ाने वाली हैं।

## अवतार की तर्ज पर बन रही फिल्म

रणबीर कपूर ने हाल ही में फिल्म रामायण में अपनी भूमिका की पुष्टि की। उन्होंने इसे अपना ड्रीम रोल बताया। रणबीर के बाद अब सनी देओल ने ऐसी जानकारी दी है, जो दर्शकों का उत्साह फिल्म के प्रति कई गुना बढ़ाने वाली है। सनी देओल का कहना है कि फिल्म रामायण को इंटरनेशनल स्तर के प्रोजेक्ट अवतार और प्लेनेट ऑफ ऐप्स की तर्ज पर बनाया जा रहा है।

## क्या बोले सनी देओल?

सनी देओल ने हाल ही में एक मीडिया बातचीत में फिल्म को लेकर जानकारी दी। रामायण फिल्म पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक लंबी अवधि का प्रोजेक्ट है, क्योंकि इसे अवतार और प्लेनेट ऑफ ऐप्स की तरह बनाए जाने की कोशिश है। वे सभी तकनीशियन फिल्म का हिस्सा हैं। सनी देओल ने आगे कहा, राइटर और डायरेक्टर इसे लेकर बेहद स्पष्ट हैं कि फिल्म को कैसा बनाना है। किरदारों को किस तरह प्रस्तुत किया जाना है।

## हर किसी को पसंद आएगी फिल्म

सनी देओल ने आगे कहा कि दर्शकों को स्पेशल इफैक्ट्स का अनुभव मिलेगा। अभिनेता ने कहा, फिल्म वाकई शानदार होने वाली है और उम्मीद है कि हर किसी को बेहद पसंद आएगी। बता दें कि फिल्म में सनी देओल भी नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म में वे हनुमान का किरदार अदा करने वाले हैं। फिल्म रामायण को दो पार्ट में रिलीज किया जाएगा। पहला भाग साल 2026 और दूसरा 2027 में आएगा।

## कब शुरू करेंगे शूटिंग

सनी देओल के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी झोली में कई शानदार फिल्मे हैं। वे लाहौर 1947 में नजर आएंगे। इसके अलावा बॉर्डर 2 भी उनके पास है। बॉर्डर 2 की शूटिंग के बाद वे रामायण की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म रामायण में साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी।



# बागी 4 में सोनम बाजवा की एंट्री, टाइगर श्रॉफ के साथ आएंगी नजर

**पंजाबी अभिनेत्री सोनम बाजवा को अक्षय कुमार स्टारर 'हाउसफुल 5' के बाद निर्माता साजिद नाडियाडवाला की एक्शन से भरपूर फ्रेंचाइजी 'बागी 4' के लिए साइन किया गया है। पर्दे पर अभिनेत्री, टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आएंगी।**

बागी 4 के अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म में सोनम की एंट्री को लेकर जानकारी दी। टाइगर ने कैप्शन में लिखा, रिबेल फैमिली के नए सदस्य का स्वागत! बागी यूनिवर्स, साजिद नाडियाडवाला की 'बागी 4' में सोनम बाजवा को पाकर रोमांचित हूं।फिल्म मेकर नाडियाडवाला ग्रैंडसन ने सोशल मीडिया पर अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर सोनम की एंट्री की घोषणा की और लिखा, साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल यूनिवर्स की हंसी से एक्शन पैक्ड बागी 4 तक, आखिर अब शो में महफिल लूटने के लिए सोनम बाजवा आ गई हैं। फिल्म 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। 'बागी 4' की शूटिंग शुरू हो चुकी है और सोनम के जल्द ही सेट पर शामिल होने की उम्मीद है। टाइगर श्रॉफ ने 18 नवंबर को 'बागी' फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त की घोषणा की थी, जिसका निर्देशन ए हर्षा करेंगे। टाइगर ने पोस्ट शेयर कर कैप्शन में लिखा था,एक गहरी भावना, एक खूनी मिशन। इस बार वैसा नहीं है! साजिद नाडियाडवाला की बागी 4 ए हर्षा के निर्देशन में तैयार हो रही है। ए हर्षा कन्नड़ फिल्म 'बिरुगाली', 'चिंगारी', 'भजरंगी', 'अंजानी पुत्र' और 'वेधा' जैसी सफल फिल्में बना चुके हैं। 'बागी' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसकी पहली किस्त साल 2016 में रिलीज हुई थी।

# भूल भुलैया 3 की सफलता के बावजूद कार्तिक आर्यन को नहीं मिला किसी का समर्थन

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगातार कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े हैं। इस फिल्म की आपार सफलता के बावजूद भी अभी भी कार्तिक को काफी संघर्ष करना बाकी है।

## कार्तिक के लिए उनके दर्शक रखते हैं मायने

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान, कार्तिन ने स्टारडम के लिए अपने रास्ते को बनाने में आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। कार्तिक ने कहा कि भूल भुलैया 3 जैसी बड़ी हिट देने के बाद भी, उन्हें अपनी भविष्य की फिल्मों के लिए फिल्म उद्योग से किसी भी तरह के समर्थन की उम्मीद नहीं है। उनके लिए उनके दर्शक मायने रखते हैं, ना कि फिल्म इंडस्ट्री के वे लोग जो उन्हें ठोकर खाने का इंतजार करते देखना चाहते हैं।

## कार्तिक को खुद पर है भरोसा

कार्तिक ने कहा कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपने दम पर अपना रास्ता खुद बनाया है। कार्तिक ने कहा, मैं एक अकेला योद्धा हूं। आज आप जो घर देख रहे हैं मैंने इसे अपने पैसों से खरीदा है। मैंने यहां तक पहुंचने के लिए पागलों की तरह संघर्ष किया है और यह अभी भी खत्म नहीं हुआ है। मुझे इस बात का पूरा भरोसा है कि मुझे आगे की राह के लिए कोई इंडस्ट्री सपोर्ट नहीं मिलेगा और मैं इस बात को स्वीकार कर चुका हूं कि भूल भुलैया 3 में एक बड़ी हिट देने के बावजूद, कोई भी मेरे पीछे नहीं आएगा।





# पुष्पा 2 पर तीखी टिप्पणी कर बुरे फंसे सिद्धार्थ

**गायक मीका सिंह ने बिहार में पुष्पा 2ः द रूल के प्रचार कार्यक्रम के बारे में अभिनेता सिद्धार्थ की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मीका ने एक तीखे सोशल मीडिया पोस्ट में सिद्धार्थ की आलोचना करने के लिए उनका मजाक उड़ाया और कहा कि इससे अभिनेता की लोकप्रियता बढ़ी है।**

झअपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए मीका ने लिखा, हैलो सिद्धार्थ भाई, आपके इस कमेंट पर एक बात अच्छी हो गई है कि आज से लोगो को थोड़ा बहुत आपका नाम पता चल गया है, सोचो अभी तक तो मुझे भी नहीं पता कि आप क्या करते हैं। दरअसल, सिद्धार्थ ने अपनी फिल्म मिस यू के प्रमोशन के दौरान यूट्यूबर मदन गौरी के साथ पॉडकास्ट के दौरान इस विवाद को हवा दी। बिहार में पुष्पा 2 के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के बारे में पूछे जाने पर सिद्धार्थ ने इसे महज भीड़ जुटाने का हथकंडा बताया।

## पुष्पा 2 पर सिद्धार्थ का बयान

उन्होंने कहा, यह सब मार्केटिंग है। ईमानदारी से कहूं तो हमारे देश में भीड़ जुटाना मुश्किल नहीं है। उदाहरण के लिए, अगर आप किसी इलाके में निर्माण कार्य के लिए चार जेसीबी लगाने जा रहे हैं तो लोग सिर्फ इसे देखने के लिए इकट्ठा होंगे। टीम ने एक ग्राउंड बुक किया और एक कार्यक्रम आयोजित किया। लोग देखने आए। बस इतना ही। भारत में भीड़ गुणवत्ता को नहीं दर्शाती है।

## सिद्धार्थ की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया

सिद्धार्थ ने फिल्म प्रमोशन की तुलना राजनीतिक रैलियों से की और तर्क दिया कि बड़ी भीड़ जरूरी नहीं कि वास्तविक रुचि या सफलता का संकेत दे। उन्होंने कहा, भारत में हर राजनीतिक दल अपनी बैठकों में भारी भीड़ जुटा सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे हर चुनाव जीत जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी कई सभाओं को प्रोत्साहित किया जाता है। मेरे समय में हम इन भीड़ को बिरयानी और क्वार्टर बोतल कहते थे।

## पुष्पा 2 की कमाई

अभिनेता की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। पुष्पा 2 के प्रशंसकों ने फिल्म की व्यापक अपील को कम करने के लिए सिद्धार्थ की आलोचना की। मीका सिंह का जवाब सबसे मुखर प्रतिक्रियाओं में से एक था, क्योंकि इंटरनेट पर लोगों ने अभिनेता की टिप्पणियों पर बहस की। अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहद फासिल और अनसूया भारद्वाज अभिनीत पुष्पा 2 दुनिया भर में 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी। फिल्म ने जबर्दस्त सफलता हासिल की है और वैश्विक स्तर पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

# द गर्लफ्रैंड के टीजर की वरुण धवन ने की तारीफ

रश्मिका मंदाना पुष्पा 2 के बाद द गर्लफ्रैंड की रिलीज के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का टीजर हाल ही में जारी हुआ है। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने इस पर टिप्पणी की है। टीजर देखने के बाद अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रश्मिका मंदाना ने कहा, आखिरकार, बेबी! यह प्रोजेक्ट आप लोगों से मिलने के लिए तैयार है। मुझे पता है कि हमने आपको लंबे समय तक इंतजार करवाया है, लेकिन आखिरकार यह आ ही गया झ रश्मिका मंदाना की फिल्म के टीजर पर वरुण धवन ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कमेंट पर लिखा, मुझे ये बहुत पसंद आया। रश्मिका मंदाना की परफॉर्मेंस वरुण धवन को बहुत पसंद आया है।

## कब रिलीज होगी फिल्म

रश्मिका की इस फिल्म का टीजर ही जारी हुआ है। फिल्म की रिलीज डेट की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, रश्मिका और अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा द रूल बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को प्रशंसकों का प्यार मिला है। रश्मिका के श्रीवल्ली के किरदार को फैंस ने बहुत पसंद किया है।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024



# व्यापार

सेंसेक्स
81526.70 पर बंद
निफ्टी
24555.85 पर बंद

सोना
78,550
चांदी
96,500

## संक्षिप्त समाचार

### महिंद्रा ने बॉमा कॉनेक्सपो दिल्ली में लॉन्च की निर्माण उपकरणों की अत्याधुनिक सीईवी-वी



**दिल्ली , एजेंसी।** महिंद्रा समूह के अंग, महिंद्रा कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिवीज़न (एमसीई) ने आज बॉमा कॉनेक्सपो 2024 में अपने नवीनतम उपकरण पेश किये, जो नवोन्मेष और विश्वसनीयता के प्रति व्यवसाय की प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। निर्माण (कंस्ट्रक्शन) उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज अपने संबंधित श्रेणियों में मानकों को पुनर्परिभाषित करने के लिए तैयार है, जिसमें नवीनतम उद्योग मानदंडों का अनुपालन के साथ बेहतर फीचर पेश किये गए हैं। इंडिया एक्सपो सेंटर में महिंद्रा पैवेलियन में रोडमास्टर और अर्थमास्टर जैसे महिंद्रा बीएसवी निर्माण उपकरणों की पूरी रेंज के साथ-साथ निर्माण खंड के लिए व्यापक ट्रक रेंज - ब्लेज़ो एक्स 48 सीएलएस 10×4 टिपर, ब्लेज़ो एक्स एम-ड्यूरा 35 8×4 टिपर, 7.5 सह कैपेसिटी ड्रम के साथ ब्लेज़ो एक्स 28 ट्रांजिट मिक्सर, 6केएल क्षमता के साथ फ्यूरियो 10 फ्यूल बॉउज़र और बोलेरो कैंपर और मैक्स पिक-अप प्रदर्शित किए गए।

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ट्रक एवं बस और निर्माण उपकरण के व्यवसाय प्रमुख (बिजनेस हेड), डॉ. वेंकट श्रीनिवास ने कहा, कंपनी का अत्याधुनिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को पेश करने का निरंतर प्रयास, स्थानीय तौर पर विनिर्माण पर ज़ोर आदि हमारी मेक इन इंडिया पहल में उल्लेखनीय योगदान करने की कोशिश की मिसाल है। बॉमा कॉनेक्सपो में निर्माण उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज की प्रस्तुति, भारत सरकार द्वारा निर्धारित वहनीयता लक्ष्यों के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। नई सीईवी5 रेंज हमारे इंजीनियरों की तत्परता का प्रमाण है, जिन्होंने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करते हुए इन उत्पादों का विकास किया है। यह रेंज विशेष रूप से बड़े, अधिक आरामदायक केबिन से सुसज्जित है ताकि ऑपरेटर की उत्पादकता बढ़ सके।

### कलर्स के फैंस के पसंदीदा शो 'मंगल लक्ष्मी'

**मुंबई, एजेंसी।** अपनी मनोरंजक कहानियों से दर्शकों का दिल जीतने के बाद, कलर्स के सबसे लोकप्रिय शो एक नए समय पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं! 16 दिसंबर से, बहुचर्चित पारिवारिक ड्रामा 'मंगल लक्ष्मी' रात 9:00 बजे प्रसारित होगा, जिसमें दर्शकों को एक घंटे का दमदार ड्रामा से भरा शोडाउन देखने को मिलेगा, इसके बाद रात 10:00 बजे रोमांस से भरपूर 'मेरा बलम थानेदार' प्रसारित होगा, और प्रशंसकों का पसंदीदा रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' रात 10:30 बजे शुरू होगा। साथ में, ये शो ड्रामा, भावना और मनोरंजन के एक्स्ट्रा डोज़ का वादा करते हैं, जिससे दर्शक हर रात अपनी स्क्रीन से चिपके रहेंगे। समय में इस नए बदलाव के साथ, 'मंगल लक्ष्मी' हाई-स्टेक ड्रामा पेश करता है क्योंकि जिया (रुतुजा सावंत द्वारा अभिनीत) कार्तिक (शुभम दिक्षा द्वारा अभिनीत) पर छेड़छाड़ के झूठे आरोप लगाती है, जिससे वह सलाखों के पीछे पहुंच जाता है। लक्ष्मी (सानिका अमित द्वारा अभिनीत) कार्तिक को बेगुनाह साबित करने की कोशिश करती है, जिस दौरान उसकी प्यारी बहन मंगल (दीपिका सिंह द्वारा अभिनीत) हर कदम पर उसके साथ खड़ी रहती है। जबकि, 'मेरा बलम थानेदार' में, बुलबुल (श्रुति चौधरी द्वारा अभिनीत) वंश (सागर पारिख द्वारा अभिनीत) को सही रास्ते पर लाने की चुनौती को स्वीकार करती है,

# बांग्लादेश ने चीनी आयात के लिए पाकिस्तान से मिलाया हाथ, भारत को हो सकता है बड़ा नुकसान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच व्यापारिक संबंधों में नई मजबूती देखी जा रही है। भारत से बढ़ती दूरियों के बीच बांग्लादेश ने पाकिस्तान से चीनी आयात का निर्णय लिया है, जिससे भारत को आर्थिक झटका लग सकता है। दरअसल, बांग्लादेश ने पहली बार पाकिस्तान से भारी मात्रा में चीनी खरीदने का निर्णय लिया है।

पाकिस्तान अगले महीने कराची पोर्ट से चिटगॉन्ग पोर्ट तक लगभग 600,000 टन चीनी की पहली खेप भेजने की तैयारी कर रहा है। पाकिस्तान के स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह सौदा कई वर्षों बाद हुआ है। आपको बता दें, अब तक बांग्लादेश अपनी चीनी की जरूरत भारत से पूरी करता था लेकिन भारत द्वारा चीनी निर्यात पर रोक लगाए जाने के कारण उसने पाकिस्तान से आयात का विकल्प चुना है।



### क्या है पूरा मामला

पाकिस्तानी शुगर इंडस्ट्री ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अनुमति के बाद इस बड़े निर्यात समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत, चीनी का एक बड़ा हिस्सा बांग्लादेश को निर्यात किया जाएगा. पाकिस्तानी अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय बांग्लादेश को चीनी की आपूर्ति सुनिश्चित करने और घरेलू शुगर इंडस्ट्री को नई संभावनाएं प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।

### भारत को कैसे होगा नुकसान

आपको बता दें, पाकिस्तान से चीनी खरीदने से पहले बांग्लादेश भारत से चीनी मंगाता था।

साल 2021-22 में भारत से बांग्लादेश ने करीब 56.59 करोड़ डॉलर की चीन मंगाई जबकि, 2020-21 में ये आंकड़ा 7.47 करोड़ डॉलर का था। 2023 की बात करें तो एक रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश ने भारत से 353.46 मिलियन डॉलर का चीनी मंगाया।

### पाकिस्तान इन देशों को भी भेजेगा चीनी

पाकिस्तान की कुल 6 लाख टन चीनी निर्यात योजना में से 70,000 टन चीनी मध्य एशियाई देशों को भेजी जाएगी जबकि, थाईलैंड ने 50,000 टन चीनी खरीदी है। इसके अलावा, खाड़ी देशों, अरब देशों और कई अफ्रीकी देशों ने भी पाकिस्तान से चीनी खरीदने के लिए समझौते किए हैं। पाकिस्तानी चीनी व्यापारियों के प्रतिनिधि माजिद मलिक ने मीडिया को कुछ दिनों पहले बताया था कि यह निर्यात समझौता देश की शुगर इंडस्ट्री के लिए एक सकारात्मक संकेत है। इस सौदे से न केवल पाकिस्तानी उद्योग को नए बाजारों तक पहुंच मिलेगी, बल्कि विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि होगी।

इसके अलावा चीनी आयात सौदा बांग्लादेश-पाकिस्तान के व्यापारिक संबंधों में एक नई पहल के रूप में देखा जा रहा है। एक तरफ इससे जहां, क्षेत्रीय बाजार में पाकिस्तान की स्थिति भी मजबूत होगी।

# सर्वेश्वर फ़ूड्स लिमिटेड किसानों को सशक्त बनाने के लिए अभूतपूर्व मृदा मानचित्रण पहल के साथ सतत कृषि में अग्रणी

**मुंबई, एजेंसी।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (बीएसई- 543688, एनएसई- सर्वेश्वर), एफएमसीजी क्षेत्र में एक उभरता हुआ लीडर और हिमालय के तलहटी से प्रीमियम बासमती चावल के लिए एक विश्वसनीय नाम, भारत के कृषि परिदृश्य में एक क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। कंपनी मिट्टी की सेहत पर विशेष ध्यान देकर स्थायी कृषि प्रथाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव का नेतृत्व कर रही है।

सर्वेश्वर फूड्स की स्थिरता के प्रयासों का केंद्र बिंदु उसका नवोन्मेषी मिट्टी मानचित्रण कार्यक्रम है। यह पहल कंपनी की रणनीति का मुख्य आधार है, जिसका लक्ष्य मिट्टी की सेहत में सुधार और फ़सल पैदावार को अधिकतम करना है। सभी सहयोगी किसानों के लिए स्थान-विशिष्ट मिट्टी आकलन प्रदान करके, सर्वेश्वर सुनिश्चित करता है कि उर्वरक उपयोग और सिंचाई प्रथाओं के लिए सटीक और वैज्ञानिक सिफारिशें दी जाएं, जिससे हानिकारक रसायनों के अधिक उपयोग का जोखिम कम होता है और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है।

पिछले कुछ महीनों में, सैकड़ों मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए हैं, जो आर.एस. पुरा, पलवनवाला, परगवाल और बिश्नाह जैसे प्रमुख कृषि क्षेत्रों में लगभग 1,000 एकड़ के बासमती-growing क्षेत्रों को कवर करते हैं। ये कार्ड किसानों को मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, इनपुट लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए अनुकूलित मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

सर्वेश्वर फूड्स जैविक बासमती उत्पादन को भी बढ़ावा दे रहा है, किसानों को जैविक इनपुट अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, जो न केवल चावल की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं बल्कि किसानों को अपनी फ़सलों के लिए उच्च कीमतें भी प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं।

# एनईसीसी लिमिटेड ने ग्रीन लॉजिस्टिक के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नई गोदाम सुविधा विकसित करने की घोषणा की

**गुड़गाँव, एजेंसी।** घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक सामान परिवहन में अग्रणी कंपनी, नॉर्थ ईस्टर्न कैरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनईसीसी) ने हाल ही में एक व्यावसायिक अपडेट की घोषणा की है।

एनईसीसी गुड़गाँव के पास ताऊरु में अपनी साइट पर 183,000 वर्ग फुट की अत्याधुनिक गोदाम सुविधा विकसित करने की प्रक्रिया में है। यह एकीकृत सुविधा 5 एकड़ भूमि पर बनाई जाएगी और इसमें कर्मचारियों के लिए आवास सुविधाएँ, कुशल भंडारण के लिए बहु-स्तरीय रैकिंग सिस्टम, आधुनिक इलेक्ट्रिक सामग्री हैंडलिंग उपकरण और छत पर लगे 2 मेगावाट सौर ऊर्जा शामिल होंगे।

NECC
Moving You Ahead

यह नई सुविधा एनईसीसी के प्रॉफ़िटबलिटी पर एक बड़ा प्रभाव डालेगी, क्योंकि हमने आगामी गोदाम के लिए पहले ही व्यापार सुरक्षित कर लिया है। यह परियोजना कंपनी के भंडार से पूरी तरह से वित्तपोषित की जा रही है।

यह सुविधा भारत भर में स्थायी, एकीकृत लॉजिस्टिक केंद्र बनाने के लिए कंपनी के भविष्य के दृष्टिकोण को भी दर्शाती है। इन-हाउस सौर क्षमता के साथ, एनईसीसी को कम इनपुट लागत और बेहतर दक्षता का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, सुविधा पहली मील और आखिरी मील की डिलीवरी की लागत को काफी कम करेगी, खासकर इलेक्ट्रिक ( ट्रकों का उपयोग करते समय।

कंपनी ने आगे कहा, हमें यह साझा करते हुए भी खुशी हो रही है कि एनईसीसी ने हाल ही में स्त्र ग्रीन लॉजिस्टिक्स में रणनीतिक निवेश किया है, जो एक कंपनी है जो टिकाऊ ट्रकिंग समाधानों के लिए समर्पित है,

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्लान से चवन्नी रह जाएगा सोना!

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब से चुनाव जीते हैं, तब से सोना अ+ौर क्रिप्टोकरेंसी चर्चा में है। ट्रंप से 5 नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता था। तब से लेकर अब तक सोने में जहां गिरावट देखी जा रही है, वहीं क्रिप्टोकरेंसी के भाव आसमान छू रहे हैं। पिछले एक महीने में क्रिप्टोकरेंसी के रेट दोगुने से ज्यादा तक हो गए हैं। वहीं सोने की कीमत गिरी है।

### सोने में निवेशकों का विश्वास

सोना निवेशकों की पहली पसंद रहा है। यह पसंद सिर्फ आम निवेशकों की ही नहीं, बल्कि कई देश भी अपना सोने का भंडार बढ़ा रहे हैं। इनमें भारत और चीन प्रमुख हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कि सोने को एक सेफ एसेट के रूप में देखा जाता है। यानी इसका इस्तेमाल किसी भी समय संकट के समय किया जा सकता है।

वहीं भारतीयों में सोने के प्रति लगाव वैसे भी ज्यादा रहा है। त्योहारी सीजन से लेकर वेडिंग सीजन तक में इसकी काफी मांग रहती है। वहीं काफी निवेशक सोने में निवेश भी करते हैं। हालांकि पिछले कुछ समय से इसकी कीमत में भारी उतार-चढ़ाव रहा है।

### सोना क्यों रह जाएगा पीछे

दुनिया के कई देशों में व्यापार का भुगतान अमेरिका डॉलर में होता है। चूंकि डोनाल्ड ट्रंप डॉलर के समर्थक रहे हैं। वह डॉलर को मजबूत करना चाहते हैं। अपने पहले कार्यकाल में वह ऐसा कर भी चुके हैं। डॉलर मजबूत होने से सोने की कीमत में गिरावट आती है। ऐसे में ट्रंप के शासन में डॉलर जितना मजबूत होगा, सोने की कीमत उतनी की कम होगी।




ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद हम इसका उदाहरण देख भी चुके हैं। ट्रंप के कुर्सी संभालने से पहले ही डॉलर की कीमत रुपये को काफी पीछे छोड़ चुकी है। दुनिया की कई करेंसी के मुकाबले डॉलर की कीमत ज्यादा हो गई। नतीजा यह हुआ कि दुनिया में सोना काफी सस्ता हो गया। भारत में जहां धनतेरस पर सोना 80 हजार को पार कर गया था, उसकी कीमत 70 हजार रुपये के करीब आ गई थी।

### क्रिप्टोकरेंसी की क्या स्थिति

ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद से लेकर अब तक क्रिप्टोकरेंसी में भारी उछाल आ चुका है। एक महीने में क्रिप्टोकरेंसी ने सोने से कहीं ज्यादा रिटर्न दिया है। बिटकॉइन एक लाख डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। डॉगकॉन दोगुने ज्यादा रिटर्न दे चुका है। वहीं दूसरी क्रिप्टोकरेंसी भी निवेशकों को अच्छा रिटर्न दे रही हैं।

### क्यों बढ़ रही क्रिप्टो की कीमत

क्रिप्टोकरेंसी में उछाल का सबसे बड़ा कारण है कि ट्रंप इसके समर्थक रहे हैं। वहीं दूसरी ओर दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क भी क्रिप्टोकरेंसी की वकालत करते रहे हैं। अमेरिका में हुए इस चुनाव में मस्क ने ट्रंप का समर्थन किया था। ट्रंप ने मस्क को सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख बनाया है। मस्क के अलावा ट्रंप ने अमेरिकी ब्रोकरेज और इन्वेस्टमेंट बैंक कैंटर फिट्जगेराल्ड के प्रमुख हॉवर्ड लुटनिक को कॉमर्स सेक्रेटरी के लिए नामित किया है। लुटनिक क्रिप्टोकरेंसी के काफी बड़े समर्थक हैं। साथ ही ट्रंप ने यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के प्रमुख के लिए पॉल एटकिंस के नाम का प्रस्ताव रखा है। मौजूदा अध्यक्ष गैरी जेन्सलर के विपरीत, एटकिंस का क्रिप्टोकरेंसी के मामले में सकारात्मक दृष्टिकोण है। वह क्रिप्टोकरेंसी के बड़े समर्थक हैं।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने नौकरी छोड़ शुरू किया यह काम, अब सालाना 10 करोड़ का कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मनोहर अय्यर सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। उन्होंने नौकरी छोड़कर कोल्ड-प्रेस्ड तेल का बिजनेस शुरू किया। उनकी कंपनी सप्तम अब सालाना 10 करोड़ रुपये का रेवेन्यू कमा रही है। 2019 में बेंगलुरु में स्थापित सप्तम ने पिछले वित्तीय वर्ष में 5 लाख लीटर कच्ची घानी का तेल बेचा था। अय्यर का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 में 25 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल करना है। आइए, यहां मनोहर अय्यर की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### 2014 से शुरू हुई कहानी

यह सब तब शुरू हुआ जब 2014 में ऑस्ट्रेलिया में काम करते हुए मनोहर अय्यर को मूंगफली और मूंगफली के तेल की कीमतों में अंतर



का एहसास हुआ। इसने उन्हें खाद्य तेल उद्योग पर रिसर्च करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कच्ची घानी तेल उत्पादन की लगभग विलुप्त होती कला के बारे में जानकारी जुटाई। रिफाइंड तेलों के प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों को देखते हुए मनोहर ने इस पारंपरिक तरीके को दोबारा जीवित करने का फैसला किया। कई चुनौतियों का सामना करते हुए अय्यर ने प्रौद्योगिकी के साथ परंपरा को मिलाकर सफलता हासिल की। अब देश भर में वह इस उद्योग को पुनर्जीवित करने में दूसरों को प्रेरित कर रहे हैं। 2014 में मनोहर अय्यर ऑस्ट्रेलिया में कैपजेमिनी के साथ काम कर रहे थे। उन्होंने एक्सेंचर, कैपको और नील्सन के साथ भी काम किया है। भारत यात्रा के दौरान उन्होंने मूंगफली और मूंगफली के तेल की कीमतों में समानता देखी।

# लगातार बेहतर प्रदर्शन वाली कंपनियां यूएस के बाद भारत में सर्वाधिक, वैश्विक संकट में भी प्रदर्शन शानदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार उच्च प्रदर्शन करने वाली कंपनियों की संख्या के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब सिर्फ अमेरिका ही सबसे आगे है। डीएसपी म्यूचुअल फंड्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एक दशक से अधिक समय से भारतीय कंपनियां इक्विटी पर लगातार 20 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रही हैं। यह देश के व्यवसायों की ताकत और भारतीय शेयर बाजार के बेहतर प्रदर्शन को प्रेरित करने वाले मजबूत बुनियादी सिद्धांतों को रेखांकित करता है। साथ ही, बताता है कि भारतीय शेयर बाजार के बेहतर प्रदर्शन की वजह इसके मजबूत आरओई (इक्विटी पर रिटर्न)




आंकड़े हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, विकास का असली इंजन कंपनियों की मजबूत वित्तीय सेहत और दक्षता में निहित है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 39 भारतीय कंपनियों ने पिछले 20 वर्षों में निर्बाध रूप से अपनी बुक वैल्यू में सकारात्मक वृद्धि की है। इनमें सात कंपनियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। खास बात है कि इन कंपनियों ने 2008 की वैश्विक आर्थिक मंदी और कोविड-19 महामारी जैसी चुनौतियों के दौरान भी अपने प्रदर्शन को कायम रखा।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने भारत को 83 रन से हराया

पर्थ।

ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना के शतक के बावजूद भारत को तीसरे और अंतिम वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 83 रन की हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारतीय महिला टीम 3-0 से सीरीज गंवा दिया। मैच में अरुंधति रेड्डी (26 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत ने वाका पर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर को एक समय चार विकेट पर 78 रन कर दिया था, लेकिन अनाबेल सदरलैंड (95 गेंद में 110 रन, नौ चौके, चार छक्के) के शतक से मेजबान टीम छह विकेट पर 298 रन का बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही।

सदरलैंड ने एश्ले गार्डनर (50) के साथ पांचवें विकेट के लिए 96 और कप्तान तहलिया मैकग्रा (56) के साथ छठे विकेट के लिए 122 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इसके जवाब में भारतीय टीम मंधाना की 109 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 105 रन की पारी के बावजूद 45.1 ओवर में 215 रन पर सिमट गई। जब तक स्मृति क्रीज पर थी तब तक भारत की जीत की उम्मीद बंधी हुई थी लेकिन उनके आउट होने के साथ मेहमान टीम की सांत्वना जीत दर्ज करने की उम्मीद भी टूट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऑफ स्पिनर एशलेग ने 30 रन देकर पांच विकेट चटकाए। लेग स्पिनर एलेना किंग ने भी 27 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मंधाना को दूसरे छोर पर अन्य बल्लेबाजों से समर्थन नहीं मिला। एलेना ने हरलीन देओल (64 गेंद में 39 रन) को अपनी ही गेंद पर लपककर मंधाना के साथ उनकी दूसरे विकेट की 118 रन की साझेदारी का अंत किया जिसके बाद टीम ने लगातार विकेट गंवाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने पांचवें ओवर में ही रिचा घोष (02) का विकेट गंवा दिया जिन्हें मेगान शूट ने बोल्ड किया। टीम को कप्तान हरमनप्रीत कौर (22 गेंद में 12 रन) और जेमिमा रोड्रिग्ज (11 गेंद में 16 रन) से काफी उम्मीदें थी लेकिन इन दोनों ने निराश किया। सीनियर बल्लेबाज दीप्ति शर्मा भी खाता खोलने में नाकाम रहीं। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद फोएबे लिचफील्ड (25) और जॉर्जिया वोल (26) ने पहले विकेट के लिए 10.1 ओवर में 58 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। अपना पांचवां एकदिवसीय खेल रही अरुंधति ने हालांकि 11वें ओवर में चार गेंद के भीतर दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट करके ऑस्ट्रेलिया को दोहरा झटका दिया। अरुंधति ने अंदर की ओर स्विंग होती गेंद पर पिछली मैच की शतकवीर वोल को बोल्ड किया जबकि बाएं हाथ की बल्लेबाज लिचफील्ड को बाहर की ओर स्विंग होती गेंद पर विकेटकीपर रिचा घोष के हाथों कैच कराया। अरुंधति ने इसके बाद ऑलराउंडर एलिस पैरी (04) को बोल्ड किया और फिर बेथ मूनी (10) को रिचा के हाथों कैच कराया जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर बिना विकेट के 58 रन से चार विकेट पर 78 रन हो गया। सदरलैंड और एशलेग ने इसके बाद पारी को संभाला। सदरलैंड ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने स्पिनरों को निशाने पर रखा और 40वें ओवर में दीप्ति शर्मा पर दो चौके और एक छक्का मारा। दीप्ति ने 34वें ओवर में एशलेग को मीनू मनि के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा।

## संक्षिप्त खबरें

### सोना 80 हजार के करीब पहुंचा, चांदी की घटी चमक

नई दिल्ली। घरेलू सरार्फा बाजार में सोने का भाव 80 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंचता नजर आ रहा है। सोना आज 800 रुपये से लेकर 870 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। भाव में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये से लेकर 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये से लेकर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत घट कर 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज भाव में तेजी आने से सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### बेंगलुरु बुल्स को 11 अंक से हराकर प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी हरियाणा स्टीलर्स

पुणे। हरियाणा स्टीलर्स ने बुधवार को बालेवाड़ी स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में पीकेएल 11 के मैच 105 में बेंगलुरू बुल्स के खिलाफ शानदार जीत के बाद प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। हरियाणा स्टीलर्स के लिए यह पूरी टीम का प्रयास था, जिसमें विनय और शिवम पटारे ने मिलकर 15 अंक हासिल किए, जबकि जयदीप और राहुल ने 4-4 टैकल अंक हासिल किए और मोहम्मदरेजा शादलोई ने 6 अंक हासिल करके शानदार प्रदर्शन किया। खेल की शुरूआत धीमी रही और दोनों टीमों के रेडर ने शुरूआती दौर में अपनी लय हासिल करने में समय लिया। डिफेंडर्स ने शानदार प्रदर्शन किया और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाने के लिए करो या मरो की रणनीति पर सफल रहे। संजय और राहुल ने डिफेंसिव एंड पर हरियाणा स्टीलर्स के लिए काम किया, जिससे उन्हें खेल के पहले क्वार्टर के बाद स्कोर 7-6 पर एक अंक की बढ़त मिली।

मोहम्मदरेजा शादलोई ने जतिन पर टैकल करके बोर्ड पर अपना पहला अंक हासिल किया और अपनी टीम की बढ़त को तीन अंकों तक बढ़ाया। परदीप नरवाल ने जल्द ही उनसे बेहतर प्रदर्शन किया और अपना पहला अंक हासिल करके बेंगलुरु बुल्स को स्ट्राइकिंग डिस्टेंस के भीतर रखा। हालांकि, विनय ने एक बेहतरीन सुपर रेड लगाई और तीन विपक्षी खिलाड़ियों को बाहर करके हरियाणा स्टीलर्स की बढ़त को बढ़ाया। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद, बेंगलुरु बुल्स ने अपनी लड़ाई की भावना दिखाई। जतिन ने अपनी टीम के लिए डू-ऑर-डाई रेड पर दो अंक हासिल किए, जबकि पीकेएल 11 में कुल 4000 रेड पॉइंट का मील का पत्थर भी पार किया। पहले हाफ में एक शांत प्रदर्शन के बाद, हरियाणा स्टीलर्स ने 15-11 के स्कोर के साथ चार अंकों की बढ़त हासिल की। दूसरे हाफ की शुरूआत में हरियाणा स्टीलर्स ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा, लगभग ऑल आउट होने के कगार पर, इससे पहले कि पार्टिक ने बेंगलुरु बुल्स के लिए सुपर रेड किया। हरियाणा स्टीलर्स ने आखिरकार अपने विरोधियों को ऑल आउट कर दिया, जिससे उनकी बढ़त नौ अंकों की हो गई और उन्होंने क्वालीफिकेशन स्थान पक्का करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। अजिंक्य पवार ने अपनी टीम के लिए सुपर रेड करने में असाधारण प्रदर्शन किया, लेकिन उस समय तक बेंगलुरु बुल्स के लिए वापसी करना बहुत देर हो चुकी थी। सुशील ने बेंगलुरु बुल्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया।



## जायसवाल के कमेंट ने स्टार्क को अपनी बेस्ट गेंदबाजी करने के लिए प्रेरित किया : पोंटिंग

दुबई। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के दौरान भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल की एक मजाकिया टिप्पणी ने मिशेल स्टार्क को दूसरे टेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित किया। पहले टेस्ट में, पर्थ में, जायसवाल ने दूसरी पारी में शानदार 161 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान उन्होंने मिशेल स्टार्क से मजाक में कहा कि तुम बहुत धीमा गेंद डाल रहे हो। इस टिप्पणी पर स्टार्क ने हल्की मुस्कान दी, लेकिन दूसरे टेस्ट में एडिलेड में पहले ही गेंद पर जायसवाल को शून्य पर आउट कर अपनी जीत की कहानी लिख दी। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू एपिसोड में इस घटना पर चर्चा करते हुए कहा कि जायसवाल की इस टिप्पणी ने स्टार्क को और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, मिशेल स्टार्क बहुत शांत स्वभाव के हैं। वह ज्यादा घबराते नहीं, और अगर कोई बल्लेबाज कुछ कह भी दे, तो वो अक्सर मुस्कान के साथ जवाब देते हैं।



अपनी पारी के दौरान उन्होंने मिशेल स्टार्क से मजाक में कहा कि तुम बहुत धीमा गेंद डाल रहे हो। इस टिप्पणी पर स्टार्क ने हल्की मुस्कान दी, लेकिन दूसरे टेस्ट में एडिलेड में पहले ही गेंद पर जायसवाल को शून्य पर आउट कर अपनी जीत की कहानी लिख दी।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई बाजार में भी तेजी का रुख

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एशियाई बाजारों में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। टेक शेयरों में आई तेजी के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल रहा। इस तेजी की वजह से नैस्डेक पहली बार 20 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। ये सूचकांक 345.52 अंक यानी 1.76 प्रतिशत उछल कर 20,032.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,084.19 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 124.74 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,022.82 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.26 प्रतिशत उछल कर 8,301.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,423.40 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,399.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,724.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.50 प्रतिशत टूट कर 7,427.29 अंक के स्तर तक गिर गया है। दूसरी ओर, स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,804.69 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,453.52 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 270.17 अंक यानी 1.34 प्रतिशत उछल कर 20,425.22 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 516.25 अंक यानी 1.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 39,888.48 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 237.63 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,141.26 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,448.53 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.64 प्रतिशत उछल कर 3,454.52 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।



## सिप्ला को भारत में इनहेलर इंसुलिन के डिस्ट्रीब्यूशन और मार्केटिंग की मिली मंजूरी



मुंबई। दवा निमार्ता कंपनी सिप्ला ने बुधवार को कहा कि भारतीय नियामक केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने उसे देश में विशेष रूप से इनहेल्ड इंसुलिन की वितरण और मार्केटिंग की मंजूरी दे दी है। अफ्रेजा नामक इंसुलिन मैनकाइंड कॉर्पोरेशन द्वारा बनाया और निर्मित किया जाता है, और इसका उपयोग डायबिटीज मेलिटस वाले वयस्कों में ग्लाइसेमिक नियंत्रण को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। कंपनी ने कहा, अफ्रेजा एक तेजी से काम करने वाला इंसुलिन है जिसे इनहेलर के माध्यम से दिया जाता है। वर्तमान में इंसुलिन इंजेक्शन के रूप में दिए जाते हैं। भोजन की शुरूआत में लिया जाने वाला अफ्रेजा फेफड़ों में तेजी से घुल जाता है और ब्लड में इंसुलिन को तेजी से पहुंचाता है। सिप्ला का लक्ष्य दवा को सभी के लिए सुलभ बनाना और लाखों लोगों को अधिक आसानी से अपने स्वास्थ्य को नियंत्रित करने में सक्षम बनाना है। कंपनी ने कहा कि अफ्रेजा 12 मिनट में काम करना शुरू कर देगा और भोजन के साथ शुगर के स्तर में देखी जाने वाली तेज वृद्धि को कम करने में मदद करेगा। अफ्रेजा का प्रभाव लगभग दो-तीन घंटे तक रहता है और यह इंसुलिन की तरह ही काफी मिलता-जुलता प्रभाव छोड़ता है। कंपनी ने कहा कि यह टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस दोनों के रोगियों के लिए विकसित किया गया पहला और एकमात्र गैर-इंजेक्टेबल इंसुलिन है। सिप्ला के प्रबंध निदेशक और वैश्विक सीईओ उमंग वोहरा ने कहा, प्रतिदिन कई बार इंसुलिन इंजेक्शन लगाने की आवश्यकता को कम करके, हम मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए एक सुविधाजनक समाधान प्रदान कर रहे हैं, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जिन्हें सुई लगाने में दिक्कत होती है। इससे उन्हें अपनी स्थिति को अधिक प्रभावी ढंग संभालने में मदद मिलेगी। तीन हजार से अधिक रोगियों को शामिल करते हुए 70 से अधिक क्लीनिकल शोध में अफ्रेजा का मूल्यांकन किया गया है। भारत में 216 रोगियों पर किए गए क्लीनिकल परीक्षण में इसके इस्तेमाल से एचबीए1सी के स्तर में उल्लेखनीय कमी देखी गई। कंपनी ने कहा कि फेफड़ों के माध्यम से सांस लेने के लिए इंसुलिन की उपलब्धता मधुमेह के रोगियों के लिए एक नया विकल्प प्रदान करेगी। अफ्रेजा अमेरिका में पिछले 10 साल से अधिक समय से उपलब्ध है।

## ओडिशा एफसी पर जीत से पूरी होगी ईस्ट बंगाल एफसी की हैट्रिक

कोलकाता। ईस्ट बंगाल एफसी और ओडिशा एफसी गुरुवार शाम विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (वीवाईबीके) में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में आमने-सामने होंगी, तो रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड का इरादा लगातार तीसरी क्लीन शीट हासिल करते हुए जीत की हैट्रिक लगाना होगा। दिलचस्प बात यह है कि रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड को इस सीजन में पिछली हार अक्टूबर में ओडिशा के हाथों 1-2 से मिली थी। ओडिशा एफसी 11 मैचों में चार जीत, 4 ड्रा और तीन हार से 16 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर हैं। ईस्ट बंगाल एफसी नौ मैचों में दो जीत, एक ड्रा और छह हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर है। उसने क्लीन शीट रखते हुए अपने पिछले लगातार दो मैच जीते हैं और वो इस लय को खोना नहीं चाहेंगी। ईस्ट बंगाल के पास आईएसएल में जीत की हैट्रिक लगाने का मौका होगा, जिसे हेड कोच ऑस्कर ब्रुजोन की रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड पाना चाहेगी। उन्होंने अपने पिछले दो घरेलू मैचों में क्लीन शीट हासिल करके रक्षात्मक अनुशासन दिखाया है। ओडिशा ने आईएसएल 2024-25 के दौरान हर 43 मिनट में गोल किया है, जो इस सभी टीमों में सबसे तेज है। अब तक उनके 23 गोल किसी भी सीजन में 11 मैचों के बाद सबसे ज्यादा हैं। ओडिशा ने छह अवे मैचों में लगातार गोल खाए थे, लेकिन उन्होंने अपने पिछले मैच में हैदराबाद एफसी को 6-0 को रौंदकर यह सिलसिला तोड़ा था।

## टेलीकॉम पीएलआई में 3,998 करोड़ रुपये का हुआ वास्तविक निवेश : केंद्र

नई दिल्ली।

संसद को दी गई जानकारी के अनुसार, टेलीकॉम और नेटवर्किंग प्रोडक्ट्स के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में एमएसएमई और गैर-एमएसएमई द्वारा 3,998 करोड़ रुपये का वास्तविक निवेश (प्रतिबद्ध निवेश 4,014 करोड़ रुपये) हुआ है।

संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि टेलीकॉम और नेटवर्किंग प्रोडक्ट्स के लिए पीएलआई योजना के तहत 31 अक्टूबर तक कुल 42 लाभार्थियों को मंजूरी दी गई है। टेलीकॉम प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और आयात निर्भरता को कम करने के लिए, दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 2021 में टेलीकॉम और नेटवर्किंग प्रोडक्ट्स के लिए पीएलआई को 12,195 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ अधिसूचित किया। जून, 2022 में योजना के दिशा-निर्देशों में संशोधन किया गया, जिसमें देश में डिजाइन, विकसित और निर्मित उत्पादों के लिए 1 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन की पेशकश की गई। इससे पहले, सरकार ने बताया कि टेलीकॉम और नेटवर्किंग प्रोडक्ट्स के लिए पीएलआई योजना के तहत निर्यात 30 सितंबर तक 12,384 करोड़ रुपये पहुंच गया।

केंद्रीय मंत्री के अनुसार, सितंबर तक आवेदक कंपनियों ने कुल 65,320 करोड़ रुपये की बिक्री की थी। योजना की मुख्य विशेषताओं में 33 टेलीकॉम और नेटवर्किंग प्रोडक्ट्स, 4 से 7 प्रतिशत तक के प्रोत्साहन, पहले 3 वर्षों के लिए एमएसएमई के लिए अतिरिक्त 1 प्रतिशत प्रोत्साहन और भारत में डिजाइन उत्पादों के लिए अतिरिक्त 1 प्रतिशत प्रोत्साहन शामिल हैं।

इस बीच, बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए पीएलआई योजना 2020 में अधिसूचित की गई थी। स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देकर, पीएलआई योजना ने आयातित टेलीकॉम सामानों पर देश की निर्भरता को काफी हद तक कम कर दिया है।

## योनेक्स-सनराइज बांग्लादेश जूनियर, सीनियर अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन आज से

ढाका। योनेक्स-सनराइज बांग्लादेश जूनियर और सीनियर अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूनार्मेंट 2024 शुक्रवार से ढाका के शहीद ताजुद्दीन अहमद इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा। जूनियर सीरीज 13 से 16 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी, जबकि सीनियर सीरीज का आयोजन 17 से 21 दिसंबर तक किया जाएगा। बांग्लादेश बैडमिंटन महासंघ (बीबीएफ) द्वारा आयोजित किए जा रहे टूनार्मेंट में 19 देशों के प्रमुख शटलर भाग लेंगे। बीबीएफ की कार्यवाहक अध्यक्ष क्वामरुन्नाहर दाना ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस आयोजन की विस्तृत जानकारी साझा की। भारत, इंडोनेशिया और मेजबान देश बांग्लादेश के कुल 114 खिलाड़ी जूनियर टूनार्मेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस बीच, सीनियर टूनार्मेंट में भारत, थाईलैंड, म्यांमार, कनाडा, इंडोनेशिया, श्रीलंका, जापान, मालदीव, इंग्लैंड, यूक्रेन, इटली, फिनलैंड, बुल्गारिया, युगांडा, मलेशिया, वियतनाम, फिलीपींस और सिंगापुर सहित 19 देशों के 228 प्रतिभागी भाग लेंगे।

**सोलर पावर** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने नवंबर 2023 से नवंबर 2024 तक भारत के रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में शानदार प्रगति की जानकारी दी

## भारत की रिन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी में 14.2 प्रतिशत की शानदार वृद्धि, बढ़कर हुई 213.7 गीगावाट

नई दिल्ली।



सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, नवंबर में भारत की कुल गैर-जीवाश्म ईंधन इंस्टॉल्ड कैपेसिटी 213.70 गीगावाट तक पहुंच गई, जो पिछले साल इसी महीने के 187.05 गीगावाट से 14.2 प्रतिशत की शानदार वृद्धि को दर्शाती है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने नवंबर 2023 से नवंबर 2024 तक भारत के रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में शानदार प्रगति की जानकारी दी, जो पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप अपने क्लीन एनर्जी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस बीच, कुल गैर-जीवाश्म ईंधन कैपेसिटी, जिसमें इंस्टॉल्ड और पाइपलाइन दोनों परियोजनाएं शामिल हैं, बढ़कर 472.90 गीगावाट हो गई, जो पिछले वर्ष के 368.15 गीगावाट से 28.5 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, नवंबर 2024 तक कुल 14.94 गीगावाट नई रिन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी जोड़ी गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 में इसी अवधि के दौरान जोड़ी गई 7.54 गीगावाट क्षमता से लगभग दोगुनी है। अकेले नवंबर 2024 में, 2.3 गीगावाट नई कैपेसिटी जोड़ी गई, जो नवंबर 2023 में जोड़ी गई 566.06 मेगावाट कैपेसिटी से चार गुना अधिक है। भारत के रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में सभी प्रमुख कैटेगरी में शानदार वृद्धि देखी गई है। सोलर पावर ने बाजी मारी है। जिसकी इंस्टॉल्ड कैपेसिटी 2023 में 72.31 गीगावाट से बढ़कर 2024 में 94.17 गीगावाट हो गई है, जो 30.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि है। पाइपलाइन परियोजनाओं सहित, कुल सोलर कैपेसिटी में 52.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2024 में 261.15 गीगावाट तक पहुंच गई, जबकि 2023 में यह 171.10 गीगावाट थी। विंड पावर की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी 2023 में 44.56 गीगावाट से बढ़कर 2024 में 47.96 गीगावाट हो गई, जो 7.6 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। मंत्रालय के अनुसार, पाइपलाइन परियोजनाओं सहित कुल विंड कैपेसिटी में 17.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2023 में 63.41 गीगावाट से बढ़कर 2024 में 74.44 गीगावाट हो गई। बायोएनर्जी और हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजनाओं ने भी रिन्यूएबल एनर्जी मिश्रण में लगातार योगदान

### भारत को 7000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए अवसंरचना पर 2200 अरब डॉलर निवेश करना होगा : रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत को 2030 तक 7,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर 2,200 अरब डॉलर का निवेश करने की आवश्यकता होगी। रियल एस्टेट परामर्शदाता नाइट फ्रैंक इंडिया ने बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट भारत अवसंरचनाः निजी निवेश को पुनर्जीवित करना पेश की। इसमें कहा गया है भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 2030 तक 7000 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर 2200 अरब अमेरिकी डॉलर का अनुमानित निवेश आवश्यक होगा। रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक 7000 अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक आकार हासिल करने के लिए भारत की अर्थव्यवस्था को 2024-2030 के बीच 10.1 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने की आवश्यकता है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) शिशिर बैजल ने कहा, ह्यह्य बुनियादी ढांचे के विकास पर मजबूत प्रोत्साहन और सरकार द्वारा बजटीय आवंटन में वृद्धि से लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक (एलपीआई) में भारत की रैंकिंग 2014 में 54 से बढ़कर 2023 में 38 हो गई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में नीति निमार्ताओं द्वारा भारत के बुनियादी ढांचे के महत्वपूर्ण विस्तार के लिए व्यापक प्रयास किए गए हैं। बैजल ने कहा कि इससे भारत के बुनियादी ढांचे के विकास तथा आर्थिक वृद्धि में निजी कंपनियों के सक्रिय रूप से हिस्सा लेने की गुंजाइश बढ़ेगी।

# अमेरिका के टेक्सास में सड़क पर उतरा छोटा विमान, चार लोग घायल

प्रातः किरण/ एजेंसी

ऑस्टिन। अमेरिका के टेक्सास में दो इंजन वाला एक छोटा विमान रनवे की जगह सड़क पर उतर गया। सड़क पर लैंड करते ही विमान के दो टुकड़े हो गए। हादसे में 4 लोग घायल हो गए हैं। घटना बुधवार की है। विमान ने सड़क पर चल रहे तीन कारों को टक्कर भी मारी। हादसे के बाद सड़क पर विमान का मलबा बिखड़ गया। हादसे का शिकार हुआ छोटा विमान दो प्रोपेलर इंजन से लैस था। यह बुधवार दोपहर करीब 3 बजे दक्षिण टेक्सास के विक्टोरिया शहर में स्टेट हाईवे लूप 463 पर क्रैश हुआ। चार लोग घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से तीन की जान खतरे से बाहर है। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। विक्टोरिया पुलिस विभाग की उप पुलिस प्रमुख एलाइन मोया ने कहा, हमें खुशी है कि स्थिति इससे ज्यादा खराब नहीं हुई।



यह ऐसी चीज नहीं है जो हम हर दिन देखते हैं। हमें खुशी है कि लोग ठीक हैं। उनका इलाज चल रहा है। विमान हादसे को सड़क पर मौजूद पर्यवेक्षकों ने कैमरे ने कैद कर लिया है। इसमें विमान को सड़क पर उतरते और फिर दो टुकड़े होने के बाद की स्थिति को देखा जा सकता है। वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है। इसमें दिख रहा है कि विमान बेहद कम ऊंचाई पर उड़ते हुए सड़क पर उतरता है। अगले ही पल वह दो टुकड़े हो जाता है और सड़क पर मलबा बिखर जाता है। हादसे का शिकार हुआ विमान दो इंजन वाला द्रस्त्री9 ढअ-31 था। विक्टोरिया पुलिस विभाग और संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। फ्लाइटअवेयर की रिपोर्ट के अनुसार विमान ने सुबह 9:52 बजे विक्टोरिया क्षेत्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। यह दुर्घटना से पहले करीब पांच घंटे तक हवा में रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रंप को टाइम मैगजीन ने पर्सन ऑफ द ईयर चुना

न्यूयॉर्क। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क के एक सफल बिजनेसमेन की अपनी इमेज को एक सेलिब्रिटी, एक रियलिटी टेलीविजन स्टार और राष्ट्रपति के रूप में तब्दील किया। ट्रंप को टाइम मैगजीन ने पर्सन ऑफ द ईयर भी चुना है।ट्रंप की योजनाओं के बारे में जानकारी रखने वाले चार लोगों के मुताबिक, दिन के ट्रेडिंग की औपचारिक शुरूआत के लिए ट्रंप के वॉल स्ट्रीट में होने की उम्मीद है। टाइम के 2024 पर्सन ऑफ द ईयर के रूप में भी घोषित किया जाएगा। जिन लोगों ने स्टॉक एक्सचेंज में ट्रंप की मौजूदगी और टाइम पुरस्कार की पुष्टि की है। साल 2016 में जब ट्रंप पहली बार व्हाइट हाउस के लिए चुने गए थे, तब उन्हें पत्रिका ने पर्सन ऑफ द ईयर चुना था। उन्हें इस साल के फाइनलिस्ट के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, एक्स के मालिक एलन मस्क, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और वेल्स की राजकुमारी केट के साथ इस साल के पुरस्कार के लिए लिस्ट किया गया था।

### सीरिया के हालात पर बातचीत के लिए एंटनी ब्लिंकन अंकारा का करेंगे दौरा : तुर्की विदेश मंत्रालय

इस्तांबुल, एजेंसी। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन शुक्रवार को तुर्की का दौरा करेंगे। जहां वे राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से बेदखल होने के बाद सीरिया में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल पर उच्च स्तरीय वार्ता करेंगे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मंत्रालय के एक बयान के हवाले से बताया कि एंटनी ब्लिंकन के अंकारा में तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान से मुलाकात करने की उम्मीद है। दोनों के बीच सीरिया में बदलाव, इजरायल, गाजा और लेबनान के घटनाक्रम सहित व्यापक क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की संभावना है। एंटनी ब्लिंकन की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब सीरिया एक अहम मोड़ पर खड़ा है, जहां अल-असद के रूस चले जाने और शरण लेने के बाद एक नई अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाली है। तुर्की ने लंबे समय से सीरिया में कुर्द समूहों की भूमिका को लेकर चिंता जताई है। अंकारा अमेरिका समर्थित सीरियाई कुर्द पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स को गैरकानूनी कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी का विस्तार मानता है, जिसके खिलाफ वह दशकों से संघर्ष कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि एंटनी ब्लिंकन क्षेत्रीय दौरे के दौरान जॉर्डन में भी रुकेंगे, जहां वह सीरिया के भविष्य पर आम सहमति बनाने और मध्य पूर्व में अन्य मुद्दों को संबोधित करने के लिए अकाबा में अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

### राजनीतिक प्रक्रिया बाहरी हस्तक्षेप के बिना होनी चाहिए: सीरियाई राजनेता

दमिश्क। सीरियाई विपक्ष के मास्को प्लेटफॉर्म के प्रमुख कादरी जमील ने कहा है कि राष्ट्रपति बशर अल असद के पद छोड़ने के बाद यहां अंतर-सीरियाई वार्ता और राजनीतिक प्रक्रिया बाहरी हस्तक्षेप के बिना होनी चाहिए। स्पूतनिक ने श्री जमील के हवाले से गुरुवार को कहा, अब दमिश्क में होने वाली उनकी राजनीतिक प्रक्रियाओं के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ सामने आनी चाहिए। हम इस बात पर जोर देते हैं कि पूरी सीरियाई प्रक्रिया किसी भी बाहरी पक्ष के हस्तक्षेप के बिना हो।ह्व उन्होंने कहा, राजनीतिक प्रक्रिया से उनका मतलब चुनाव आयोजित करना और देश के संविधान में संशोधन करना भी है। श्री जमील ने कहा कि आज सीरिया में संघर्ष को रोकने और शांति स्थापित करने वाले अस्ताना प्रारूप देशों रूस, ईरान और तुर्की को सभी सीरियाई विपक्षी समूहों के बीच बातचीत कराने की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि अपने लक्ष्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संकल्प 2254 के कार्यान्वयन को प्राप्त कर सके।

### काबुल में आत्मघाती हमला, मंत्री हक्कानी सहित 12 लोगों की मौत

काबुल। काबुल में बीते रोज बड़ा आत्मघाती हमला हुआ, इसमें तालिबान सरकार के रिफ्यूजी मिनिस्टर खलील उर-रहमान हक्कानी सहित 12 लोगों की मौत हो गई। हमला मंत्रालय के अंदर हुआ। तीन साल पहले काबुल की सत्ता पर कब्जा करने वाले तालिबान के लिए यह गहरी चोट है। क्योंकि पहली बार सरकार के किसी बड़े नेता को निशाना बनाया गया है। सबसे खास बात, खलील हक्कानी तालिबान सरकार के गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के चाचा थे। सिराजुद्दीन को तालिबान की रीढ़ बताया जाता है। इस हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी संगठन ने नहीं ली है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पर पोस्ट किया, हक्कानी की मौत बहुत बड़ी क्षति है। वे एक योद्धा थे, जिन्होंने अपना जीवन इस्लाम की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया।

# सीरिया : असद के रासायनिक हथियारों को लेकर दुनिया परेशान, क्या होगा अब इनका?

**सीरियाई विद्रोही नेता अबू मोहम्मद अल-जुलानी का कहना है कि ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस), उन संभावित साइट्स को सुरक्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ काम कर रहा है, जहां रासायनिक हथियार हो सकते हैं। एटीएस ने पहले ही कहा था कि वह किसी भी परिस्थिति में रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेगा। बता दें रविवार को सीरिया की राजधानी पर कब्जा कर लिया और राष्ट्रपति बशर अल-असद को देश छोड़ कर भागना पड़ा जिन्होंन करीब 24 साल तक अरब देश पर शासन किया था।**

प्रातः किरण/ एजेंसी

दमिश्क। विद्रोही गुटों के सीरिया पर कब्जे के बाद से देश में मौजूद रासायनिक हथियारों को लेकर चिंताएं जाहिर की जाने लगी है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि कहीं ये गलत हाथों में न पड़ जाए। सीरियाई विद्रोही नेता अबू मोहम्मद अल-जुलानी का कहना है कि ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस), उन संभावित साइट्स को सुरक्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ काम कर रहा है, जहां रासायनिक हथियार हो सकते हैं। एटीएस ने पहले ही कहा था कि वह किसी भी परिस्थिति में रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेगा।

बता दें रविवार को सीरिया की राजधानी पर कब्जा कर लिया और राष्ट्रपति बशर अल-असद को देश छोड़ कर भागना पड़ा जिन्होंन करीब 24 साल तक अरब देश पर शासन किया था।

इस बीच पेंटागन ने कहा कि अमेरिका संभावित रासायनिक हथियार स्थलों को सुरक्षित करने के बारे में उनकी टिप्पणियों का स्वागत करता है, लेकिन साथ ही इसने आगाह भी किया कि बयान के साथ-साथ कथनी भी जरूरी है। आखिर सीरिया में रासायनिक हथियारों का इतिहास क्या है और यह कितना खतरनाक साबित हो सकते हैं। सीरिया में रासायनिक हथियारों का उत्पादन 1980 के दशक के मध्य में शुरू हुआ। एक दौर ऐसा भी आया जब यह माना जाता था कि सीरिया के पास संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रासायनिक



हथियारों का भंडार है। सीरिया के 13 साल से अधिक समय तक चले गृह युद्ध के दौरान बशर अल-असद पर बार-बार रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल करने का आरोप लगता रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 2012 में, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने चेतावनी दी थी कि इन हथियारों निरंतर उपयोग एक लाल रेखा को पार कर जाएगा जो अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को उचित ठहराएगा। सितंबर 2013 से पहले सीरिया ने सार्वजनिक रूप से रासायनिक हथियार रखने की बात स्वीकार नहीं की थी।

अमेरिकी धमकी के बाद अल-असद अपने देश के रासायनिक हथियार कार्यक्रम को समाप्त करने के लिए रूसी-अमेरिकी समझौते पर सहमत हो गए और रासायनिक हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय संधि में शामिल होने के लिए सहमत हो गए। अंतरराष्ट्रीय रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडब्ल्यू), को 2013 में सीरिया के रासायनिक हथियारों के भंडार को नष्ट करने का काम सौंपा गया था, एक ऐसा काम जिसने संगठन को उस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार जीतने में मदद की।

अगले नौ महीनों में, ओपीसीडब्ल्यू ने लगभग 1,100 मीट्रिक टन सरीन, वीएक्स और मस्टर्ड गैस एजेंटों और उनके वितरण तंत्र को नष्ट कर दिया, और जून 2014 में प्रमाणित किया कि सीरिया के सभी घोषित हथियार हटा दिए गए हैं।

सीरिया के रासायनिक हथियारों के विनाश को लेकर ओपीसीडब्ल्यू ने उस वक्त कहा था कि ये वे हथियार थे जिन्हें मूल रूप से सीरिया ने अपने शस्त्रागार के हिस्से के रूप में ह्यघोषित किया था। लेकिन ऐसा संदेह जताया जाता रहा कि सीरिया की सूची पूरी नहीं थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उस समय भी अमेरिका और ओपीसीडब्ल्यू अधिकारियों को शक था कि अल-असद ने अपने कुछ रासायनिक हथियारों को छुपा लिया है। तीन साल बाद 2017 में खान शेखौन में सीरियाई बलों के हमले 80 लोगों की मौत हुई थी। ऐसा व्यापक रूप से माना जाता है कि सरकारी बलों ने हमले में रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल किया था। 7 अप्रैल, 2018 को दमिश्क के पास एक हमले में लगभग 50 और लोग मारे गए। इस बार भी अटैक को रासायनिक हमला माना गया। पिछले हफ़्ते तक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियां सीरिया में संदिग्ध रासायनिक हथियारों के भंडारण स्थलों पर कड़ी निगरानी रख रही थीं। उन्हें डर था कि सरकारी बल कहीं विद्रोहियों को राजधानी पर कब्जा करने से रोकने के लिए बचे हुए रासायनिक हथियार न इस्तेमाल कर लें। अब जबकि असद सरकार गिर गई है, इस बात की चिंता है कि हथियार चोरी हो सकते हैं या उनका इस्तेमाल किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ जानकार ऐसा मानते हैं कि सीरिया के पास रासायनिक हथियार ज्यादा नहीं है और विद्रोही गुटों के लिए इनका इस्तेमाल करना आसान भी नहीं होगा। जानकारों का कहना है कि रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल करना इतना आसना नहीं होता, जब तक कोई ग्रुप इसके बारे में पूरी जानकारी हासिल नहीं कर ले वो इसके इस्तेमाल से बचेगा ही।

## ब्रिटेन में सड़क दुर्घटना में भारतीय छात्र की मौत, चार लोग घायल

प्रातः किरण/ एजेंसी

लंदन। पूर्वी इंग्लैंड के लीसेस्टरशायर में सड़क दुर्घटना में एक भारतीय छात्र की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी है। लीसेस्टरशायर की पुलिस ने बताया कि हादसा मंगलवार सुबह हुआ जिसमें एक कार के खाई में गिर जाने से उसमें सवार चिरंजीवी पंगुलुरी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक महिला, दो पुरुष और चालक घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि वाहन चालक (27) को खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था लेकिन उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया




है। पुलिस द्वारा जारी बयान में कहा गया, चिरंजीवी पंगुलुरी (32), माजदा-3 तमुरा में सवार होकर लीसेस्टर से मार्केट हार्बरो की ओर जा रहे थे तभी यह वाहन एक खाई में जा गिरा। बयान में कहा गया है, पंगुलुरी की मौके पर ही मौत हो गई तथा वाहन में सवार तीन अन्य यात्री और चालक को अस्पताल ले जाया गया। दो पुरुष यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग आंध्र प्रदेश से हैं।

## नेपाल ने विवादित चीनी धर्मगुरू पंचेन लामा की यात्रा की अनुमति रद्द की

प्रातः किरण/ एजेंसी

काठमांडू। चीन की तरफ से दलाई लामा के उत्तराधिकारी के रूप में घोषित पंचेन लामा की शुक्रवार को होने वाली नेपाल यात्रा की अनुमति रद्द कर दी गई है। चीन समर्थित पंचेन लामा के नेपाल आने की जानकारी लीक होने के बाद काठमांडू के कई राजनयिक ने इसका विरोध किया था। बीजिंग, पंचेन लामा को दलाई लामा का उत्तराधिकारी घोषित करना चाहता है लेकिन अमेरिका, यूरोप सहित अन्य पश्चिमी देशों के साथ-साथ निर्वासन में रहे तिब्बती शरणार्थी चीन की कोशिशों का कड़ा विरोध कर रहे हैं। लुंबिनी में आयोजित बुद्धिज्म कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए शुक्रवार को पंचेन लामा के चार्टर्ड विमान से चीन के छंगदू होते हुए काठमांडू आने की योजना थी। बताया जा रहा था कि छंगदू से सीधे भैरहवा अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर आने के लिए चीनी दूतावास द्वारा नेपाल के विदेश मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में अर्जी दी गयी थी।

पंचेन लामा के नेपाल आने को लेकर दबाव के बीच सरकार ने उनकी यात्रा की अनुमति को रद्द करने का निर्णय लिया है। बुधवार को पंचेन लामा के नेपाल आने की खबर विभिन्न मीडिया में आने के बाद से ही नेपाल के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय पर यह दबाव बनाया जा रहा था कि लामा के नेपाल भ्रमण से कई देशों के साथ संबंध पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। विदेश मंत्रालय के सचिव अमृत राई ने बताया कि पंचेन लामा के नेपाल भ्रमण को लेकर उनके पास कोई जानकारी नहीं थी इसलिए उन्होंने पत्र लिख कर इस मामले में गृह मंत्रालय और



पर्यटन तथा संस्कृति मंत्रालय से जवाब तलब किया है। हालांकि गृह मंत्री रमेश लेखक ने इस बारे में अनभिज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा कि वो पिछले कई दिनों से काठमांडू से बाहर हैं और उनकी जानकारी में पंचेन लामा के नेपाल भ्रमण की अनुमति देने को लेकर कोई जानकारी नहीं है। लेकिन जानकारों का कहना है कि बिना गृह मंत्रालय के अनुमति के उनकी यात्रा का तय होना असंभव है। इमिग्रेशन विभाग ही उनकी यात्रा की अनुमति देता है जो कि गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

इस कार्यक्रम के आयोजक लुंबिनी विकास कोष के उपाध्यक्ष ल्हारक्यार लामा ने इसके लिए सीधे प्रधानमंत्री को जिम्मेदार ठहराया है। उनका दावा है कि प्रधानमंत्री की अनुमति के बाद ही यह कार्यक्रम तय किया गया और विवादित चीनी धर्मगुरू के कार्यक्रम में शिरकत करने की जानकारी भी पीएम की तरफ से ही उन्हें दी गई थी। उन्होंने आज पत्रकारों को बुलाकर कहा कि शायद अब पंचेन लामा की यात्रा न हो पाए क्योंकि उनकी यात्रा के लिए गृह मंत्रालय की तरफ से जो अनुमति दी गई थी उसे रद्द कर दिया गया है। लुंबिनी विकास कोष के अध्यक्ष और पर्यटन मंत्री बद्री पांडे इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए लुंबिनी में ही मौजूद हैं। पंचेन लामा के आगमन को देखते हुए लुंबिनी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई।

## ट्रम्प ने काश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने का किया ऐलान

प्रातः किरण/ एजेंसी

वॉशिंगटन। एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा है कि वे बाइडन का कार्यकाल खत्म होने के बाद जनवरी में अपना पद छोड़ देंगे। क्रिस्टोफर रे की यह घोषणा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उस घोषणा के एक सप्ताह के बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने काश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने का एलान किया था।

बुधवार को एफबीआई मुख्यालय में आयोजित बैठक में क्रिस्टोफर ने पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि ह्यपद छोड़ने का निर्णय उनके लिए आसान नहीं था। मुझे इस जगह से प्यार है और मुझे अपने काम से भी प्यार है लेकिन मेरा फोकस हमेशा इस बात पर रहा है कि एफबीआई के लिए क्या सही है।

रे के इस्तीफे की घोषणा के तुरंत बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट साझा करते हुए इसे अमेरिका के लिए एक अच्छा दिन बताया और कहा कि इससे अमेरिका के अन्याय विभाग का शस्त्रीकरण बंद होगा। उन्होंने कहा कि अब हम



सभी अमेरिकियों के लिए कानून का शासन बहाल करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि रे के नेतृत्व में एफबीआई ने बिना किसी कारण के मेरे घर पर अवैध रूप से छापा मारा और मुझ पर अवैध रूप से महाभियोग चलाने व मुझे दोषी ठहराने का काम किया। उल्लेखनीय है कि एफबीआई निदेशक के रूप में क्रिस्टोफर रे के दस साल के कार्यकाल में तीन साल का समय अभी और बचा है। ट्रम्प ने जब काश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने की घोषणा की थी, उसी समय से इस बात की संभावना थी कि क्रिस्टोफर समय से पहले इस्तीफा दे सकते हैं।हालांकि माना जा रहा था कि ट्रम्प के शपथ लेने के बाद वे अपने पद से इस्तीफा देंगे।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने मार्शल लॉ के अपने आदेश का बचाव करते हुए कहा- अंत तक लड़ूंगा

**यून ने गुरुवार को टेलीविजन संबोधन में कहा कि उनका प्रयास लोकतंत्र का पतन रोकने और विपक्ष की संसदीय तानाशाही का मुकाबला करने के लिए एक कानूनी फैसला था। उन्होंने पद नहीं छोड़ने का संकेत देते हुए कहा कि वे अंत तक लड़ेंगे, चाहे उनके खिलाफ जांच हो या महाभियोग लाया जाए।**

प्रातः किरण/ एजेंसी

सियोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल ने मार्शल लॉ के अपने आदेश का बचाव करते हुए कहा कि वे अंत तक लड़ेंगे। यून ने गुरुवार को टेलीविजन संबोधन में कहा कि उनका प्रयास लोकतंत्र का पतन रोकने और विपक्ष की संसदीय तानाशाही का मुकाबला करने के लिए एक कानूनी फैसला था।

उन्होंने पद नहीं छोड़ने का संकेत देते हुए कहा कि वे अंत तक लड़ेंगे, चाहे उनके खिलाफ जांच हो या महाभियोग लाया जाए। उन्होंने कहा कि उनका मार्शल लॉ लागू करने का फैसला लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा के लिए था। योल का दावा है कि व्यवस्था को पंगु और संविधान को खतरे में डाल दिया गया। इसी वजह से मार्शल लॉ जैसा कदम



उठाना पड़ा। उनका आदेश शासन का एक ऐसा कार्य था, जिसकी जांच नहीं की जा सकती और यह विद्रोह के बराबर नहीं है।

योल का बयान विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नए महाभियोग प्रस्ताव पेश किए जाने के कुछ घंटे पहले आया है। विपक्षी पार्टी नए महाभियोग प्रस्ताव को शनिवार को सदन में मतदान के लिए रखने की योजना बना रही है। इससे पहले योल के खिलाफ महाभियोग लगाने का पहला प्रयास पिछले शनिवार को विफल हो गया था क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों ने नेशनल असेंबली में मतदान का बहिष्कार किया।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह मंगलवार और बुधवार के मध्य यून सुक-योल ने देश में मार्शल लॉ लागू कर दिया था। हालांकि, मार्शल लॉ सिर्फ छह घंटों तक ही लागू रहा, क्योंकि नेशनल असेंबली (संसद) में मतदान कराया गया और राष्ट्रपति के आदेश को पलट दिया गया। इस घटनाक्रम के बाद विपक्षी दलों के साथ-साथ योल आम जनता का कड़ा विरोध झेल रहे हैं। उनके खिलाफ जांच चल रही है। पुलिस ने बुधवार को राष्ट्रपति कार्यालय और पुलिस मुख्यालय में भी इसी सिलसिले में रेड मारी थी।

**खुलासा** बैठक में सैन्य मुद्दों पर तो चर्चा की लेकिन ये बड़ा मुद्दा सोशल मीडिया और उसकी खबरों को लेकर भी था।

# सोशल मीडिया की ताकत से डरे सेना प्रमुख, शहबाज सरकार से लगाई गुहार

**पाकिस्तानी मीडिया को आईएसपीआर की तरफ भेजी गई जानकारी में इस बात का खुलासा हुआ। खास बात यह है उसे भी पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने झूठा और सेना के खिलाफ प्रोपोगेंडा बताया। जो कि उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर फैलाया जा रहा है। फेक न्यूज को लेकर जो उदाहरण दिया गया वह दिलचस्प था।**

नई दिल्ली, एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में जनता की सोशल मीडिया की ताकत का खौफ सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को सताने लगा है और ये खौफ पिछले हफ़्ते हुए सेना के फॉरमेशन कमॉडरों की बैठक में नजर आया। इस बैठक में सैन्य मुद्दों पर तो चर्चा की लेकिन ये बड़ा मुद्दा सोशल मीडिया और उसकी खबरों को लेकर भी था। पाकिस्तानी मीडिया को आईएसपीआर की तरफ भेजी गई जानकारी में इस बात का खुलासा हुआ। खास बात यह है उसे भी पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने झूठा और सेना के खिलाफ प्रोपोगेंडा बताया। जो कि उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर फैलाया जा रहा है।

फेक न्यूज को लेकर जो उदाहरण दिया गया वह दिलचस्प था। खबर यह थी कि इस्लामाबाद में एससीओ सम्मेलन के लिए विदेशी प्रतिनिधिमंडलों की यात्रा के दौरान जब सुरक्षा के लिए सेना को बुलाया गया था, जिन्हें प्रमुख सरकारी इमारतों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पर तैनात किया गया था। उसे लेकर जो सोशल मीडिया में प्रचार हुआ सेना प्रमुख जनरल मुनीर को पसंद नहीं आया। ना सिर्फ उन्होंने चिंता जताई यहां तक की उसे फेक न्यूज बताया दिया, जबकि इस्लामाबाद के डीएम ने बाकायदा सेना को लेटर लिखकर सेना तैनाती की मांग की थी। उसको वह फेक न्यूज बताने में जुटे हैं। सेना प्रमुख जनरल मुनीर ने तो



शहबाज सरकार से फेक न्यूज को रोकने, और अभिव्यक्ति की आजादी के दुरुपयोग को रोकने के लिए कड़े कानून और नियम लागू करने की अपील की है और उन लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है जो कि अपने फायदे के लिए फेक न्यूज फैलाते हैं। इससे यह साफ दिखाई दे रहा है कि सेना प्रमुख जनरल मुनीर सोशल मीडिया से कितना डरने लगे हैं। पाकिस्तान की सेना अगर ताकतवर है तो आवाम के मन में सेना की इज्जत की वजह से। बाकी तो सेना ने ऐसा कोई काम आवाम के लिए नहीं किया। चुनावों में वोट भले ही आम जनता देती हो लेकिन कौन जीतेगा और पीएम की कुर्सी पर कौन बैठेगा वह सेना ही तय करती है। जनता के मन में सेना के लिए गुस्सा भरने लगा है।

मजेदार बात तो यह है कि जिस आवाम की ये बात पाकिस्तानी सेना प्रमुख कर रहे है। वह इसी आवाम के फोन को कभी भी इंटरसेप्ट करने के लिए पाकिस्तान टेलीकम्युनिकेशन एक्ट में बदलाव करा चुकी है। फेक न्यूज करार देना और फिर उसके खिलाफ एक्शन लेने का दबाव भी शहबाज सरकार पर बनाना ये साफ दिखता है कि पाकिस्तानी सेना परेशान है, लेकिन किसी को हैरानी नहीं होगी की आने वाले दिनों में फेक न्यूज के नाम पर नया कोई कानून शहबाज सरकार आवाम पर थोप सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129